अरिल[1] : मद्धि लोक चौड़ो इक[2] राजू सांच है,
ब्रह्म स्वर्ग बह चौड़ो राजू पांच है ॥
मिलै होत छह तामै आवे लीजिऐ[3],
तिनको लंबे सात गुनें[4] जब कीजिऐ[5] ॥२४॥
तबै होत इकईस सवै सुनि मित जू,
ब्रह्म स्वर्ग लौं ऊंचो गनौं[1] नचित जू ।
राजू साढे तीन ताहि इकईस तें,
गुनि लीजे जैसे विधि मुनी मुनीस तें ॥२५॥
होत जु सत्तरि ऊपरि साढे तीन हैं,
ग्रैसे ही वृ ंम्होतर तें गिनि लीन हैं ।
जो वधिघटि[1] कहि आयो[2] सो घटिवधि[3] गिनौं,
राजू होय तिहैत्रि[4] साढे सो भनौं ॥२६॥
दोऊ लेहु मिलाय करो[1] इकठे सवै,
होय ऐक[2]सोसैतालीस रजू जवै ।
तिन्हैं ऐकसौछिनवैं मांझि मिलाइऐ,
रजू तीनसैतेतालीस वताइऐ ॥२७॥
तामैं जीव अनंत भरे यम मांनिऐं,
ज्यौं घट भरचो घिरतसौं त्यौंही जानिऐं ।
जांन-पनौं लषिवो है केवल ग्यांन मैं,
श्री जिन भाषी सो कीजे सरधां नमैं ॥२८॥
ताही कै मधि त्रसनाड़ी[1] जु कहात है,
ऊंचो चौदह राजू सवै विभात[2] है ।
लंवी चौड़ी इक इक[3] राजू ही कही,
त्रस जीवनि की याही मैं उतपति सही ॥२९॥

---

२४ : १ अरिल छंद । २ यक । ३ लीजिए । ४ गुने । ५ कीजिए ।
२५ : १ गिनो ।
२६ : १ घटिबधि । २ आयौ । ३ Same as १ । ४ तिहत्तरि ।
२७ : १ करौ । २ एक ।
२९ : १ नाडी । २ विष्यात । ३ यक एक ।

या बिन लोकाकास मद्धि जे[1] ठौर है,
तहां इकेंद्री ही उपजत नहि और है।
लोकाकास तणी विधि ऐसे जांनिऐ,
ग्रंथनि के अनुसारि कही सो मांनिऐं ॥३०॥

चौपई : परि यह लोक जु पुरषाकार, वात-वलय के है आधार।
तिन के नांम आदि सुनि अबै, तीन वलय तें वेढ्यौ सबै ॥३१॥
प्रथम घनोदधि पवन कहात, गऊ-मूत्र सम वरन लषात।
मोटो जोजन वीस हजार, सब पिरथीतलि वलयाकार ॥३२॥
दुतिय वलय घन ताकौ नांम, मूग वरन सोहै अभिरांम।
और घनोदधि-सम ले जांनि, त्रितिय वलय तन नांम वषांनि ॥३३॥
पंच वरन[1] है ताकौ रंग, और सकल जांनौ वह ढग।
पिंड़[2] भयो[3] सब साठि हजार, वड़ा जोजनां मोटौ सार ॥३४॥
ऊपरि सिद्धषेत्र है जहां, इतो मुटाई[1] जांनौ तहां।
वात घनोंदधि फुनि घनवात, चवद्दै सहस धनुष रे भ्रात ॥३५॥
त्रितिय वात तन धनुष प्रमांन, पंद्रहसैपिच्चेहतरि[1] जांन।
तिनमैं[2] सिद्धन के सिर लगे, इम भाषी गनधर गुन पगे ॥३६॥
अब सुणि मद्धिलोक-विस्तार[1], दीप समुद्र असंषि मुझार[2]।
तिन मधि जंबूदीप प्रधांन, ज्यौं सरीर मधि[3] नाभि प्रमांन ॥३७॥
गोल जानि तिह वलयाकार, चहु दिसि जोजन लक्ष प्रसार।
मेर[1] सुदरसन ताकै मद्धि, ऊचौ[2] जोजन लक्ष प्रसिद्धि ॥३८॥
ताकै दक्षण उत्तर[1] वीर, षट परवत जु परे मनु तीर।
पूरब पछिम तिनके छोर, लवणोदधिमै परे दुवोर ॥३९॥
जिनतें भऐ सात सुभ षेत, तिनकौ नांम सुनौं करि हेत।
भरतषेत्र[1] दक्षिण दिसि जांनि, अैरावत ऊत्तर दिसि मांनि ॥४०॥

---

३० : १ जो।
३४ : १ बरण। २ पिंड। ३ भयौ।
३५ : १ मुटाइ।
३६ : १ पिच्चेहत्तरि। २ तिनतें।
३७ : १ बिसतार। २ मझार। ३ विचि।
३८ : १ मेरु। २ ऊंचो।
३९ : १ उतर।
४० : १ क्षेत्र।

हिमवत कह्यौ चौ गुणौं सोय, है रनि वत तिम उत्तर जोय।
षेत्र जुहरि यातं चौगुणौ, रम्यक उत्तर दिसि फुनि सुणौं ॥४१॥
वीचि विराजै षेत्र विदेह, चौसठि गुणौं ताहि गिणि[1] लेह[2]।
अव परवत के कहिऐ[3] नांम, हिमवन भरथ वोर अभिरांम ॥४२॥
सिषरी ऐरावत दिसि लग्यौ, महा हिमौंन दषिण[1] दिसि पग्यौ।
रुकमी ऊत्तर दिसिकौं होय, नषिध भरथ की वोर सु जोय ॥४३॥
नील उतर दिसि ही कौं जांनि, ऐ सव भूधर षेत्र प्रमांन।
तिनके भाग ऐक सौ निवै, तामै भरथ भाग वक हिवै ॥४४॥
जोजन पांच सै रु छव्वीस, इक जोजनकी कला वनीस[1]।
तिनमैं कला लेहु षट कहै, भरथ ऐरावत परमित यहै ॥४५॥
भवि सुनि भरथ षेत्र की वात, बिचि विजयारध परचो विष्यात।
तामैं गुफा दोय तू जांनि, तिनकी तरह सुनौ सुषदांनि ॥४६॥
हिमवन परवत परि द्रह वेषि, पदम नांम तिह तनौ विसेषि।
तिह तैं या दिसि नंदी दोय, गंगा सिंध[1] नीकसी सोय ॥४७॥
गंगा विजियारधकौं भेदि, पूरव दिसि चाली विनि षेदि।
दुतिय गुफा विजियारध मांहि, सिंधु चली पच्छिम दिसि जांहि ॥४८॥
तिनतैं भरथ-षेत्रकै मांहि, षट षंड[1] पड़ै[2] सु संसय नांहि।
तिनमै षंड मलेछ जु पांच, आरज्य[3] षंड ऐक है सांच ॥४९॥
ताकै मद्धि जांनि इक देस, नांम ढुढाहर[1] वसै विसेस।
सरिता[2] सरवर तामै घने[3], कूप वावड़ी सुंदर वने ॥५०॥
वृछ[1] अनेक जाति के भले, छहु रति मैं जे फूलै फलैं।
तहां पुरी अंवावति वसै, इंद्रपुरी हू तै अति लसै ॥५१॥

---

४२ : १ गिनि। २ लेहु। ३ कहियतु।
४३ : १ दक्षिण।
४५ : १ उनीस।
४७ : १ सिन्धु।
४९ : १ षंडे। २ पड़े। ३ आरिज।
५० : १ ढुंढाहर। २ सरता। ३ घनें।
५१ : १ वृद्धि।

चहु[1] दिसि परवत बड़े ऊतंग[2], तिन परि खाई कोट सुचंग।
मद्धि पुरी के सुंदर भौंन, तिनमैं वसै सुषी सब पौंनि ॥५२॥
गिर परि महल भूप के बड़े, मांनौं सुर[1]-विमांन ऐ[2] पड़े।
महलनतें गिर परि कछु[3] दूरि, किल्ला ऐक बनायो भूरि ॥५३॥
नांम सबाई जैगढ दियौ, भूप सवाई जैस्यंघ कियौ।
तामैं सोहत महल सुबाग, तोप कोट परि है बहु लाग ॥५४॥
राजी सबै पुरी के लोग, भूपनि-तणी नींति-संजोग।
ईति[1] भीति नहि ब्यापत जहां, दुषी न दीसै कोऊ तहां ॥५५॥

छंद बरवै : तहां भऐ कछवाहे, छत्री[1] भूप।
तिनकी कीरति जग मै, अधिक अनूप ॥५६॥

नृप वंस वर्नन

दोहा : बड़े वंस श्रीरांम के, कछवाहे बल साजि।
आऐ नरवर तें कियौ, देस ढुढाहड़ राज ॥५७॥
प्रथम राज काकिल कियौ, मांचि मवासे तोड़ि।
बचे भोमिया ते सबै, मिले आप कर जोड़ि ॥५८॥
तिनकै पाटि हणू नृपति, भऐ मनौं हनुमांन।
बहुरयौं जानड़दे भऐ, तिनकै पाटि सु जांन ॥५९॥
फुनि पज्जवण भऐ नृपति, महाबली सांमंत।
तिनकौ बल जस प्राकरम, बहु कविजन बरनंत ॥६०॥

सोरठा : भऐ मलेसी भूप, ग्यारह सै इक्यांवनै[1]।
कीन्हौ राज अनूप, बैठि पुरी अंबावती ॥६१॥
फुनि बीसल भूपाल, राज कियौ बहु[1] सैन सजि।
तिनकै पाटि बिसाल, राजे राजा राजदे ॥६२॥

---

५२ : १ चहुं। २ उतंग।
५३ : १ स्वर। २ ए। ३ कछू।
५५ : १ इति।
५६ : १ छित्री।
५९ : १ हणू।
६१ : १ only इ the rest damaged.
६२ : १ ends damaged the word thus lost.

फुनि नृप केल्हरण नांम, बहुरयौं कूतिल[1] नृप भऐ[2]।
तिनके गढ़ अभिरांम, अवलौं सोभित हैं[3] प्रघट ।।६३।।
फुनि जौंणसी महीप, तिनकै पाटि भऐ नृपति।
उवैकरण अवनीप, तिनकै पटि[1] नरस्यंघ हुव ।।६४।।
भऐ भूप वणवीर, तिनकै[1] पट[2] उधरण उऐ[3]।
तिनकै पटि नरधीर, चंद्रसेण हुव चंद्रसम ।।६५।।
तिनकै पटि भूपाल, प्रथ्वीराज[1] उंद्योत किय।
सब दुरजन के साल, भऐ प्रजापालन निमति ।।६६।।
द्वारावति की छाप, म्हाधरम[1]ध्वज भूप कै।
जोगी-तणें मिलाप, घर बैठां ही ऊ घड़ी ।।६७।।
तिनकै बारह पुत्र, भऐ महाबल प्राक्रमी।
जीति लऐ[1] सहु सत्रु, बांधी बारह कोटड़ी ।।६८।।

छंद : प्रथीराज कै पाटि भारमल बैठ्यौ[1] अति सोहै।
तिनकै पटि भगवंतदास हुव ता सम और न को है ।।
जिनकै[2] पुत्र भऐ जग मै नृप मांनस्यंघ अवतारी।
तिन दिल्लीपति पातसाहिको[3] सबही बात सुधारी ।।६६।।
पूरब पछिम दक्षिण[1] ऊतर[2] च्यारयौं दिसि पंजाई[3]।
लैं लै जीति भूमि भूपनि की दिल्ली तलै लगाई ।।
सबही मुलक मांहि जिनकौ जस अवलौ[4] नर तिय गावैं।
तिनकी संपति सांहूँ[5] सुभटनु[6] कौ जसु कछुक सुनावैं ।।७०।।

---

६३ : १ कूंतिल। २ भये। ३ है।
६४ : १ पाटि।
६५ : १ जिनकै। २ पटि। ३ भए।
६६ : १ प्रथीराज।
६७ : १ महाधर्म्म।
६८ : १लिये, B Includes two additional Dohas and the verse order changes accordingly.

दोहा—प्रथीराज नृप नांम, पूरणमल भौवौं रतन।
किया राज परिनाम, कारणौ कविन ना बरणौ ।।६६।।
आसकरण इक पुत्र, दौरि जाय पतिसाहिपै।
नलवर राज पवित्र, लैकै कीयौ जीति बलु ।।७०।।

६६ : १ बैठो। २ जिन्हकै। ३पातिसाहि।
७० : १ दक्षिन। २ उत्तर। ३ पंजाई। ४ अब लौं। ५ सांहुंस। ६ सुभटन।

कवित्त अन्योक्त[1]†: जेतक[2] विलायत मैं ऐक[3] उमराव[4] ताकै,
तेती वीचि पांडवन मांड्यौ कुरवेत है।
कहै 'कवि गंगधर' आंगन कौ जैसौ लेषौ,
तैसें कीन्हें सात हैं समुद्र सरासेत है॥
ऐसी भूमि काकें भई कौंनें पातसाहि लई,
जेती यह पातसाहि[5] लई अर लेत है।
मेरे जांनि राजा मांन तोरि तोरि आसमान,
जोरि जोरि जमीतें जलालदी कौं देत है॥७१॥

पुन कवित्त : काहू के करम पातसाही उमराई राई,
काहू के करम राज-राजनिकौ नेत है।
काहू के करम हय हाथी परगनें पुर,
काहू के करम हेम हीरनि कौ केत है॥
हरि हरि[1] जोई जोई जाही कै लिलाट लीक,
सोई सोई आंनि इंह दरवारि[2] लेत है।
कूरम नरिंद मांनस्यंघ महाराजा,
तेरे करकें भरोसें करतार[3] लिषि देत है॥७२॥
पीछें तौं न होयगौ[1] जुगति यह जांनियत,
कीन्हौं जव सेत रांम हेत जाकौ नल है।
कूरम नरिंद पुरषारथ की सीम सुनें,
जाके भुजदंडनि मैं भीमको[2] सौ वल[3] है॥
पूरव की वोर छित छोर लौं विरचि वीर,
काटि काढ्यौ अमित पठाननि कौ दल है।
लोहू भरयो षरग[4] पषारयौ मांनस्यंघ, भयौ
तव तें सुधारो मनौं[5] सागर कौ जल है॥७३॥

---

७१ : १ अन्योक्ति। २ जेतिक। ३ एक। ४ उमराय। ५ अकवर।
७२ : १ हर। २ दरबार। ३ करतार।
७३ : १ होयगो। २ भीमको सौ। ३ बल। ४ षड्ग। ५ मानौं।

---

†The author means that this couplet has been composed by some one else. The word has nothing to do with अन्योक्ति alankara.

छप्पै : कनक-कलस सज्जिऐ[1], वगर मंडिऐ[2] विविधि विधि।
पदमिनि यम पिष्यिऐ[3], उदित भई मनहुँ नऊं निधि॥
नर नारी मन मुदित, हरषि मुष मंगल गांवहि।
जिनु थप्यो लंकेस कहै, सोई दछ्छिन आवहि[4]॥
इम सिधु सकुचि पैंड़ो[5] कियौ, जो न सीस पथ्थर[6] तिरै।
रघुवंस अंस नृप मांन सुनि, भम्भीषन फूल्यो[7] फिरै[8] ॥७४॥

सोरठा : तेग मांन की मांहि, अगनि[1] अनौषी नीकलै।
त्रण[2] वाला[†] वचि जांहि, जलबाळा[‡] जलि जलि मरै ॥७५॥

दोहा[1] : मांनस्यघ नृप कै भऐं[2], जगतस्यंघ[*] सुकमार।
बालपनै गढ कांगड़ा[3], तोड़त[4] लगी न वार ॥७६॥
कवि काला माठा[1] तुरी, रज विन[2] रजपूतांह।
जगतैं मांन नरिंद-रै[3], आध[4] कियौ ऐतांह ॥७७॥
भऐ[1] कवर जगतेस कै, महास्यंघ सिरताज।
लघु सुत भूपति मान[2] कौ[3], भावस्यंघ किय राज ॥७८॥
वहुरि भऐ महास्यंघ कै, सुत नृप जयस्यंघ नांम।
दक्षिण दिसि जीतन[1] चढे, मनहु[2] लंककौं रांम ॥७९॥

छप्पै : तिन तिलंग हुव भस्म अस्म[1] अफजल वर फट्टिव।
लग्ग वग्ग वंगलांन नद द्रावड़ी दवट्टिव[2]॥
मृग महीप घन घूमि धूम[3] घर[4] मंड़ल मछ्छिव[5]।
घिरत षांन षुंम्मांन कोन लक्कर जिम डट्ठिव[6]॥

---

७४ १ सज्जिए। २ मंडिए। ३ पिष्यिए। ४ आंवहि। ५ पंडो। ६ पत्थर।
७ फुल्ययौ। ८ फिरं।
७५ १ आगि। २ त्रिण।
७६ . १ दोहा। २ भए। ३ कांगरा। ४ तोडत।
७७ : १ माठा। २ विनि। ३ कं। ४ आध।
७८ : १ भए। २ मांन। ३ कं।
७९ : १ जीतण। २ मनौं।
८० : १ missing। २ ^ दवट्टिव। ३ धूंम। ४ धुर। ५ मंछिव। ६ डट्टिव।

---

†The defeated foes holding grass in the mouth.

‡The envious.

*The *famous temple of 'Jagat-Shiromani' at Amber is assigned to Prince Jagat Singh* who died during the life-time of his father.

सिव सिंघ[७] अग्य अग्गी अवनि, यम जगत्त जारन लयव।
बल दलसि[८] जलव जयसाहि-दल, नहि पिच्छिय कब बुज्झि[९] गयव ॥८०॥

कवित्त
अन्योक्त[१] : फौजन[२] तें आपन दवाय राखी दसौं दिसि,
अरनिकौं राखी न निसानी कहूं हिरकी।
साहि के सुभट जयस्यंघ गिर मेर गुर,
गाहि गाहि गाही ठौर राखी न गुमर को ॥
कीनौं बोल ऊपर प्रताप दीन हू पर, सु—
भूप तें पाघ राखी भूपनि के सिर की।
थर थर थार को[३] सौ पारौ थहरात[४] हो†,
सु तेंही लगि थांभ पातसाही[५] थांभि थिर की ॥८१॥

दोहा : भऐ[१] भूप जयस्यंघ कै, रांमस्यंघ महाराज।
तिनके[२] संगि सदा रहे, कविजन‡ सुभट समाज ॥८२॥

प्रताप वर्नन

कवित्त : किलकत काली जुग्गननि कै[१] जसन होत,
'सुकवि धुरंधर' जमाति जुरें देवी की।
और हूं कहां लौं कहौं दौर[२] रांम कूरम की,
दबिगे दिगज देव-दांनव न ऐवी[३] की ॥
धसकी धरनि डाढ मसकी डढायर को[४],
कसकी कमठ-पीठि[५] रसम रकेवी* की।
दिग्ग-दल भारके दबाएँ वे-सम्हार ह्वै कैं,
भयौ भांति सिमटि भुजगम जलेबी की ॥८३॥

दोहा[१] : भऐ[२] रांम नृप कै कवर, किसनस्यंघ जिम भांन।
तिनके तेज कृपान[३] कौं, जानत सकल जिहांन ॥८४॥

---

८० : ७ स्यंघ। ८ [A]बलिति। ९ Aकव बुज्झि।
८१ : अन्योक्ति। २ फोजन। ३ को। ४ थेहरात। ५ पातिसाही।
८२ : १ भए। २ तिनकै।
८३ : १ कै। २ दोर। ३ एवी। ४ डठायरकी। ५ पीठि।
८४ : १ दोहा does not occur in A। २ भए। ३ कृपान।

---

†c.f. Bhusan 'पारा पर पारा पारावार यों हलत हैं' (Shiva-Bavani).
‡Kulapati Misra was a Court-poet of Ram Singh.
*The convex back of the mythological crab became concave like a dish.

कवरपदं किसनेस कै, विसनस्यंघ हुव पुत्र।
राज कियौ अंबावती, जीति सकल वल सत्रु ॥८५॥

छप्पै अन्योक्त[1] : जिन जट्टन अल्ली हुसैन भल्ली विधि कुट्टिव।
जिन जट्टन सफोषांन नव बहु भांत[2] अहुट्टिव॥
जिन जट्टन मैंहरावषांन-गुंमांन[3] गुमायौ[4]।
जिन जट्टन मुकरब्बिषांन कर कुट्टि[5] विलायौ॥
'कवि राम' वहादरषांन सौं, जंग जुट्टि बसु लुट्टि लिय[6]।
नृप विसनस्यंघ सोइ[7] तेग वर, जट्ट थट्ट बहवट्ट[8] लिय ॥८६॥

दोहा[1] : विसनस्यंघ नृपकैं भऐ[2], श्री जयस्यंघ नरिंद।
तिनंहि सवाई पद दयौ, दिल्ली सुरपति हिंद ॥८७॥
संगि लिऐ[1] चतुरंग दल, रथ पायक गज बाजि।
कूरम श्री जयस्यघ नृप, चढे गढौं पै साजि ॥८८॥

छंद भुजंग प्रयात : गढौं पै चढे भूप बालापनै[1] मैं,
दिसा दक्षिणी परवतौं के गनै[2] मैं।
किला तोरि कै षेलना[3] षेलना† से,
मनौं बालकौं नै[4] किऐ[5] हैं तमासे ॥८९॥
लरे सैद वे दौरिकैं सांभरी मैं,
मिलाये[1] जमीं सैं तिनैंहूं घरी मैं।
भिरे साहिजादे भयो जंग भारी,
तहां भूपहू कोपि कीन्हीं[2] सवारी ॥९०॥

---

८६ : १ अन्योक्ति। २ भांति। ३ गुंम्मांन। ४ गमायौ। ५ कुट्ट। ६ ^किय।
७ सोई। ८ बैंह थट्ट।
८७ : १ दौहा। २ भए।
८८ १ लियें।
८९ : १ बालापनें। २ गनें। ३ षेलनां। ४ नैं। ५ किये।
९० : १ मिलाए। २ कींनो।

---

†Fort of Khelana or Vishalgarh on the crest of the Sahyadri hills in the Deccan. It is said that the title "Sawai" was conferred upon Jai Singh, when hardly sixteen, by the Emperor Aurangzeb in recognition of his personal qualities shown by him during the Khelana campaign (A.D. 1702)

चलाऐ घने वांन[1] आकास छाऐ,
तमासे[2] घनें जोगिनी अक्ष आऐ।
कियो जुद्ध भारी घने[3] सत्रु मारे,
बचे जे तिनौंमें[4] तिने दंत धारे ॥६१॥
बड़े भूप भू में हुते मारवारी,
तिन्हौं पें चढ़ी कोपि के फौज सारी।
लगे पाय वे छांडिकें[1] राजधांनी,
चहूं चक्क नें भूप की आंन मांनी ॥६२॥

दोहा[1] : मांनी आंन सबै नृपति, आऐ अधिक उमंगि।
पाय लागि विनती करी, हमैं राषिऐ संगि ॥६३॥

वांन वर्नन (अ०[1]) ॥

कवित्त : कूरम नरिंद जयसाहि वाहैं परकै,
सु पार होत पल में सहज सूकी परकै।
चलत सलूक चुकुटी[2] के और कर कै,
सुवकतर टोप करी काच जिम[3] करकै ॥
'सूरजि'[4] भनत करै घाव जाहो घर-कैं,
सु वाको हियो नेंक वेर दोय-तीन धरकै।
मालिम जगत मै लगत जाही[5] सर-कै,
सु हाथी पेंड़ पाच सात पाछे पाय सरकै ॥६४॥

कवित्त[1] : कोप करि कूरम सवाई जयस्यंघ नृप,
चढ्यौ जोधपुरवारे अभैस्यंघ मारू[2] पर†।
फौजन की गरद न दीसै भांन[3]-मंडलहू,
सिंध[4] सूकि गऐ को गनत नवी नारे सर ॥

---

६१ : १ वांण। २ तमासं। ३ घनें। ४ जे जिन्हौनें।
६२ : १ छाडिवे।
६३ : १ दोहा।
६४ : १ missing। २ चिकुटी। ३ जिमि। ४ सूरज। ५ जांही।
६५ : १ कवित्त, missing in A। २ मारू। ३ भानु। ४ सिंधु।

†cf. Ms no. 4287 in the Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur collection.

दसौं दिगपालन हूं दांतन[५] तिनौंका[६] धरे,
सुरपुर नागपुर दौरे[७] जात दरवर।
दहसलि[८] वाय रजपूतन की वांह[९] छांह[१०],
आय मिलि डांड़[११] भरि बच्यौ नाथ मुरधर ॥९५॥
जंग सुलतानें जहा[१] पूरव परव पाय,
अरव षरव दल जोरे पर वोह पें[२]।
'सूरिज' भनत तहां[३] आगें भयो जयसाहि,
सिंधुर ठिलत यौं[४] पिलत लोह लोह पें॥
गिद्धि[५] सिधि[६] सथ्थन अघांनौं स्यंभू मथ्थन[७],
सुवीर निज हथ्थन[८] चलावै तीर छोह पें।
मंडल कमांन कें वितुंड पें लसत मनौं,
ऊग्यौ[९] है प्रचंड मारतंड विधु[१०] कोह पें ॥९६॥

नगर उतपति[१] वरनन[२]

दोहा[३] छंद निसांनी : नगर वसायौ यक नयौ, जयस्यंघ सवाई,
जाकी सोभा जगत मैं, दसहौं दिसि छाई।
ताकौ वरनन करनकौ, हुलसी मति मेरी,
इंद्रपुरी हू जानियौं, ताकी है चेरी ॥९७॥

कवित्त : कूरम सवाई जयस्यंघ भूप सिरोमनि,
सुजस प्रताप जाकौ[१] जगत मैं छायौ[२] है।
करन-सौ दानी पांडवन-सौ कृपांनी महा,
मांनी मरजाद मेर रांम-सौ सुहायौ है॥
सोहै अंबावति की दक्षिरण[३] दिसि सांगानेरि,
दोऊ वीचि सहर अनौपम[४] वसायो है।
नांम ताकौ धरयौ है स्वाई[५] जयपुर,
मांनौं सुरनि हीं[६] मिलि सुरपुर-सौ रचायो है ॥९८॥[७]

---

९५ : ५ दातन। ६ तिनूंका। ७ दोरे। ८ दहसति। ९ वाह। १० छाह। ११ दांड।
९६ : १ तहां। २ ^ वोहैपं। ३ जहां। ४ भयौं। ५ गिधि। ६ सिद्धि।
७ मत्थन। ८ हत्थन। ९ उग्यो। १० बिधु।
९७ : १ उत्पत्ति। २ बर्नन। ३ missing।
९८ : १ ताकौ। २ छायो। ३ दक्षरण। ४ अनोपम। ५ सवाई। ६ ही।
७ ॥१००॥।

छंद पद्धरी : ब्यारचो[1] विसि रच्यौ उतंग कोट,
तापरि कगुरनि[2] की बनी ओट।
तिह तलि चौड़ी षाई बनाय[3],
श्रौड़ी मनु सरिता चली जाय ॥९९॥
दरवाजे ऊंचे[1] बनें[2] गोष,
पौरिया बैठि तिंह[3] करत जौष।
चौपरि† के कीन्हे हैं बजार,
विचि वीचि बनाऐ[4] चौक चार ॥१००॥
ल्याऐ[1] नहैरि‡ बाजार मांहि,
विचि मैं बवे गहरे रषांहि।
चौकनि मै कुंड रचे गंभीर,
जग पीवत तिनकों मिष्ट नीर ॥१०१॥
हाटिन कै विचि रस्ता[1] रषाय,
दीन्हें[2], ते सूधे चले जाय।
वहु वने हवैली कूप वाग,
सुंदर तिनु लषि मन लगत लाग ॥१०२॥
धनवांन जु व्योपारी कितेक,
वहु देस सुदेसनि तें श्राऐ श्रनेक[1]।
ते करत विरणज श्रति निसक[2] होय,
परदेस सुदेसहि जात कोय ॥१०३॥
मिलि साहूकार धनाढि मित,
वागनि मैं गोठि करै नचित।

९९ : १ ब्यारचों। २ कंगुरनि। ३ बनाय।
१०० : १ ऊंचे। २ वडे। ३ तेंह। ४ बनाए।
१०१ : १ ल्याए।
१०२ : १ रसता। २ दीन्हैं।
१०३ : १ बहु देसनि तें ल्याए श्रनेक। २ निसंक।

†In accordance with the Hindu tradition of town-planning i. e. two wide streets run through the city intersecting at right angles.

‡This canal was brought from नाला श्रमानीशाह in the west of the new city—मापावतों का इतिहास, हनुमान शर्मा p. 166.

या विधि सौं[1] सुष[2] निसि दिन बितात,
देवन[3] समांन नर तिय लसात ।।१०४।।

छंद : आऐ निजूमी† जोतिगी, बहुरयौं फिरंगी‡ कौतिगी।
तिन रच्यौ जंत्र बिसाल है, तामैं ग्रहौं[1] की चाल है ।।१०५।।
तिथिपत्र* मिलि ठान्यौं नयौ, सिरिनांम भूपति कौ दयौ।
सो[1] 'जयविनोद' कहात हैं[2], जग मांहि सौ विष्यात है ।।१०६।।
बहु विप्रि विद्यावांन ते, आऐ दिसा-विदिसान[1] तें।
साहित्य तर्क सु न्याय के, पाठी प्रवीन सुभाय के ।।१०७।।
मिलि बैठि वे चरचा करैं[1], 'वांनी सुरनि की††' उच्चरैं[2]।
बोलै सु अधिक मरोर सौं, बहु जोर करि कैं सोर सौं ।।१०८।।
सुनि भूप चरचा तिन-तनी‡‡, हिय हरषि कै कवि गुनी।
धन देत तिनहिं अपार है[1], ऐसी अनेक सभा रहै[2] ।।१०९।।
भाषा कवी परवीन ते, जस करत नव प्राचीन ते।
बारहट** भाट+ सुभावतें, बहु पढत कवि चित चावतें ।।११०।।
गज वाजि धन सिरपाव ते, बकसीस लहि गुन गावते।
विचरै सु पर हू देसते, आसिषा देत हमेस ते ।।१११।।

---

१०४ : १ सुष। २ सौं। ३ देवनि।
१०५ : १ गृहौं।
१०६ : १ यो। २ है।
१०७ : १ विसांनि। २ ते।
१०८ : १ करें। २ उच्चरें।
१०९ : १ हैं। २ रहैं।

---

†Astrologers Najum (Astrology) in Persian. Ancient Hindu Kings kept astrologers at their court. Astrology was a favourite subject among the Muslim Sultans also who had full faith in the Heavenly bodies.

‡Universally accorded to Europeans (the Franks). In India it has a perjudicial significance but not everywhere.

*Calendar.

††Sanskrit.

‡‡Mark the use of genitive तनी।

**The obstinate family Charana who won't yield till his reward is obtained by him i. e. he dose हार हठ।

+A family bard, A 'Bhat' is different from a 'Charana' in that his यजमान may be a non-Rajput also while a Charana accepts the patronage of a Rajput गढ़पति only.

छंद पद्धरी : बहु विधि के कारीगर अनूप,
परिवार सहित बुलवाय भूप।
तिनकौं[1] पुर मैं दीन्हे[2] बसाय,
हासिल[†] सबकौं माफी कराय ॥११२॥
यह सुजस बढ्यौ बहुधां अनंत,
आाऐ बहु जन तिनकौ न अंत।
व्यौपार करन लागे अनेक,
बहु भातिन[1] के करि करि विवेक ॥११३॥
कहुं महुर[‡] रुपैया[1] लेत देत,
जौंहार विकत सुवरन समेत।
कहुं वस्त्र पाटके बहुरि स्वेत,
मैंहमूदी[2] षासा[3] तनसुषेत[*] ॥११४॥
कहु पसमींना फुनि विकत पान[1],
कहु[2] विकत किरांने[3] बहुरि धांन।
कहुं लिऍं कसेरा धात पात्र[4],
देचत तिनमैं नहि झूठ मात्र ॥११५॥
कहुं गंधी अत्तर वेलि तेल,
वेचत मिस्सी[††] फुलवा फुलेल।
कहु[1] हलवाईगर वणिक रूप[2],
वेचत जु मिठाई करि अनूप ॥११६॥

---

११२ : १ तिन्हकौं। २ दीन्हें।
११३ : १ भांतिनु।
११४ : १ A रुपैया। २ मैंहमूंदी। ३ षासे।
११५ ' १ पांन। २ कहूं। ३ किरानें। ४ पंत्र।
११६ : १ कहुं। २ रूप।

---

†Taxes in general.

‡Gold coin bearing the seal of the Maharaja.

*All the three varieties find a mention in 'Ain-i-Akbari' of Abul Fazl. (Ain 32)—Blochmann & Jarrett.

††A powder made of vitroil with which women blacken the space between their teeth. High class ladies, used antimony for darkening their eye lashes. See Jayasi's description :

"छोरहु जटा, फुलायत लेहू, झारहु केस, मकुट सिर देहू।
काढ़हु कंथा चिरकुट-लाथा, पहिरहु राता दगल सोहावा ॥" (Ratansen-Padmavati khand)

मेवा परदेस सुदेस के जु,
बहु लेत देत करि करि मजेज।
कहुं बरणत पारिखा† जरीवाव,
अति गर्व भरे नहि देत जाव ॥११७॥
जरदोज‡ कहूं सीवत बितान[1],
सिरपावन* के बहु वस्त्र-थांन।
रंगरेज रँगत कहूं पट सुरंग[2],
लहरिया जु बांधत करि उमंग ॥११८॥
कहूं षत्री छीपे चूनरीन,
पोमचे†† बांधि बेचत प्रवीन।
कहुं चूरा‡‡ चित्रत है चतेर[1]**,
कहु बेचत है तिनकों लवेर ॥११९॥
बहु बसे आय के[1] सिल्पकार[2],
बहु भांतिन के घड़ि संग सार।
देहुरे और मंदिर जु आदि,
तिनके लावत करि सिल्प यादि ॥१२०॥
कहु वेजारी+- बहु व्योंत साजि,
ते चुनत चुनांवहार[1] काजि।
कहु[2] घड़त[3] ठठेरे[4] द्यौस राति++,
घन आवत मनु दादर‡- बुलात ॥१२१॥

---

११८ : १ बितांन। २ स्वरंग।
११९ : १ चितेर।
१२० : १ कं। २ सिलपकार।
१२१ : १ चुना। २ कहुं। ३ घडत। ४ ^ चतेरे।

---

†Embroidery.
‡Gold embroidery.
*Full-dress.
††Ladie's scarf
‡‡Bangles.
**Painter.
+-Masons." [चेजारी ?]
++Day and night.
‡-Frogs.

कहुं रतन-जड़ित[१] जड़िया[२] सुनार,
मुलमची[†] वेगड़ी[‡] सिकलगार[*]।
वस्मागर वुनगर वरक साज,
कहुं वेचत गुड़ी[††] पतंगवाज ॥१२२॥
काछी कलार[‡‡] लोहे लुहार,
मोची कहुं जीन रचैं[१] संवार।
वढई पिरजापति[२**] आदि और,
व्यौपारी फुन कसवी करोर ॥१२३॥
छत्री ब्राह्मण अर वैस्य सूद्र,
च्यारि हू[१] वरण के गुण-समुद्र।
सव सुखी सूर सायर प्रवीन,
वहु चतुर वसें तिनमैं न दीन ॥१२४॥
वहु-मोल सु कोमल वस्त्र अंग,
भूषन मणि-जटित सुवर्ण संग।
जरवाफ[+] आदि पहरें वनाय,
नर लसत मनौं सुर[१] वसे आय ॥१२५॥
नारी सुंदर अति चतुर चार,
झीनें पट[++] भूषणजुत सिंगार।

१२२ : १ जड़त। २ जड़िया।
१२३ : १ रचें। २ परिजापति।
१२४ : १ हौं।
१२५ : १ स्वर।

†An artisan expert in silver or zinc plating.

‡Sk वैकटिक A diamond-cutter.

*An artisan who sharpens the blades.

††cf. Bihari Satsai. "उडी गुडी लखि ललन की, अंगना अंगन माह।
बौरी लौं बौरी फिरत, छुवति छबीली छांह ॥३५॥"

An undated Maithili song refers to kite (गुड्डी) thus :
"गुड्डी उडै आकाश में, नागा हमरा पास में।"

‡‡Wine-seller.

**A potter.

+Embroidery.

++Clad in fine clothes.

सुकुमार स्वकिय पिय मन हरंत,
वेवांगनां[1] न समता करंत ॥१२६॥
पुर-छोर[†] वसी वारांगनां[‡] सु,
बहु करत नांच मनु अपछरा सु।
तिनकौ लषि सुनि संगीत-गांन,
बहु देत रसिक जन रीझि दांन ॥१२७॥
अब सुनहु भूप संपति वयांन,
बरनौं कछू क मोमति प्रमांन।
यक[1] हुतौ बाग तिंह[2] जै-निवास,
नृप रच्यौ वड़े जयस्यंघ* तास ॥१२८॥
ताकौं लषि नंदन-बन लजात,
जल-जंत्र फुहारे बहु छुटात।
तिनतें ग्रीषम[1] की मिटत झार,
विन समै होत पावस वहार ॥१२९॥
मधि हैं अनेक पादप रसाल,
कहु[1] नूत[2] नूत नूतन[††] तमाल।
कहु[3] वकुल[4] केलि अंजीर बेर,
कहु सेव नासपाती नरेर ॥१३०॥
कहु पारिजात पीपलि[1] लवग,
पिस्ता विदांम केसरि सुरंग।
कहु पनस पुंगि[2] महुवा अरिष्ट,
गूलर कपिथ्थ[3] दाड़िम सुमिष्ट ॥१३१॥

---

१२६ : १ वेवांगना।
१२८ : १ इक। २ तँह।
१२९ : १ ग्रीषम।
१३० : १ कहुं। २ तूत। ३ कहुं। ४ वकूल।
१३१ : १ पीपरि। २ पंग। ३ कपित्थ।

---

†At the extremity of the city walls.
‡ Prostitutes
*Mirza Raja Jai Singh (b. 1611—d 1667 A.D.)
††Mark the 'yamak' here.

कहुं ताल हिंताल सु बीजपूर,
भल्लात-बेलि परवर खिजूर[1]।
कहुं आंमिलबेत जमूनि निंब,
करणा नारिंग सु पक्क बिंब ॥१३२॥
अभया बिभीति[1] आमिल छुहांर,
कहुं दाख ईख ऐला[2] अपार।
जाती फुलन्यौज[3] जभीर बोट,
सीताफल मीठे हैं षरोट ॥१३३॥
बहु फूले बृछ[1] अनेक जाति,
करुणा केतगी कदंब-पांति।
केवरा कुंद चंपा गुलाब,
मचकुंद सेवती मोगराब ॥१३४॥
कहु गुल व[1] गुला फूल्यौ नवीन,
कहु कुसम फिरंगी गुल[2] अचीन।
गुललाला दाऊदी हजार,
कहु गुलहवास रंग बहु प्रकार ॥१३५॥
चंदन असोक कहु[1] कोविदार,
बंधूक बहुरि सिंगार-हार।
ईह[2] विधि फूले बहुबृछ[3] बेलि,
तिन मांहि भ्रमर मन करत केलि ॥१३६॥

अरिल सीतल मंद सुगंध पौंन सचु पायकें,
अन्योक्ति[1] : सघन छांह मैं बैठि विहगम आयकें।
नैन मूंदि अति चैन भरे अब रेषिऐ,
मनौं महा मुनि लीन बृह्ममय देषिऐ ॥१३७॥

---

१३२ : १ खजूर।
१३३ : १ बिभीत। २ एला। ३ फलन्यौं।
१३४ : १ बिछ।
१३५ : १ सु। २ अब।
१३६ : १ कहुं। २ इह। ३ ब्रछि।
१३७ : १ अरिल only.

बिरह-बेदना कहत मनौं पिक टेरिकैं,
सुनत भौंर हुंकार देत मन फेरिकै।
तरु-बेलनि कै रहे फूल-फलभूलि बे,
देषत सुर नर आत-जात मग भूलि वे ॥१३८॥
वहुरि ताल यक[1] तालकटौरा है तरैं,
मनौं सरोवर मांन देषि छवि कौं हरं।
वहुरि सवाई जयसागर यह[2] नांम है,
ताकी तीरन[3] सुभटादिक† के धांम है ॥१३९॥
विमल नीर तं भरे लषे आंनंद ह्वै,
पंछी-गन तहँ विहरत आय सुछंद ह्वै।
चक्रवाक चातिक[1] चकोर चहु देषिए,
कहुं कपोत कलहंस कोकिला पेषिये ॥१४०॥
कहूं मोर नांचत छत्री करि चावसौं,
कहुं सारिस कहुं बुग ठाढे इक पाव सौं।
कहूं बैठि कलवंक संक तजि रति करै,
कहुं टिट्टिभि कुकटनु आदि बहू षग तिरं ॥१४१॥
कहूं करत नर कांमिनि आय सनांन कौं,
मनौं सुरसुरी[1] आए छाड़ि[2] विमान कौं।
वहुरि मांनसागर यक दीरघ ताल है,
तामै सरिता मिली सु अति सोभा लहै ॥१४२॥

दोहा[1] : या विधि कछु संछेप[2] से, वरने सरवर बाग।
अव नृप मंदिर वर्न[3] कछु, सुनिऐ करि अनुराग ॥१४३॥

छंद पद्धरी : लषि बाग सघन अदभुत नरिंद,
बनवाऐ ता मधि महल-वृंद[1]।

---

१३९ : १ इक। २ इह। ३ तीरनि।
१४० : १ चातिग।
१४२ : १ स्वर-स्वरी। २ छांडि।
१४३ : १ दोहा। २ संछेप। ३ वरन।
१४४ : १ विंद।

---

†Feudal-chiefs.

सतखणे[2]† कलस सुवरण[3] उतंग,
तिना[4] परि ध्वज फहरत[5] पंचरंग‡ ॥१४४॥
आंगन फटिक स मलै पखांन,
मनु रचे चिरंचिजु करि सयांन।
दे[1] आव सलिल सम तिह बनाय,
तेंह प्रगट परस प्रतिबिंब आय ॥१४५॥
मणि-कंचन-जटि मधि करी भींति,
दुति लषी परत लषि कै पद्योति।
जँह कनक-पाट दीनें[1] कपाट,
किय जटि बिडूर* सोपांन बाट ॥१४६॥
मणि-षचित थंभ मधि जगमगात,
मनु रतन-सांन बहु बिधि लसात।
बहु रची चित्रसाली[1] विसाल,
राजिंद्र[2] रमत तेंह सहित बाल ॥१४७॥
कवहू मणि-मंदिर मांहि जाय,
तिय दूजी लषि प्यारी रिसाय[1]।
तव मांनवती लषि पिय हँसाय[2],
कर जोरि २ लेहैं[3] मनाय ॥१४८॥
मणि-जटित कुंभ प्रति जगमगांहि,
बहु भरे सुव्व[1] जल तें लसांहि।
दधि - दूब - धूप - जुत - हेम सार[2],
सोहत अंतहपुर द्वार द्वार ॥१४९॥

---

१४४ : २ सतषणें। ३ कंचन। ४ तिन। ५ फंहरत।
१४५ : १ दे।
१४६ : १ दीन्हें।
१४७ : १ चित्रसारी। २ राजेंद्र।
१४८ : १ रिसाइ। २ हसाय। ३ लैहैं।
१४९ : १ सुद्ध। २ थार।

---

†The poet refers to the Chandra Mahal Palace, the following are the names of the seven storeys, Chandra Mahal, Pritam Niwas, Sukh Niwas, Shobha Niwas, Chabi Niwas, Sri Niwas and the Mukut-Mahal.

‡The royal banner of the Kacchawaha Rajputs of Amber.

*Sk. वैडूर्य।

प्रीतम[१]-निवास फुनि सुष निवास,
बैठक दीवांन सभा-निवास।
फुनि चंद्र-महल[२] आदि जु अवास,
कवि करै कहां लौं वरन तास ॥१५०॥
ऊचे दरवाजे सुगम बाट,
कंचन-सम जटित बने कपाट।
लगते बनवाऐ चौक ईस,
तँह रहैं कारषांने छतीस ॥१५१॥
यह[१] हुतौ कारषाने[२] त नौंस†,
पारसी‡ नांम ता मद्धि बीस।
नृप काढि हिंदवी नांम कीन,
गृह-संग्या* यह ठांनी नवीन ॥१५२॥
गज-ग्रह मैं गज मद भर लसात,
ऐरावत हू तिनु लषि लजात।
सुंडिन मैं ते लैकें पहार,
फेंकत है पारावार†† पार ॥१५३॥
वहु अस्व-साल[१] मधि है[२] तुरंग,
राजत है सुंदर अति उतंग।
फेरत'र के विनु मै फिरै सु,
मन[३] पवनहु तै आघे कढैं सु ॥१५४॥
फुनि रतन-गृहे अरु धन-भंडार,
तिनके वरनन कौ है न पार,
इन आदि ग्रहे[१] जो हैं समस्त,
भरि पूरि रहो तिन मांहि वस्त ॥१५५॥

१५० १ प्रीतिम। २ महैल।
१५२ : १ यहु। २ कारषानें।
१५४ : १ अश्वसाल। २ जे। ३ मनु।
१५५ : १ Aग्रंहै।

†In as much as.
‡Persian.
*Nomenclature.
††Ocean.

छंद : मत्री घने[1] बुधिवांन हैं[2], जांनें जिन्हैं सु जिहांन हैं।
सौंप्यौ तिन्है नृप भार कौं, हक देत हैं हकवार कौं ॥१५६॥
अंगी[†] अनेक षवास ते, अति चतुर गिनत उसास ते।
बहु कांम के बहु भांति के, संपति सहित सुभ कांति के ॥१५७॥
बहु सुभट सजि आवैं जहां, बैठैं सभा मधि नृप तहां।
जैसें हुकम भूपति करै, तैसें करैं नांही टरै ॥१५८॥
इन आदि चाकर हैं जिते, हक पाय राजी ह्वै तिते।
प्रभु-भक्ति करि जस गात है, सुष मांहि द्यौस वितात हैं ॥१५९॥

दोहा : पांचौं विधिजुत राज परि, राजत कूरम भान।
रैति[‡] सुषी भंडार बहु, नीति सु दांन क्रपांन ॥१६०॥

छंद पद्धरी : बहुधा पुर[1] कै गिर है उतंग,
तिनपैं गढ बनवाऐ[2] उतंग[3]।
पूरव दिसि गढ रघुनाथ[4] नांम,
तलि तीरथ गलता है सु ठांम ॥१६१॥
दक्षिण दिसि संकर-गढ अनूप,
बनवायो माधवस्यंघ भूप।
हथरोही कौ गढ दुतिय जांनि,
पछिछम[1]हि सुदरसन गढ वषांनि ॥१६२॥
उत्तर अंबावति है सुथांन,
तापैं स्वाई जै-गढ महांन।
उत्तर दक्षिण[1] की कूंण पाय,
इक ब्रंह्मपुरी* दीन्ही वसाय ॥१६३॥

१५६ : १ घने। २ है।
१६१ : १ बहुंधांपुर। २ A बन [?]। ३ अभंग। ४ रुघनाथ।
१६२ : १ पछिम।
१६३ : १ पछिम।

†Bodyguards.
‡The Rayylat.
*For Brahmins to reside there.

नृप कीन्हें असमेदादि[1] † जग्य,
बहु दांन दिऐ लषि द्विज गुणग्य‡।
यह जस फैल्यौ चहु दिसि मझार,
सुनि विप्रादिक आये अपार ॥१६४॥
तिनु ब्रह्मपुरी मैं वे वसाय,
धन धांन्य[1] ठौर दिय अधिक राय।
फुनि पूरब दक्षिण बीचि ओर,
गिर परि अंबागढ विषम ठौर ॥१६५॥
वहुधां पुर कै उपवन अनेक,
तरु सुफल फले तिनमैं प्रतेक।
फुनि वन गिर सोभा अति लसंत,
तहां ध्यांन धरत मुनिजन महंत ॥१६६॥

दोहा : हुतौ राज अंबावती, सो जयपुर मैं ठानि।
करन लगे जयसाहि नृप, सुरपति सम सुष दांनि ॥१६७॥
भये भूप जयसाहि कै, पुत्र दोय अभिरांम।
ईस्वरस्यंघ* भये प्रथम, लघु माधोस्यंघ[1] †† नांम ॥१६८॥
रांमपुरो[1] दुर्ग भांन कौ, ताकौ लै कै राज।
दीन्हौ माधोस्यंघ कौं, संगि दये दल साज ॥१६९॥
वहुत वर्ष लौं राज किय, श्री जयस्यंघ अवनीप।
जिनकै पटि वैठे स्वदिनि[1], ईस्वरस्यंघ महीप ॥१७०॥
तिनकी दांन क्रपांन कौ, जग जस करत अपार।
जिन सौं जंग जुरे तिन्हैं, करि छांड़े पतझार ॥१७१॥

---

१६४ : १ असमेधादि।
१६५ . १ धांन।
१६८ : १ माधव।
१६९ : १ रामपुरौ।
१७० : १ सुदिन।

---

†Aswamedh Yagya.

‡Able Brahmins.

*(b. 1721—d. 1750 A.D.) Also see the "Isvaravilasa-Mahakavya" (Rajasthan Puratana Granthmala No 29)

††(1750-67 A D.)

कवित[१] प्रथम कुमर पवई मैं बड़ी जंग जीत्यौ,
प्रतापीक : कूट्यौ दल दषिनी[२] कौ, गहें सर चाप सौ।
बूंदी जिन रूंदी कोटावारे पर डंड लयो,
सबही सराहत सवाई भयो[३] आप सौं॥
विरचि बचैंगे न मवासे महि मंडल मैं,
संमृति विचारि जे बचैंगे जय जाप सौं।
सवाई ईस्वरसिंघ[४] महाराज[५] नरनाह,
रांग भयो रांनां तेरे पावक प्रताप सौं॥१७२॥

दोहा : बहुरि पाटि बैठे नृपति, रांमपुरे तें आय।
भाई माधवस्यंघ जू, दुरजन कौं दुषदाय॥१७३॥

कवित्त : जिन रांमपुरे मैं करी निज चाकरी,
सो धरि राषी विचारि हिये।
फिरि पाय कैं राज ढुंढाहर कौ,
सु नऊं निधि के सुष आंनि लिये॥
भनि 'राम' क्रपातें भले ही भलें,
अमरेस के से जिनु दांन दिये।
हरि ऐक सुदांमां निवाज्यो[१] कहूं,
नृप माधव केई सुदामां किये॥१७४॥

सोरठा : दिये दिवाये दांन, जस प्रगट्यो दसहूं[१] दिसनि।
उवैं जगत परि भांन, राज कियो[२]यम[३]मुलक परि॥१७५॥
आगैं नृपति अनंत, जतन किये आयो[१] न गढ।
रणथंभौर महंत, सौ माधव सहजें लह्यौ[२]॥१७६॥

कवित्त[१] *:* अैसी मौज करत सवाई माधवेस कर,
सुवरन-झर ज्यौं प्रवाह नदी नद के।

---

१७२ : १ कवित्त। २ दक्षिनी। ३ भयो। ४ ईश्वरस्यंघ। ५ महाराजि।
१७४ . १ वाज्यो।
१७५ : १ दसहौं। २ कियौ। ३ इम।
१७६ : १ आयो। २ लयो।
१७७ : १ कवित्त अन्योक्त।

मांन-बंस-भांन जयसाहि के समांन स्यांम,
हरत गुमांन निज दांन सौं धनद के ॥
मोती अनहद[२] के जराऊ साज सदके,
कर हार रद के अनाथ दीन दरद के।
जीन जंबूनद के तुरंग करी-कद के,
मतंग मंति मद के कढत सदा सदके ॥१७७॥

सोरठा : चढी फौज करि कोप, भिरि भागे[१] जट्टा प्रवल ।
नई चढी यह वोप, कछवाहन[२] की तेग कौं ॥१७८॥

दोहा : तिनके पटि वैठे पुहमि, प्रथ्वीस्यंघ नरिंद ।
सकग प्रजा पोषन मनौं, प्रगटे आय सुरिंद ॥१७९॥

छंद भुजंग प्रयात अन्योक्ति[१] : उदै शृंग[२] अंवावती पीठि उग्यौ,
मनौ[३] अर्क सौ[४] उग्र तेजा सुहायौ ।
धरे धर्म सेतून के विध्वि वांनै,
बड़े भाग कौ छत्र मांथै तनायौ ॥
म्हाराज[५] राजेस्वरी[६] की क्रपा[७] तें[८],
म्हाराजि राजांन[९] कौ विश्व भायौ ।
प्रथी पालिवे कौ प्रथीराज[१०] मांनौं,
प्रथीस्यंघ कौ धारि कै रूप आयौ ॥१८०॥

सोरठा[१] : प्रथ्वीस्यंघ विख्यात, जा दिन तें भूपति भऐ ।
मिटे सकल उतपात, सुषी भई सारी प्रजा ॥१८१॥

दोहा : लषौ भागि-वल[१] भूप कौ, मरचौ गयो[२] रिपु जाट ।
भऐ सत्रु तें मित्र सिष, इहै पुन्य कौ थाट ॥१८२॥
नर-नारी दे आसिष, प्रथ्वीस्यंघ नरेस ।
अचल राज करि जगत की, रक्ष्या[१] करौ हमेस ॥१८३॥

---

१७७ : २ हरद ।
१७८ : १ माग्यौ । २ कछवाहनि ।
१८० : १ अन्योक्ति । २ शृंग । ३ मनौं । ४ missing । ५ महाराज ।
६ राजेश्वरी । ७ क्रिपा । ८ तैं । ९ राजांनि । १० प्रथ्वीराज ।
१८१ : १ सौरठा ।
१८२ : १ भाग्यबल । २ गयौ ।
१८३ : १ रक्षा ।

छंद पद्धरी ।

अब सुनिऐ भविजन वात ऐक,
देहुरे बने पुर मैं अनेक।
सोहत सुंदर सिव विस्नु[1] जैन,
तिनकी उपमा[2] कहतें बनै न ॥१८४॥
षटमतै के नर-नारी प्रवीन,
निज धर्म मांहि निति रहै[1] लीन।
तिन मांहि देहुरा ईक[2] विसाल,
तँह राजत नेम प्रभू दयाल ॥१८५॥
लसकरी नांम कहियत महांन,
मनु रच्यौ विरंचिजु करि सयांन।
मधि चौंरो प्रभुकी मत प्रमांन,
अति वनी फटिक सम लगि पषांन ॥१८६॥
ता मांहि जटित है स्यांम संग,
मनु लसत नील मनि[1] अति सुरंग।
चित्राम वन्यौ तामैं अनूप,
लखि[2] भविजन पावत निज सरूप ॥१८७॥
पंडित तहां राजत है कल्यांन,
वहु तरक न्याय वांचत पुरांन।
निज धर्म[1] कर्म मैं सावधांन,
विन धर्म वात जिनकै न आंन ॥१८८॥
गुनकीरति यक मुनिवर महांन,
तप करत अधिक जिनमत प्रमांन।
तिन[1] आग्या दी यह रचहु ग्रंथ[2],
जामै वहु विधि ह्वै जैनि पंथ ॥१८९॥
मुनि संघ गछ्छ ह्वै[1] आमनाय,
जिनकी उतपति कहिऐ वनाय।

---

१८४ : १ बिश्नु। २ उपमां।
१८५ : १ रहैं। २ इक।
१८७ : १ मणि। २ लषि।
१८८ : १ धर्म्म।
१८९ : १ तिनु। २ ग्रंथ।
१९० : १ गण।

तिन मांहि फटे† हैं गछ अनेक,
गहि चलन नऐ सु कहौ प्रतेक[२] ॥१६०॥
फुनि मुनिजन कौ जो चलन धर्म[१],
तिनकौ हू विधिवत कहुऊ[२] मर्म।
प्रभु महावीर तै[३] जे मुनीस,
अवलौं भट्टारक है जतीस ॥१६१॥
इन[१] जहां जहां पायो पदस्त,
सोहू वरन[२] करिऐ समस्त।
श्रावग[३] के हैं जो खांप[४] गोत,
तिनकौ वर्मन[५] करिऐ उद्यौत[६] ॥१६२॥
फुनि अहौरात्रि किरीया[१] करें सु,
जिन धर्म जु जैनी जिम धरैं सु।
विधि दया[२] दांन की कहौ सर्व,
तिम श्रावग साधहि त्याग गर्व ॥१६३॥
श्रांवग मुख वात कहैं कित्तेक[१],
जिनमत की वहु विधि करि विवेक।
सोहू धरिऐ या गृंथ मांहि,
लखि संसय भविजन के[२] मिटांहि ॥१६४॥
यह आग्या पाई वखतरांम,
गोत है साह चाटसूं‡ ठांम।
पंडित कल्यांन तै विनति कीन,
यन[१] कौ हूं गृंथ रचैं नवीन ॥१६५॥

---

१६० : २ प्रत्येक।
१६१ : १ धर्म्मं। २ कहहु। ३ तैं।
१६२ : १ इनु। २ वरनन। ३ श्रावक। ४ षांप। ५ वरनन। ६ उद्योत।
१६३ : १ किरिया। २ दयां।
१६४ : १ कितेक। २ कं।
१६५ : १ इन।

---

†Divided.
‡About 27 miles S-E of Jaipur.

फुनि थांदूवाड़ सतोषराम[1],
भावसा रूकमल बुद्धि धाम।
मिलि कही गृंथ रचिऐ अनूप,
जातैं जानैं जिनमत सरूप ॥१९६॥
इम इनको अधिक सहाय पाय,
बरनत हौं अब कविता बनाय।
जो यामैं चूक कछूक होय,
लषि हसहु न दुरजन सजन लोय ॥१९७॥

दोहा : प्रथम गृंथ हौ संसक्रत[1], नीतिसार[†] हितकार।
ईंद्रनंदि मुनि करि रचित, जिन वांनी अनुसार[2] ॥१९८॥
जिनमत में तै और मत, नूतन चले कितेक।
तिन परि संसय मिटन कौं, रच्यौं गृंथ यह ऐक ॥१९९॥
तब ताकौ कीन्हौ अरथ, पंडित महा कल्यांन।
बखतरांम भाषा करी, ताही तनै प्रमांन ॥२००॥

प्रथम भाषा गृंथ की

चौपई : श्रीजिन नेम जगतत्रय नाथ, तिनकौं नमौं जोरि जुग हाथ।
जे जग मांही मुनि अनगार, परम तत्व के जाननहार ॥२०१॥
तिनकी संपति महा मनोग्य, सुरपति करि सराहिवा जोग्य।
तिनकौं नीतिसार यह गृंथ, कहि हौं[1] सकल चलन सुभ पंथ ॥२०२॥

---

१९६ : १ संतोषराम।
१९८ : १ संस्कृत। २ अनुसरि।
२०२ : १ है।

---

†Publd. as No. 13 of the 'Manekchandra Digambara Jaina Granthmala', Hirabag, Bombay. It contains 110 stanzas, and in verse 70 the author Indranandin refers to Nemichandra. Other copies of the work have been found at Arrah, Bombay, Idar, Jaipur etc. (H. D. Velankar's 'Jinaratna Kosa' Vol. I p 216.) Two copies of the work are preserved in the Digambar Jain Bada Mandir, Jaipur, (Catalogue Comp. by Dr. K. C. Kasliwal, pt. II.) The author has been styled as इन्द्रनन्दि योगीन्द्र । 'Nitisara' is not a voluminous work. Most probably the author refers to Indranandin, whom Acarya Nemichandra holds as श्रुतसागरपारगामी in the Gommatasara.

वाही जंबूदीप मझारि, दक्षिण[1] दिसि लीजिये विचारि।
तामैं भरथक्षेत्र[2] ता मांहि, मद्धि देस अति सुव वसाहि[3] ॥२०३॥
श्री म्हावीर जु सिवपुर गऐ, ता पीछै[1] जे मुनिवर भऐ।
यसौभद्र[2] लौं सकल छवीस, फुनि हुव भद्रबाहु मुनि ईस ॥२०४॥

दोहा : वन छवीस के नांम जो, देष्यौ चाहौ कोय।
वरनौं जहां पटावली, तामैं लवियो[1] लोय ॥२०५॥

चौपई : काल चतुरथ जु भयो वितीत, तव आयो पंचम भयभीति[1]।
भऐ अवंती विक्रम भूप, भद्रबाहु मुनि हुते अनूप ॥२०६॥
ते तौ स्वर्ग पहौचे[1] जाय, फुनि जो भईस सुनि मन लाय।
वे प्रभु वर्धमांन जिनराय, तिनकौ मत भविजन सुषदाय ॥२०७॥
संघ वहुत प्रगटे ता मद्धि, यह विचित्र गति काल प्रसिद्धि।
निज इछा माफिक जग जवं, चलन लग्यौ आरस मै सवं ॥२०८॥
पाप ताप करि मोहित होय, काहू की मांनत नहि कोय।
तव जे मुनि हे महा प्रवीन, परमाथी सु[1] आतम लीन ॥२०९॥
तिनकै मन[1] विचार अपनौं[2], अपने और पराऐ तनौं।
जो इनकी वंधं न मरजाद, तौ न मिटै तम तनो विषाद ॥२१०॥

दोहा : ऐक-मेक ता सवनि की, लवि कै डरे महंत।
तव उत्ताम[1] पुर षांनि कै, निमत[2] विचारी संत ॥२११॥

सोरठा : संघ गछ्छ[1] गण सार, साषा ऐ च्यारौ सुविधि।
करिकै परम विचार, प्रथम सयापे मुनिनु के ॥२१२॥
ग्रांम नगर कै नांम, खांप[1] गोत श्रावगनि के।
ठहराऐ लषि ठाम, सो अवलौं यह[2] प्रगट है[3] ॥२१३॥

---

२०३ : १ दषिण। २ भरतषेत्र। ३ वसांहि।
२०४ : १ पीछे। २ यसोभद्र।
२०५ : १ लषियौ
२०६ : १ भयभीत।
२०७ : १ पहुंचे।।
२०९ : १ स्व।
२१० : १ मनि। २ ऊपनौ।
२११ : १ उत्तिम। २ निमति।
२१२ : १ गछ।
२१३ : १ थांप। २ ए। ३ हैं।

दोहा : तामैं सब श्रावकन की, जिम उतपति है चारु ।
सो तौ आगे वरनि हौं इनकौ सकल प्रकार ॥२१४॥
प्रथम वरन मुनिगननु कौ, कीजत है सुभ जांनि ।
ग्रंथन[1] के अनुसार तें, सब जन कौ सुखदांनि ॥२१५॥

प्रथम संघादि-उतपति

चौपई : भद्रबाहु मुनिगन के ईस, तिनके पट मैं भयो मुनीस ।
संवत छब्बीसा के साल, नाम तीन तिन लहे रसाल ॥२१६॥
गुप्त-गुप्त आचारिज भए, दुतिय नांम अर्हद[1] वलि दए ।
त्रितिय विसाखाचारिज नांम, ताकै सिक्षि च्यारि अभिराम ॥२१७॥
इक तौ माघनंदि मुनिराय, व्रषा[1] जोग दिय तरु तलि जाय ।
तिनकौ नंदिसंघ थापियो[2], गछ्छ सरस्वती निमापियो ॥२१८॥

चौपई[1] : पारिजात-गछ्छ[2] हू कहैं, गछ्छ-नांम ऐ दो निरबहैं ।
गरण थाप्यौ है बलातकार, साषा तिनकी थरपी[3] च्यार ॥२१९॥
नंदिकीर्ति[1] भूषरण फुनि चंद, ऐतौ या विधि भऐ अमंद ।
दूजे देवसिंह[2] मुनिराज, कहिऐ श्री जिन धर्म-जिहाज ॥२२०॥
सिंघ-गुफा मधि वरषा जोग, तिन मुनि दीहौ महामनोग ।
सिंघ-संघ तिनकौ निरमापि, चंद्र-कपाट-गछ्छ दिय थापि ॥२२१॥
गरण कारण[1] रस थाप्यो मुनी, साषा च्यारि नांम भवि सुनी ।
आश्रव कुंभ सु सागर सिंघ, ईनमैं[2] लखिऐ ग्यान अभंग ॥२२२॥
तीजो[1] सिषि[2] सेनि मुनि भयौ, वृषा जोग कूं चाललि[3] दयौं ।
सेनसंघ[4] पुसकर गछ धरयो, गरणसूरस्थ[5] नांम यह करयो ॥२२३॥
साषा च्यारि सुरणौं गुरणधीर, सेन राजभद्र फुनि वीर ।
चतुरथ सिंघि[1] देवमुनि इंद[2], वरषा जोग धरयो गुरणवृंद ॥२२४॥

---

२१५ : १ ग्रंथनि ।
२१७ : १ A अरहद ।
२१८ : १ व्रिषा । २ थापियौ ।
२१९ : १ A missing । २ गछ्छ । ३ थापी ।
२२० १ नंदकीर्त्ति । २ देवस्यंघ ।
२२२ : १ कांण । २ इनमैं ।
२२३ : १ तीजौ । २ सिष्य । ३ चातलि । ४ सेन स्यंघ । ५ सूरस्छ ।
२२४ : १ सिंघ । २ इंद ।

देववता बेस्यां घरि जाय, तप कीन्हों तिन मन वच काय।
देवसघ[1] थाप्यो तिन[2] तनों, सोभित देवप्रभा सम मनों ॥२२५॥
गछ पुसतकगण देसी ठांनि, साषा च्यारि करीऐ जांनि।
देवदत्त पुंग फुनि नाग, तिनको है जग मैं सोभाग ॥२२६॥
जिहि जिहि[1] थांनक मुनि दिय जोग, तिह् विसेष किय नांम सँजोग।
इम साषा गण गछ संघ सबै, थपे मुनी अर्हद[2] वलि तबै ॥२२७॥
इन च्यारिनु कौ कियौ मिलाप, मेटन कौं जग की अघ ताप।
च्यारिनु मैं दीक्ष्यादिक[1] कर्म, तिनमैं भेद नहो को भर्म ॥२२८॥
फुनि पड़कमण प्राछत[1] जांन, ग्रंथ प्रचार सु और पुरांन।
तिन के मधि विसेषि[2] को संत, भेद न जानहु[3] सकल महंत ॥२२९॥
इनकी आमनाय मैं कोय, जो जिन विंब प्रतिष्ट्यो होय।
जे भविजन है या जग मांहि, ताहि मांनियौं संसय नांहि ॥२३०॥
औ संघ कीजो अमनाय, तामैं विंब प्रतिष्ट्यो जाय।
ताहि मांनिवो नहि कुल-रीति, वामै न्यास तणो विपरीति ॥२३१॥
ऐही संघ जगत मैं सार, स्वै परमोक्ष दिषावनहार।
इनमै भेद कियौ जो चहै[1], नहि समकिती मिथ्याती वहै ॥२३२॥

अथ आचारिज आदि गृहस्थाचार[1]-यति[2]-वर्नन

चौपई : जे मुनि पालै पंचाचार, ह्वै वे ता मुषि मूलाचार।
सोही च्यारि संघ मैं मांनि, आचारजि कहिऐ गुनखांनि ॥२३३॥
नय अनेक करि साख सकीर्ण, तिनके अरथ[1] मांडि परवीण।
समरथ कर वामैं व्याख्यांन, पंचाचार मांहि रत जांन ॥२३४॥
सोही सही उपाध्या होय, अवै साधु-गुण सुणि भवि-लोय।
सकल परगृह[1] रहत[2] जु होय[3], करं नहो व्याख्यान जु कोय ॥२३५॥

---

२२५ : १ देवस्यंघ। २ तिह।
२२७ : १ जिह जिह। २ A अरहत
२२८ : १ दिष्यादिक।
२२९ : १ प्राछित। २ वसेष। ३ जांनहुं।
२३२ : १ वहै।
२३३ : १ गृहस्थाचार्य। २ ति only।
२३४ : १ अर्थ।
२३५ : १ परिगृह। २ रहित। ३ सोय।

विक्या सिष्यादि करे[1] कर्म, तातें ह्वै विरक्त गहि धर्म।
मौनि[2] ध्यांनजुत ह्वै जो साध, ताहि जांनियौं निर-अपराध ॥२३६॥
साख कला नाना परकार, तिनमैं चतुर होय गुणधार।
गच्छ वधांवन वुधि तिह तनी, ऊंचे[1] मन कौ[2] ह्वै जो मुनि ॥२३७॥
फुनि वै[1] कांतिवांन ह्रू होय, ताहि भटारक कहिऐ लोय।
तत्व अरथ[2] सूत्रन[3] व्योष्यान, क्रिया-कलापन[4] मांहि सुजान ॥२३८॥
सो स्वामी कहियतु है चाहि, मुनि सत्तम हूं कहिऐ ताहि।
ऐतौ भेद मुनिनु के भणें, सुणहु ग्रहस्थाचारिज तणें ॥२३९॥
जो गृहस्थ[1] सुध[2] ह्वै कोय, जिनमत तणे साख्र जो होय।
तिनको[3] पढन-पढांवन-हार, करन-सुनन की ह्वै वुधिचार[4] ॥२४०॥
कथन सुनावत ह्रू ह्वै चाहि, ह्वै अजीवका याही मांहि।
सवतैं पूजनींक ह्वै रहै, ताहि गृहस्थाचारिज कहै ॥२४१॥

अथ मुनिजन कौं धर्मकार्य करवा कौ वा अधर्म-कार्य तजवा कौ वा जोग्य अजोग्य कारिज करवा न करवा कौ उपदेस वा श्रावक[1] कौं उपदेस वर्नन भाषा ग्रंथस्य।

चौपई : नंदि सिंघ देव फुनि सेन, ऐ उतकिष्ट संघ मत जैन।
तिनकौं जोग्य अजोग्य विचार, भाष्यौ नीतिसार मैं सार ॥२४२॥
इन च्यारिनु के हैं मुनिराय, होय विसंघी तिनही सिवाय।
तिनकी पंकति-भोजन जांनि, करिवो जोग्य[1] नही सुषदांनि ॥२४३॥
वहुरि विसंघी लषि कै मुनी, न करि नमोसत यह गुर भनी।
च्यारयों[1] मिलि नमि असन करांहि, तामैं दूषन भाष्यो[2] नांहि ॥२४४॥
फुनि मुनि सावधांन ह्वै घणौं, श्रावक-संघ विसंघी तणौं।
तिनकौं करै न अंगीकार, कीऐं लागत दोष अपार ॥२४५॥

---

२३६ : १ कए। २ मौनि।
२३७ : १ ऊंचे। २ को।
२३८ : १ वह। २ अर्थ। ३ सूत्रनि। ४ कलापनि।
२४० : १ गृहस्त। २ सुद्ध। ३ तिनकौ। ४ वुधि चार।
२४२ : १ श्रावग।
२४३ : १ ज्योगि।
२४४ : १ चारयौं। २ भाष्यौ।

विसंधीन[1] को[2] सेवग[3] होय, वह श्रावक जो अपणो[4] कोय।
ताकौ गृहण करै नहि बोध, निज मत कौं करिवा कौं पोध ॥२४६॥

अरिल : मिथ्यादृष्टि तणो परीख्या कीजिए,
तवहो वाकौं निजमत दीक्ष्या दीजिऐ।
विनां परीक्ष्या वरसण-मत की हांस्य ह्वै,
वहुरि आप अरु धर्म तणौं भी नास ह्वै ॥२४७॥

छंद लषि वाई श्रावकणी अजिका जिह थानक मैं बसती होय।
गीता : वहुरि[1] मंडी[2] चित्राम-तणी ह्वै फुनि ह्वै और जाति की कोय[3] ॥
इनकै ढिगि ह्वै कांम उदीपन मन अति चंचल ह्वै गुन षोय।
तिह थानक मुनिराज सर्वथा[4] निसि मैं सुष सोवहु मति कोय ॥२४८॥

दोहा : चित्र तणी हू फूलती, लषि उपजत अनुराग।
तौ प्रतक्ष तिय संगि[1] रहैं, क्यौं न लगै मुनि-दाग ॥२४९॥
राह मांहि भी अजिका, साथिन मुनि चालंत।
आगै भी इन संग तैं, दूष अति पाऐ संत ॥२५०॥
होय अकेली जो तिया, ताकै संगि मुनीस।
भोजन करै न बैठंही, गोष्टि करै न भलीस ॥२५१॥
जिह जिह[1] थानक कै विषै, इंद्री धरै[2] विकार।
ताहि छांडि मुनिवर करैं, चारित रक्षा-सार ॥२५२॥

छंद सामायक सतवन वंदन फुनि पड़कमणौ[1] अर[2] प्रत्याख्यान[3]।
गीता : वहुरि करै कायोतसर्ग सव ऐ षट कहे आवसिक जांन ॥
ऐ किरिया तजि और[4] क्रिया कछु करहि न वहुरि गीत वाजित्र।
रसमय चित अनुरागि सुनै नहि तजै रहै मुनि सदा पवित्र ॥२५३॥
जिह जिह सास्त्र और विद्या करि समकित[1] संजमादि गुण हांनि।
होत मुनिनु कै सो सव सेवन छाड़हि जे मुनिवर गुनवांनि ॥

---

२४६ : १ विसंधोनि। २ को। ३ सेवक। ४ अपणौं।
२४८ : १ बहुर। २ मडो। ३ जोय। ४ सरवथा।
२४९ : १ संग।
२५२ : १ जिह जिह। २ धरै।
२५३ : १ पडिकमणं। २ अरु। ३ प्रत्यांख्यांन। ४ ओर।
२५४ : १ संमकित।

अजिका सिष्य गृहस्थ आदि नर थोड़ी बुधि वाले ओ[2] होय।
तिन आगें सिधांत आचार सु ग्रंथन वाचहि जे मुनिलोय ॥२५४॥
होय[1] विसंधी जती सु तिनकौं ग्रंथ सिधांत अवर आचार।
कबहू नाहि सुणाय पढावहु सुणिवौ हू बनकौ नहि चार॥
बहुरि वंदना पीछै[2] पहली कबहूं करिवो नांहि न[3] जोग्य।
ग्रैसें कही सास्त्रिन[4] मैं गुरु धारहि ते मुनि महामनोग्य ॥२५५॥

छंद अरिल[1] : दीषित[2] होय नवीन मुनीस्वर जासकौ,
वडी अजिका होय सु वेदं[3] तासकौं।
भक्तिभाव करिकै सब संका परहरै[4],
अजिका तें मुनि प्रथम वंदना नाहि करै ॥२५६॥
अजिका आप नमोस्त मुनी कौं जब करै,
कर्मक्षयोस्तु समाधिरस्तु मुनि ऊचरै।
श्रावग करै नमोस्त जपै मुनिनाथ सौं,
धर्म-विधी[1] देवै तब मुनि निज हाथ सौं ॥२५७॥
मिथ्याद्रष्टी[1] भी कोई वंदन कहै[2],
परि वह भले वरण को ह्वै निज कौं चहै[3]।
ताहि मुनीस्वर धर्मविधि[4] कहि अघ हरै,
सूद्रनि कौं कहि धर्मलाभ राजी करै[5] ॥२५८॥
समकित दरसण[1] करि चांडाल जु सुद्ध ह्वै,
करै वंदना मुनि कौं[2] मुनी सुवृद्ध ह्वै।
पापक्षयोस्तु कहै ताकौं सुभ वै नहीं,
वाकौं और कहन की विधि कछु है नहीं ॥२५९॥

कवित्त : गायक तमोली तेली माली छीपी कोटवाल,
बहुरि कलाल मद वेचै है वनाय कै।

---

२५४ : २ जे।
२५५ : १ होत। २ पाछे। ३ नु। ४ सास्त्रिनि।
२५६ : १ A अरिल only। २ दीक्षत। ३ बंदं। ४ परि हरै।
२५७ : १ वृद्धि।
२५८ : १ द्दिष्टि। २ कहै। ३ चहै। ४ वृद्धि। ५ करै।
२५९ : १ A दरण। २ कौं।

बेस्या और वाई फुनि मांगि षांने वाले,
जन मद वेचैं पीवैं तिन संगि रहे थाय कें॥
केते नींच कर्म करि आजीवका पूरी करें,
इन आदि सूद्रह नें जीवनि उपाय के।
तिन के मुनीस सावधांन ह्वै जो,
धर्म माफि करें न अहार घरि सर्वथा हीं जाय कें॥२६०॥

छंद गीता : महा मिथ्याती के घर मैं मुनि भोजन नांहि करें इम जांनि।
वनकें[1] वस्त सदोस वायरें तिह[2] कारणि[3] त्यागैं बुधवांनि॥
यातें भलो रसोई करि निज जो जीमण ठानें तौ ठांनि।
भाखी अधिक दोष लषि कें भवि निर्भ्रं नयन कही यह बानि॥२६१॥
ह्वै मध्यांन समैं तवही लषि दीन अनाथ दुषी को जीव।
तिनकौं भोजनादि वस्तनि[1] कौं हित करि कें द्यावंत[2] सदीव॥
इह[3] विध[4] करत[5] सावधांनी जे दयाभाव उर[6] धारि मुनिंद।
पूजनीक ते[7] मुनिनु मांझि ह्वै करहि प्रसंसा तिनकी इँद॥२६२॥
मुनिवर होय तावड़ें ठाढे फुनि छाया कें मधि आवंत।
छाया तें चलि जात तावड़ें[1] काहू कारणि[2] जे गुण संत॥
कालो धरती तें गोरी मधि गोरी तें काली मैं जात।
दया जांनि जीवनि की लें करि पीछी सोधत है निज गात॥२६३॥
रुके होय घर जा गृहस्थ[1] के वँधे होय सु[2] आंगन मांहि।
विण[3] त्रिण वहुरि अन्न सूकत इन आदि जु कर्म सदोष[4] लषांहि॥
भोजन करें नहीं मुनि ता घरि दोस न ह्वै ता कें घरि जाय[5]।
ठाढे सात स्वास लौं रहि फुनि दाता न ह्वै और[6] घरि जाय॥२६४॥

चौपई[1] : मुनिवर भलो[2] बुरो[3] भी कोय, अपणौ और परायो[4] होय।
भूष मरत लषि कें अंन-दांन, देहु गृहस्थ विलंबन ठांनि॥२६५॥

---

२६१ : १ उनकें। २ तिह। ३ कारण।
२६२ : १ वसतनि। २ द्यावंत। ३ इह। ४ बिधि। ५ करें। ६ कौं। ७ जे।
२६३ : १ तावडे। २ कारण।
२६४ : १ ग्रहस्थ। २ पसु। ३ विन। ४ दोस। ५ जाय। ६ और।
२६५ : १ चोपई। २ भलौ। ३ बुरौ। ४ परायौ।

छपै : सम्यकद्रष्टी[1] होत[2] ग्यान चारित्र धरै विनि।
सो अतिसय करि पात्र होय आचर्ण[3] करै मुनि॥
मिथ्याद्रष्टि होय ग्यान चारित कौ धारी।
सो नहि पात्र कहात कुमारग[4] को अधिकारी॥
जे होत सुपात्र सुमारगी तिन्है दांन देवो जुगति।
मति पाखंडी कौं देहु भवि दिऐ वढै मिथ्या कुगति॥२६६॥

सोरठा : जीरण ह्वै जो कोय, प्रतिमा पोथी देहुरा।
फिरि थापें अति होय, पुंन्य न ऐहू करण तें॥२६७॥

सवैया : सूतौ तथा चित्त ह्वै उदविग्न[1], करै मल मूत्र किधौ जवही को।
कर्म क्रत्तौ होय निंदिहू ताहि, करे नहीं वंदना साध-रतो को॥
ह्वै सावधांन जवै सव ही विधि, धर्म औ ध्यान मैं लीन जती को।
ताही मुनिस कौ वंदना जोग्य, कही करवो सु भलौ[2] सवही कौं॥२६८॥

दोहा : करि नमोस्त निरगृंथ कौं, अजिका कौं वंदांम।
उत्तिम[1] श्रावग कौं करै, निज मुष तें इछांम॥२६९॥
भोजन नमण सु आदि की, जे हैं रीति सुजांण।
पूर्वाचारिज मांनि ह्वै, सोही करहु प्रमांण॥२७०॥

सोरठा : पूर्वाचार्य उलंघि करै, रीति वोछी अधिक।
वह मिथ्याती संघि, वड़े पुरिष वंदै नहीं॥२७१॥

छंद पद्धरी : मुनि ऐकाकी जु करै विहार,
पावै नहि धर्म कहूं लगार।
दूजे मुनिकै रहिजे जु[1] संग,
तव होयै है सुभ धर्म अंग॥२७२॥
मुनि पांच च्यारि फुनि कहैं[1] तीन,
तिनहीं कै साथि मुनि नवीन।

---

२६६ : १ दिष्टि। २ होय। ३ आचरण। ४ कुमारिग।
२६८ : १ उदविग्न। २ भलं।
२६९ : १ उत्तम।
२७२ : १ सु।
२७३ : १ कहे।

करिए बिहार इक रहहि[2] नांहि,
गिरणती कौ ह्वै बह गच्छ मांहि ॥२७३॥
मद मांस मधू विनि मंत्र साधि,
बहु करत सिद्धि देवनि अराधि।
जे मद आदिनु तैं होत सिद्धि,
ताकौं असिद्ध कहिए नषिद्धि[1] ॥२७४॥
मुनि धारि रहै तन वस्त्र सील,
निरगृंथ पणं राषै सुडील।
त्यागरण ह्वै जो निज देह प्रांरण,
नहि जोग्य वस्त्र गृहणौ[1] प्रमारण ॥२७५॥

चौपई : पंच प्रकार वस्त्र करि हीन[1], जे संजम धर मुनि-तन षीन।
भींटल राषत दर्व्य न हीन, मांनत तिन्है पुरिष परवीन ॥२७६॥
कवहू लेत नहीं मुष सोधि, ठाढे जीमत दयापयोधि।
मेट संघ सौं ले नही रती, ते जग मांही सांचे जती ॥२७७॥
दीक्ष्या[1] दाता फुनि जु पढावै, आचारादिक गृंथ वंचावै।
दोषरहित गुणसहित जु होई, ताहि गुरू कहिए भवि-लोई ॥२७८॥
मूल संघ गण गच्छ सुपात्र, जुक्त होय मुनि जैनी मात्र।
सवही गुरु करि मांनौं जेह, इनमै और न करि संदेह ॥२७९॥
पुस्तकसंघ वृद्धि के काज, अलप अजाच्यौ धन रिषराज।
कालदोष करि जे राषंत, तिनकौ दोष नहीं है संत ॥२८०॥

दोहा : अब फुनि वरसां सैकड़ा, पाछैं जाहु सरीर।
तजै न मारिग सर्वथा, जे विवेकधर धीर ॥२८१॥

छंद पधरि : जिह मुनि कौ चित ह्वै सदा सुद्ध[1],
लगि रह्यौ आतमां मैं सुबुद्ध।

---

२७३ : २ रहहु।
२७४ : १ निषिद्धि।
२७५ : १ गहणौं।
२७६ : १ होण।
२७८ : १ दीक्षा।
२८२ : १ सुध।

ताकौ नृप वा श्रावक जु होय,
क्यौं ही करवा समरथ न कोय ॥२८२॥
लषि बस्तिकांनि[1] मैं मुवो जीव,
पंचेंद्री फुनि लोहो अतीव।
मुनिवर कौं रे भवि तास मांहि,
पडिकमणौं करिवो जोग्य नांहि ॥२८३॥

चौपई : मुनि दिगंवर जे गुणग्राही, वांचत है सिद्धांत सदा ही।
ते एते दूषन[1] कौं टारैं, तब ही इनके वैन उचारैं ॥२८४॥
वांचत विख्यान वैठत पाटैं, भूमि षेत्र ले सोधिनि राटैं।
ह्वै निरजीव तहां ही वांचै, वहुरि विनय तैं अति ही राचैं ॥२८५॥
ते उतकिष्ट[1] मरण कौं करिहै, सुभ गति मांझि पाव वे धरिहैं।
करत वंदना जव प्रभु काजैं, ऊंचे आगुल[2] चवलौ[3] राजैं ॥२८६॥
वहुरि समै संध्यारज वरषैं, गृहण सु उलकापातहि परषैं।
चमकत वीज मेघ वहु गरजैं, तबहूं वाचत नहि मुनिवर जे ॥२८७॥
विनहीं काल सुद्ध हू भाषैं, तेहू फल आछे नहि चाषैं।
अध्यातम सिधांत आचार[1], गृंथ प्रायश्चित किरियासार ॥२८८॥
विनि विधि वाचन तजौ प्रसंगा[1], फुनि ह्वै कोय विसंघी संघा[2]।
तिन हूं कै संगि वाचत नांही, यह गुर नीकैं सीष वतांही ॥२८९॥
करत प्रायश्चित जे मुनि चोषा, सास्त्र मांझि देखि वह दोषा।
'माफिक गृंथ प्रायश्चित देणां'[1], घटि वढि देय[2] दोष क्यौ लेणां ॥२९०॥
गणधरांनि की तौ गुर-भक्ति, करि अति नमसकार कै जुक्ति।
मुनि नवींन दीक्षत ह्वै ताहि, वंदन प्रति वंदनां कराहि ॥२९१॥

मुनि सास्त्र-करता नांम-वर्नन

अरिल[1] : भद्रवाहु श्रीचंद वहुरि जिनचंद है,
तिनकी मुनिवर-गन मैं वुधि अमंद है।

---

२८३ : १ वस्तकांनि।
२८४ : १ दूषण।
२८६ : १ उतकृष्ट। २ आंगुल। ३ चउलौ।
२८८ : १ आचार।
२८९ : १ प्रसंग। २ संग।
२९० : १ 'माफिक दोष प्रायश्चित देणां'। २ देइ।
२९२ : १ छंद अरिल।

गृधपछि[२] फुनि लोहाचारिज नाम हैं,
ऐलाचारिज पूजिपाद अभिरांम है ॥२९२॥
बड़े कवीस्वर[१] वीरसेनि[२] जिनसेनि[३] है,
इक दस एँ गुणनंदि भले तिनु बैन हैं।
सुमतिभद्र श्रीकुंभ अवर सिवकोटि ऐ,
कहे सिवायन विस्वसेन जग बोटिऐ ॥२९३॥
गुणभद्राचारिज गुण अधिक विराज हीं,
है अकलंक रु सोमदेव छवि छाजही।
प्रभाचंद अरु[१] नेमचंद[२] मुनिराज है,
ऐ ईकईस[३] भऐ गुर धर्म-जिहाज है ॥२९४॥
इत्यादिक जे मूलसंघ-धारक मुनी,
जिनके रचे सासत्रिनि नांचत है दुनी।
तिनके वचननि वांचि मांनिवो जोग्य है,
जे मांनिहि ते जगमैं महामनोग्य है ॥२९५॥

दोहा : रचे जु संघाभास मुनि, ग्रंथ भले भी कोय।
तिनहि वाचिवो मांनिवो, जोग्य नही भवि लोय ॥२९६॥
कारण याकौ यह लषौ, वे कहि मीठी वात।
फुनि लुभाय वह काय कै, निज मत मैं ले जात ॥२९७॥

अरिल[१] : पूर्वाचारिज वचन कहै सो मांनिऐ,
वीतराग के वचनतुल्य वे[२] जांनिऐं।
जांनन वाले भविया पंचम काल मैं,
वंदनीक ह्वै है गुर परम दयाल मै ॥२९८॥
पहिलैं दर्व्य लंग कौं धारत है गुनी,
पीछै ह्वै है भाव-लिंगधारी मुनी।
विन दर्वो वह व्रत हू करतौ होय जो,
वंदनीक नहि होय जगत मै सोय जो ॥२९९॥

---

२९२ : २ गृद्धपछि।
२९३ : १ कवीसुर। २ वीरसेन। ३ जिनसेन।
२९४ : १ अरु। २ नेमिचंद। ३ इकईस।
२९५ : १ सासत्रनि।
२९८ : १ अरिल छंद। २ बे।
२९९ : १ लिंग।

कवित्त : वर्ष्य-लिंग कौ स्वरूप[1] यह जानिऐं अनूप,
विना वस्त्र होय ते दिगंबर[2] कहात हैं।
सिर डाढी मूछनि के केसनि की लौंच करै,
कांखादिक बाल बधे मजरि जे आत हैं॥
आभरण नांहि कमडल पीछी हाथ मांहि,
धरै यह रूप सब ग्रंथनि मैं गात है।
वर्ष्य है सुभाव ही कौ कारण प्रतक्ष[3] दीसै,
भाव है सु अध्यातम गोचर बतात हैं॥३००॥

सोरठा : मुद्रा जग में मांनि, विनि मुद्रा नहि मानि[1] ह्वै।
नृप मुद्रा करि जांनि, लघु नरकौं मांनै वड़ो[2] ॥३०१॥

छंद : यह भेद कहूं प्रतिमां के, लषि काष्ठ आदि कछु ताकै।
वह स्वेतांवरी जु होई, काष्टासंघी ह्वै कोई॥३०२॥
ताकौ वंदन नहि कीजे, परतिष्ठा सुद्ध नही जे।
यातै वंदन वरजी जे, मुनि की विधि ऐ सुनि लीजे॥३०३॥
ह्वै रूप कुलंगी वाकौ, वंदन न करो भवि ताकौ।
उपदेस तवै विपरीता, तातै वरज्यौ यह मींता॥३०४॥

दोहा : जिह जिह कारिज तैं धर्म[1], वधैं सु करै सही सु।
माननीक ह्वै ते जती, निंदन जोग्य नही स[2] ॥३०५॥

छंद चाल : मुनि पैं मुनि कोई आवै, आदर करि तिह बैठावै।
प्राघुनिकी विधि कर वांहीं, वढि चालै वरजैं नांही॥३०६॥
पाटा पोथी पींछी वै, विन मांगें नांही छीवै।
जब लौं वह संगि रहावै, भिष्या कौं भ्रमण करावै॥३०७॥
यह धर्म निरंतर भाष्यौ, मुनि राजनि सो अभिलाष्यौ।
फुनि निज गुर के आंवन की, विधि कहूं तोहि[1] पांवन की॥३०८॥

---

३०० : १ सरूप। २ दिगंबर। ३ प्रतक्षा।
३०१ : १ मान्य। २ वडे।
३०५ : १ धरम। २ सु।
३०६ : १ छंद।
३०८ : १ होन।

गुर आत दूरि तें देषै[1], वढि[2] निकटि जाय पद पेषै।
अनकूल[3] होय मुनि आगें, करि नमसकार अनुरागें ॥३०६॥
सेवा तिन की बहु करई, करि सुद्धभाव[1] अघ हरई।
नहि को या धर्म-समांनों, यह सकल-सिरोमनि जांनों ॥३१०॥

दोहा : दया करें गुर सिष्य पें, पुस्तकादि जो देय।
भावसहित दुहूं हाथि[1] लें, सिषि वंदना करेय ॥३११॥

चौपई : जौ लौं मरण करें जग मांहि, वचन दीनतां भाषें नांहि।
आजीवका निमत्ति जे मुनी, धर्म-ध्यांन छाड़ें नहि[1] गुनी ॥३१२॥

दोहा : षुध्या करि ह्वै दूवले, मैलौ होय सरीर।
ऐ भूषण हैं मुनिनु के, लाज मरें नहि धीर ॥३१३॥
मन करिकें मुनि सुद्ध ह्वै सोही सुद्ध कहाय।
मन विनि तन सुध होत नहि, कोटि सनांन कराय ॥३१४॥

छप्पै : कार्य अकार्य विचार जांणते ह्वै सव भाषा।
सर्व सास्त्र कौ अर्थकरण[1] की है अभिलाषा॥
धर्म तणौं उपदेस देंनवारे[2] मुनिराई।
ह्वै गुणवांन जु कोय ताहि मांनों सव भाई॥
फुनि होय सुद्ध मुनि निगुण हूं, मुद्रा लषि कें मानिऐं।
श्रावग सु अवग्या साध[3] की मन वच तन नहि ठांनिऐं ॥३१५॥

सोरठा : धर्म तणौं व्यौहार, उपदेसी कें आसिरें।
है यातें यह सार, जोग्य वात तुमकौ कही ॥३१६॥

छंद गीता : भक्त विसंघी कौ श्रावक जो भक्ति जुक्ति करि भोजन देय।
भोजन[1] भांड़[2] सुद्धता करि कें तहां मुनीस अहार करेय॥

---

३०६ : १ देखें। २ उठि। ३ अनकूल।
३१० : १ भाव सुद्ध।
३११ : १ हाथ।
३१२ : १ नहीं।
३१५ : १ अरथकरण। २ वाले। ३ साधु की।
३१७ : १ भाजन। २ भंड।

भंड कहे मांटी के वासरण भाजन कांसी पीतल मांनि।
तहां ग्रहार ले न नहि वर ज्यौ दे सो ही वह उत्तिम[3] दांनि ॥३१७॥
श्रावक जो कदाचि ग्रैसो ह्वं भाजन भंड तास घरि सुद्ध।
ह्वं पाषंडी निंदनीक ग्रति मुनिजन तं ते[1] धरहि विरूद्ध ॥
ता घरि भोजन करं नही मुनि जे धरमातम हैं गुन-षांनि।
महापाप तै भरयौ ग्रंम्र लषि करि निदांन वह छोड़त जानि ॥३१८॥

सोरठा : नहि भीटत सुमरंत, चित्र काठहू की तिया।
तौ सांची तिय संत, छुप क्यौ लहै न ग्रापदा ॥३१९॥

चौपई : चित्रहू[1] की तिय भींटी होय, तिह दिन भोजन करं न कोय।
जीमि चुषयो ह्वं जो मुनि सत, तौ वेलौ करि दोष हरंत ॥३२०॥
सपरस जिह्वा दीन्हौं दंड, तिह करि जग ठांनै पाषंड।
तातं ब्रह्मचर्य कौं धरं, जती मनुष्य[1] ह[2] गुरण ग्राचरं ॥३२१॥
मुनि श्रावक जो संघ मझारि, करं विघन तिह देहु निकारि।
सर्प डसं जो निज ग्रांगुली, दूरि किऐं सु बचं विधि भली ॥३२२॥
सम्यक दसर्ण[1] करिहू सुद्ध, थोड़ो ही तप करत सुबुद्ध।
ताहो तपतं कटिहै कर्म, तातं पालहु समकित धर्म ॥३२३॥
समकित ग्यान चरित को मूल, या विनि मुक्ति न ह्वं ग्रनकूल।
मोषि तणौं निज साधन ऐहु, ग्रौर नही है भवि लष[1] लेहु ॥३२४॥
प्रतिकमरणौं[1] फुनि लौंच करंत, चौदसि ग्राठं ग्राय पड़ंत।
तौ तिथि है सराहिवा जोग्य, इनमैं कारिज होय मनोग्य ॥३२५॥
जिह जिह[1] वातां मैं गुरण घरणौ, ह्वं ताकौं वलवांन सु गिरणौं।
या तं सबही तिथि मैं जांनि, चौदसि ग्राठै है ग्रति मांनि ॥३२६॥

---

३१७ : ३ उत्तम।
३१८ : १ जे।
३२० : १ चित्रहु।
३२१ : १ मुष्य। २ यह।
३२३ : १ दर्शन।
३२४ : १ लषि।
३२५ : १ प्रतिक्रमरणौं।
३२६ : १ जिहि।

जिन जनमादिक तिथि फुनि क्रिया, बहुरि महीना सो मुखि लिया।
जोग करण अर वार नषित्र, ऐ प्रधांन मति गिरणहु विचित्र ॥३२७॥
चववा द्वै घटिका निसि रहई, तव पूर्वान[1] वंदना चहई।
दोय घड़ी मध्यांन करांही, प्रभु-वंदन करि मन हरषांही ॥३२८॥
च्यारि घड़ी कौ है अपरांन[1], करि वंदना यहै परमांन।
नमै[2] आवै नजरि नषित्र, तव समायक तजहु विचित्र ॥३२९॥
धर्म-काजि तिथि अधिकी[1] होय, सो ही कांम तणी गिणि लेहु।
आदि अंत मध्य कौ भेद, करि सक्कति तै तजो विनि षेद ॥३३०॥
जिहि तिथि विषै जु किरिया कीजे, वह किरिया ही मांनि कहीजे।
क्रिया करण कौ ह्वं नहि काल, ग्रामादिक[1] कौं ह्वं जो चाल ॥३३१॥
तौ घटिका द्वै पहली क्रिया, करि लीजे दूषन नहि भिया।
जो प्रमाद करि भूलि गऐहु, तौ घटि द्वै पाछै करि लेहु ॥३३२॥

दोहा : दिनि[1] घटिका छह चढि चुकै, तव स्वाध्याय सु आदि।
किरिया सारो कीजियौ, पहलै करहु न वादि ॥३३३॥

चौपई : भाषत ईद्रनंदि मुनिराय, पूर्वाचार्यनु कौ मत पाय।
थोड़ो सो मारग यह कह्यौ, जो विस्तार लष्यौ तुम चहौ ॥३३४॥
तौ वनके[1] जो कीन्हे ग्रंथ, तिन मै देषि लेहु सुभ पथ।
तीर्थंकर-मत कौ अभिप्राय, सर्व कौंन करि जांन्यौ[2] जाय ॥३३५॥
ता तै वन कौ[1] आग्या संत, मांनै ते सुष लहै अनंत।
या भव पर-भव-फल सुभ पाय, कर्मि-कर्मि सिव पहुचै जाय ॥३३६॥
औसै सौभा करि वह मुनी, इंद्रनंदि आचारिज गुनी।
जग मांहि जयवंतौ रहै, फुनि कैसौ है सौ कवि कहै ॥३३७॥

कवित्त : परमत-वादी गजघटा दूरि करिवे कौं,
वांनी जाकी जगत मैं सिंघ कै समांन है।

---

३२८ : १ पूर्वाह्न।
३२९ : १ अपराह्न। २ नभ।
३३० : १ अधकी।
३३१ : १ ग्रामांतर।
३३३ : १ दिन।
३३५ : १ उनके। २ A जोन्यौ।
३३६ : १ उनकी।

फुनि बहु आनत पदारथनि के सरूप,
देवनि कै मांनि धारैं निमत सुग्यान हैं ॥
कुंदकुंदाचारिज गुरू के पद-सेवन तै,
आगम आचार ग्रंथ मांझि सावधांन हैं।
वै ही इंद्रनंदि रच्यौ संसक्रत नीतिसार,
भाषा वषतेस करी ताही कै प्रमांन है ॥३३८॥

अथ विसंघ उतपति-वर्नन

दोहा : यां ही मत्त[1] मैं नीसरे, संघ जिते जो और।
तिनहूं की उतपति बहुरि, सुनहु ठिकांनौं ठौर ॥३३९॥
आभा यन मै पाइयतु[1], कछुक यक[2] जैन प्रकास।
ता तै इनकौं मुनिनु मिलि, भाषे जैनांभास ॥३४०॥

अथ संघ-नांम-वर्नन

दोहा : इक स्वेतांवर संघ फुनि, दूजौ द्रावड़ जानि।
ज्यापनीय अरु कासटा, निपछ्र पंचमौं मांनि ॥३४१॥
तिन मैं तै जे नीकसे, मत कितेक हठ ठांनि।
तिनहूं की आगै कछू, कहिहौं कथा वषांनि ॥३४२॥
निकसे स्वेतांवर पथम, जे जे ठानी रीति।
कहौं ग्रंथ अनुसार तै, सुनिऐ भवि करि प्रीति ॥३४३॥

अथ भद्रवाहु चरित्रे न उक्तं

दोहा : भद्रवाहु के चरित मैं, जे भाषी मुनिराय।
सौ सब वाही ग्रंथ की, भाषा धरी वनाय ॥३४४॥
गोवरधन मुनि कै भये, भद्रवाहु सिषि सार।
पाठी ग्यारह अंग के, चवदस[1] पूरव धार ॥३४५॥
तिनकै संगि सदा रहैं, मुनि चौवीस हजार।
नगर अवंती कै निकटि, मालव देस मझार ॥३४६॥

---

३३९ : १ मत।
३४० : १ पायइतु। २ यक।
३४५ : १ चउदस।

या नगरी उजेरिण कौ, चंद्रगुप्ति[1] नृप नांम।
धर्म-ध्यांन मैं निपुन निज, वहुरि देस पुर ग्रांम ॥३४७॥
एकैं निसि सोलह स्वपन[1], लखे जबैं महाराजि।
आय सबैं मुनि कौं कहे, फल पूजन[2] के काजि ॥३४८॥
भद्रवाहु भाषी नृपति, फल सुनिऐ चित लाय।
आवत इँह अब[1] काल मैं, असैं ह्वैं है राय ॥३४९॥

सोलह स्वपन[1]-वर्नन[2]

छंद गीता : स्वर-वृक्ष की साषा षिरत देषी स्वपन मैं भूप,
फल यह सुनौं आगे नृपति दीक्ष्या धरें न अनूप।
सूरिज लख्यौ जब अस्त होत सु काल पंचम मांहि,
मुनिराज ग्यारह अंग चौदह पूर्व धर ह्वैं नांहि ॥३५०॥

दोहा : चन्द्र जु देष्यो छिद्रजुत, ताकौ फल यह जांनि।
जिन-मत मांझि अनेक मत, फटि है लीजे मांनि ॥३५१॥

छंद गीता : तुम सर्प[1] वारह फरण तरणौं, देष्यो अहो भूपाल।
फल लषहु वारह वरष कौ, पड़ि है वहुर भषि-काल ॥
उलटौ विमांन जु लख्यौ, जात सु रहै पंचम काल।
ता में विद्याधर स्वर[2]मुनी, चारण न आवहि हाल ॥३५२॥
ऊग्यौ लख्यौ रौड़ीकमल सो, वैस्य जिनकौ धर्म।
पालि है फुनि छत्री[1] सु, व्रांह्मरण तजे जिन आसर्म ॥
नांचते देखे भूत सो नर से यहैं स्वर[2] नीच।
आगया तरणौं देष्यो उद्योत सु जिन धरम कै वीच ॥३५३॥
उपदेस जिन-भाषित करन वारे कहुं कहु होय।
मिथ्यत जे है फैलि सो यामैं न संसय कोय ॥
देष्यो सरोवर वीच मैं सूको सु पांरणी अंत।
फल सुनहु जन्म कल्यांन आदि सुषेत्र जांनि महंत ॥३५४॥

---

३४७ : १ चंद्रगुप्ति।
३४८ १ सुपन। २ बूझन।
३४९ : १ अब इह।
३५० . १ स्वप्न। २ फल बर्नन।
३५२ : १ सरप। २ सुर
३५३ १ षित्री। २ सुर।

सो ही जु तीरथ जांनि फुनि जैनी न ह्वै तँह कोय।
जिन-धर्म दक्षिण दिसि रहैगो जाय हे भवि लोय॥
कूकर कनक के थाल में खातो लष्यौ तें षीर।
फल जांनि छोटी जाति लछिमी[1] वांन ह्वै हैं वीर॥३५५॥
गज परि[1] लष्यो मरकट चढ्यो फल यहै कुल जें हीन।
ह्वै नृप तिनके दास उत्तिम कुल तणें ह्वै दीन॥
मरजाद तजत लष्यो उदधि सो अव जु ह्वै भूपाल।
अन्याय करि लछिमी सबनि की हौं हि घूटनवाल[2]॥३५६॥
बहु वोझ कौ रथ वाछडे षंचते देषे सुद्ध।
फल तरुण वर्षादिक[1] करैं नहि करैं जे ह्वै वृद्ध॥
सुत लष्यो नृप कौ चढ्यों ऊट[2] सु फल जिके नृप लोय।
निज धर्म तजि हिंसादि-कर्म सु करहिं लज्जा षोय॥३५७॥
देषी ढकी[1] नृप धूलि तें रतनां तणी जो रासि।
फल मुनी आपस मांहि करि हैं ईरषा परकासि॥
फुनि जुद्ध-काले गजनि कौ देष्यो सु फल ये मेघ।
नहि वृष्टि मनवंछित करैं रहिवो करैं उद्वेग[2]॥३५८॥

दोहा : फल यम सोलह सुपिन कौ, सुनि नृप भये उदास।
चित वैराग विचारि कं, दीक्ष्या[1] ले मुनि पासि॥३५९॥
रहन लगे सब संग ही, करत[1] तपस्या घोर।
फुनि जु भई सो हू सबै, सुनहु कथांनक और॥३६०॥
ऐकं दिवसि अहार कौं, श्रावग कं घरि जाय।
तहां ऐक अचिरज[1] लष्यो, भद्रबाहु मुनिराय॥३६१॥
लरिका देष्यो पालनं, वोलन की विनि सक्ति।
जाह जाह असें कह्यो, ह्वै मुनि अचिरज-जुक्ति[1]॥३६२॥

---

३५५ १ लखमी।
३५६ : १ पर। २ लूटनवाल।
३५७ : १ वरसादिक। २ ऊंट।
३५८ : १ लषी। २ उदवेग।
३५९ : १ दीक्षा।
३६० : १ कर।
३६१ : १ अचिरिज।
३६२ : १ जुक्त।

बूझी लरिका तें मुनि, याकी अवधि बताय।
लरिकै फुनि[1] मुख तें बये, बारह बरष बताय[2] ॥३६३॥
अंतराय करि कैं फिरे, उलटे ही मुनिराय।
आये बन मैं संघ-मधि, करत विचार सुभाय ॥३६४॥

चौपई : ताही समये निमत विचारी. भद्रबाहु बोले तिह वारी।
सब ही मुनि सुनिये गुनपाल, परिहै बारह बरष दुकाल ॥३६५॥
ता तैं दक्षिण दिसि कौं चलें, वा दिसी धर्म सधैंगो[1] भले।
तब बनमैं[2] ते आये मुनी, सांची मांनी जो गुर-भनी ॥३६६॥
तिन मैं भद्रबाहु अनगार, दूजे चन्द्रगुप्ति[1] ह्वै लार।
ऐ तौ द्वै उद्यांन[2] बन गये, लषि इक गुफा तास ढिगि रहे ॥३६७॥

दोहा : भद्रबाहु तौ अवधि लषि, लियो सकल संन्यास।
तप करि काल वितावहीं, करि करि के उपवास ॥३६८॥

चौपई : तहां करत बोऊ उपवास, काल षिपावत धारि हुलास।
फुनि मुनि भद्रबाहु यह कही, जो पुर ग्रांम[1] नगर ह्वै नही ॥३६९॥
तौ अहार कौं वनि मुनि जाय, जोग मिलै तौ तहां कराय।
अैसें कही जिनागम मांहि, सो हू करिये दूषन नांहि ॥३७०॥

सोरठा : यह सुनी गुर के वैन, चंद्रगुपति वन जात निति।
तब अहार कौं दैन, वन देवी इक आय करि ॥३७१॥
कबहू भोजन ठांनि, अंतरीछि वह ह्वै गई।
कबहू अकेली आंनि, बैठी भोजन दैन कौं ॥३७२॥
इँह विधि लषि मुनिराय, अंतराय करि करि फिरे।
तप किय मन बच काय, काहू भांति चिगे नही ॥३७३॥
गाढ परीक्षा मांहि, लषि देवी नगरी रची।
तहां अहार करांहि, मायामय श्रावगनि कैं ॥३७४॥

---

३६३ : १ फिरि। २ बताय।
३६६ : १ सधैंगो। २ उनमैं।
३६७ : १ चंद्रगुपति। २ उद्यांन।
३६९ : १ ग्राम।

फुनि कछु काल बिपाय, भद्रबाहु सुरगनि गये।
गुर-पादि[1] कराय, चंद्रगुप्ति[2] पूज्यो करें ॥३७५॥
कबहु ग्रहारहि जात, कब हू वपवास हि करें।
तप करि कर्म वियात, इम बीते बारह वरष ॥३७६॥

चौपई : और बिसाषाचारिज आदि, सिषि हजार बारह कछु बादि।
सब ही दक्षण दिसि कौं जाय, पाल्यो धर्म सु मन वच काय ॥३७७॥
बीतें अवधि विसाषाचारिज, संघ जुत जहां पादिका-वारिज।
आय पूजि पादिका जुपति[1] सौं, चंद्रगुपति मुनि मिले भगति सौं ॥३७८॥
बूझी तुम अहार किह रीति, वन मैं लेत कहौ करि प्रीति।
चंद्रगुपति कही नगर बसंत, वन मैं तहां अहार करंत ॥३७९॥
फुनि जे आये मुनि विनि वास, तिनु तिह दिन कीन्हौ वपवास[1]।
दिवसि पारणे कै अनगार, किते गये पुरि लैन अहार ॥३८०॥
तिन मैं यक[1] पीछी धरि तरु पै, लेय अहार गयो बन गुर पै।
यादि आ गई पीछी जब ही, उलटौ लैन चल्यो वह तब ही ॥३८१॥
तरु परि पीछी लषी महांन, लष्यो न पुर कौ आही ठांन।
तब यह बात सबै गुर पासि, आय[1] कही जिम भई प्रकासि ॥३८२॥
बोले गुर तुम विना विचार, लीन्हौं मायामई अहार।
पै तुम चद्रगुपति धनि मुनी, गाढे रहे धर्म मै गुनी ॥३८३॥
तुम्हरौ लषि कै गाढ अपार, देवि जुक्ति सौं दयो अहार।
पै याकौं यह प्राछित भयो, सो तुम मुनि-पद धारो[1] नयो ॥३८४॥
करि छेदोपसथापन नवै[1], दीक्षा लीजे फिरि तुम अवै।
तब ऐ गुर के उर धरि वैन, वीक्ष्या[2] चंद्रगुप्ति लई अैन ॥३८५॥

---

३७५ : १ पादिका। २ चंद्रगुपति।
३७८ : १ जुगति।
३८० : १ उपवास।
३८१ : १ इक।
३८२ : १ आई।
३८४ : १ धारौ।
३८५ : १ अबै। २ दीक्षा।

और मुनी जे लारै गये, तिनहूं सवनें प्राछित लये।
जथाजोग्य गुर-आग्या पाय, तप कीन्हौं तिनु मन वच काय ॥३८६॥

दोहा : नही गये दक्षिण दिसा, रहे यहां मुनि संत।
थूलभद्र फुनि रायमल, इन दे आदि महंत ॥३८७॥

चौपई : रहे मुनी जे विना विचार, यही मालवा देस मझार।
दुरभष्य पड्यौ सु संसय नांहि, अति भयभीत भये मन मांहि ॥३८८॥
नगरी मैं अहार कौं जाय, भूषे मनिष लगे तहां आय।
करि अहार यक मुनी निसंक, आवत लषि दौरे वहु रंक ॥३८९॥
सव मिलि वाकौ पेट विदारि, षायो काढि जु लयो अहार।
तव श्रावकनि सुनी यह वात, कंपन लगे जांनि उतपात ॥३९०॥
जाय मुनिनु सौं विनती करी, अहो सुनहु हम यह चितधरी।
लाठी पात्रा राषो हाथि, ले अहार जावो मिलि साथि ॥३९१॥
वन मैं भोजन करिये भले, तौ ऐ रंक टलै तौ टलै।
अैसैं हूं कितेक दिन कीन्ह, तौ हू रंकनि अति दुष दीन्ह ॥३९२॥
तव फिरि पचन मिलि यम कही, निसि भोजन ले जावो सही।
प्रातः अहार करो मुनिराज, सीत उक्षम[1] की करहु[2] न लाज ॥३९३॥
अैसें करत ऐक निसि मुनी, आऐ इक श्रावग कै गुनी।
डरि इक तिय राक्षस-सम हेरि, गर्भ गिरयो ता को लिहु वेरि ॥३९४॥
यह फुनि सुनि पंचनि मिलि आय, करि मुनिनु तैं अरज सुभाय।
हे महाराज्य सुनौ अव ऐहु, आधो आधो कंम्मल लेहु ॥३९५॥
सिर परि धारो वेठो ताहि, तौ हमरो यह दुष मिटि जाहि।
तव अैसें ही वनु मिलि करी, मरजादा सव ही परहरी ॥३९६॥
सव मिलि करी न काहू चैंहरयौ, तव तैं अर्धफालक-मत ठेंहरयो।
या विधि सौं अहार ले जांही, वन मै सीलो[1] भोजन षांही ॥३९७॥
तौहू रंक वहां[1] चलि जाय, दुष दे षोसि अहारहि षाय।
तव श्रावकनि यह विधि सुनी, विनयें तुम दुष पावत मुनी ॥३९८॥
गये नगर मै तिनहि लिवाय, ठौहर सवको दई बताय।
पांच सात मिलि इकठां रहैं, भोजन विहरि ल्यात जो चहैं ॥३९९॥

---

३९३ : १ उष्ण। २ करो।
३९७ : १ सीलो।
३९८ . उहां।

जुड़ि किवाड़ सब मिलि श्रीमंत, सो विधि चली जात अवसंत।
बारह बरष विताये येम, फुनि आये मुनि धारी नेम ॥४००॥
दषिरण तें जु विसाषाचारिज, मुनि दे आवि करत सुभ कारिज।
तिन पे थूलभद्र फुनि सब मिलि, सिक्षि एक कौं कही जाहु चलि ॥४०१॥
देषहु चलन धर्म सब वनकौ[1], ज्यौ संसय भाजें सब मन कौ।
वह सिषि गयो मुनिनु कै यांही, करी वंदना मन हरषांही ॥४०२॥
वनु[1] प्रति बंदन कीन्ही नांही, वह वलटौ आयो वन[2] यांही।
सबै हकीकति वनकी[3] कही, थूलभद्र वोले तव यही ॥४०३॥
प्राछित ल्यौ गुरभाषित सबै, करि छेदोपसथापन अबै[1]।
सब ही मिलि के दीक्ष्या[2] लेहु, यहां रहे सो विनि संदेहु ॥४०४॥
तब सब कही अबै मुनि-ईस, सहि न सकै प्रीसह बाईस।
तिनके नाम बहुरि विधि सुनौ, कैसें सहैं सु तुम हीं भनौ ॥४०५॥

सोरठा : षुध्या त्रषा[1] अरु सीत, उक्ष्म दंस मंसक बहुरि।
नगनपनौ अति भीत, ऐ षट कैसें सहि सकै ॥४०६॥
अरति परीसह जांनि, घर सूने मधि ध्यान दे।
जीवदया जिय ठांनि, पिछले भोग न चिंतवें ॥४०७॥
स्त्री-परीसह ऐह, सहस अठारा वाड़िजुत।
सील धरें निज देह, तिय निरषन वोलन तजें ॥४०८॥
चर्या यह तू जांनि, चलै पयादे मग निरषि।
कंटक भागें आंनि, तौहू रहैं उवांहने ॥४०९॥
निषद्या है यह ठीक, चले जात रवि अस्त ह्वै।
तिह ठांही तेह तीक, बैठी जांहि निसि धीर मुनि ॥४१०॥
सज्या-परीसह जोय, ह्वै धरती कंकर तणी।
ऊंची नीची होय, तापै सोवें निसक मुनि ॥४११॥
यहै जांनि आक्रोस, मरमछेदि निंदा करें।
नाहक दे को दोस, क्रोध न करें सबै सहै ॥४१२॥

---

४०२ : १ उनकौ।
४०३ : १ उनु। २ उन। ३ उनकी।
४०४ : १ सबै। २ दीक्षा।
४०६ : १ त्रिषा।

वध जु सस्त्र की घात, करै कोय सो सब सहै ।
यह जाचनां विख्यात, काहू पै मांगै नहीं ॥४१३॥
यह अलाभतू जांनि, भोजन जबै मिलै नहीं ।
तब मन मैं दुष आंनि, कोप विलाप करै न मुनि ॥४१४॥
रोग-परीसह ऐह, महारोग करि ग्रस्त ह्वै ।
जो अपनौं निज देह, तौ करिबो न कहै जतन ॥४१५॥
त्रिण सपरस सुणि मित त्रिणां बहुरि कंटक अधिक ।
लगै देह कै संत, टालै नांहीं दुष सहैं ॥४१६॥
मल-प्रीसह सुनि जांन, लागै मैल सरीर कै ।
तऊ न करै सनांन, वाकौं भूषन-सम गिनै ॥४१७॥
पुरसकार सतकार, ऐक जांनि को काज मैं ।
बिनय न करै लगार, तौ अपमांन सहै मुनी ॥४१८॥
प्राया[1] सुनहु सुजांन, आप पढ्यो ह्वै बहुत जो ।
तौ न करै अभिमांन, सांत-भाव राषै सदा ॥४१९॥
यहै कहैं अग्यांन, जो निज होय प्रवीन अति ।
क्रोध न करै प्रमांन, जो कोऊ मूरिष कहै ॥४२०॥
यहै अदरसण ठीक, ग्यांनवांन निज तप करत ।
रिधि नहि होय नजीक, तौ न विचारै वात यह ॥४२१॥
मैं अैसो तप कीन, तौ हू रिद्धि[1] न उपजी[2] ।
यह न विचारै दीन, तप दीक्ष्याविक भूठ है ॥४२२॥

दोहा : अहो हमारे नाथ तुम, थूलभद्र मुनिराय ।
हम ते ऐ प्रीसह अवै, सही कौंन बिधि जाय ॥४२३॥

चौपई : तब वन कही ये पेट तौ भारी[1] हौं, अगिलै जनम नरकि ही परिहौं ।
यह सुनि सब मिलि बात न मांनी, वा सौं बुरी करी मन मांनी ॥४२४॥
वह मरि प्रेत भयौ सब जांन्यौं, सबकौं दुष दीन्हौं मन मान्यौं ।
तब वा सौं मिलि बिनती कीन्ही, तुम दुष देत सु सब हम चीन्ही ॥४२५॥

---

४१९ : १ प्रग्या ।
४२२ : १ रिधि । २ ऊपजी ।
४२४ : १ मरि ।

अब हम ऊपरि किरपा कीजे, जिह विधि चलैं सु चलिवा दीजे।
तौ हम पाय पूजि निति तुम्हरे, जीमैं हो तुम सतिगुर हमरे ॥४२६॥

दोहा : जब तैं पूजत प्रथम ऐ, धरि पाटी परि पाय।
कोऊ अस्ति बतांवहीं, पूजत मन वच काय ॥४२७॥

चौपई : अर्धफालक सब वेसनि मांहि, फैल्यो मत यम संसय नांहि।
अैसे काल वितीतौं घणौ, वरष सैकड़ा फुनि तुम सुणौ ॥४२८॥
भऐ उजेणी विक्रम भूप, माता पमावती[1] अनूप।
गंध्रवसेन पिता तसु जांनि, हो विद्याधर वह गुनषांनि ॥४२९॥
विक्रम प्राकर्मी बहु धनी, धर्मवांन दांनी बहु गुनी।
तिनु बुलाय पंडित रिष सवै, नमि विनती म[1] कीन्ही जवै ॥४३०॥
संवत नयौ चलावन तनौं, मेरै भाव उपज्यौ घनौं।
वै बोले झगरौ पाछिलो, मेरै[1] संवत चलि है भलौ ॥४३१॥

दोहा : लैन दैन वोरन कौं, धन दै कलहि[1] मिटाय[2]।
तिह विक्रम भूपति नयौ, संवत दयो चलाय ॥४३२॥

चौपई . फुनि विक्रम तौ सुरपुरि गऐ, केते वरष बहुरि बीतऐ।
वरष ऐकसौ भऐ छतीस, तवै वजेणीं[1] भऐ महीस ॥४३३॥
चंद्रकीर्ति हो ताकौ नांम, चंद्रसिरी भई ताकी वांम।
तिनकै सुंदर पुत्री भई, नांम चंद्ररेषा गुनमई ॥४३४॥

दोहा : ताहि पढाई भूप वन, अर्धफालकनि पासि।
सांतिकीर्ति कौ सिष्य हुतौ, जिणचंद नाम प्रकासि ॥४३५॥
सौ तौ कनवज देस कौं, गऐ सु ताहि पढाय।
फुनि कन्यां जोवनसहित, देषी जव ही राय ॥४३६॥
सुन्दर सोरठ देस मैं, वलभा नगरी जांनि।
प्रजापाल नृप कै तिया, प्रजावती गुनषांनि ॥४३७॥

---

४२९ : १ पदमावती।
४३० : १ इम।
४३१ : १ मेटं।
४३२ : १ कलह। २ मिटाइ।
४३३ : १ उजेणीं।

लोकपाल ताकौ नतय, ताहि दई परणाय।
ससिरेषा कन्या बहै, हय गय दै बहु चाय ॥४३८॥
प्रजापाल सुरगनि गयौ, लोकपाल हुव राज।
काहू दिनि प्रति प्रस्न[1] लषि, तिय वोली तजि लाज ॥४३९॥
म्रहौं मूप मेरो[1] जु गुर[2], है कनवज कै देस।
ताहि बुलाय यहां म्रवं, कीजे[3] भक्ति बिसेस ॥४४०॥
नृप मन्त्री नु षिनाय करि, लीनें तिन्ह[1] बुलाय।
साम्हें चाले मूप हू, ल्यावन कौ चित चाय ॥४४१॥
लषि वन कौ वह रूप जब, नही वस्त्र कछु[1] पासि[2]।
नही दिगांवर[3] रूप यह, नृप तब भऐ उदास ॥४४२॥
विचि ही तैं म्राऐ सु उठि, बन पै गऐ न राय।
तब नृप कौ राणी सबै, जांनि लयौ[1] म्रभप्राय[2] ॥४४३॥
मंत्रिनु कौं षिनवाय करि, राणि बन कै पासि।
स्वेत वस्त्र लाऐ तिन्है, वहु विधि करि म्ररदासि ॥४४४॥
तब नृप सांम्हे जाय फुनि, ल्याऐ नगरी मांहि।
भक्ति करी जिणचंद की, भाव-सहित म्रधिकांहि ॥४४५॥
तब तैं मत ठहरयौ यहै, स्वेतावर[1] सु कहात।
भद्रवाहु के चरित मैं, भाषी है यह वात ॥४४६॥
फुनि चौवह उपकरण ऐ, नऐ नऐ ठहराय।
यनके[1] मत के जतिनु कौं, राषन दऐ वताय ॥४४७॥

उपकर्ण-नांम

दोहा : राषौ तीन पछेवड़ी, वहुरि धोवत्ती तीन।
तीन पातरा काठ के, लाठी ऐक नवीन ॥४४८॥
वोघा दोय जु ऊंन के, ऐक मौंहपती जोरि।
पात्रा कै मुषि बांधणी, ऐक तर्पणी डोरि ॥४४९॥

---

४३९ १ प्रश्न।
४४० १ मेरे। २ जगुरु। ३ कीज्ये।
४४१ : १ तिनहि।
४४२ . १ कछू। २ पास। ३ दिगंबर।
४४३ . १ लियौ। २ म्रभिप्राय।
४४६ : १ स्वेतांबर।
४४७ : १ इनके।

ऐ सब चौदह उपकरण, रावण मैं नहि दोष।
असें कहि सबकौं कियौ, मत स्वेतांवर पोष ॥४५०॥
नऐ बनाऐ गृंथ बहु, आगम[1] बहुरि सिधांत।
तिनमैं भाषे सो कछुक, सुनिऐ भवि विरतांत[2] ॥४५१॥

चौपई : जनम कल्यांनक पूजा करे, आंगी रचि जग कौ मन हरे।
देहुरानि कौ चलन मिटाय, उत्तरासिरा दीन्हे ठहराय ॥४५२॥
प्रतिमां प्रभु की थापं जहां, जुड़ि किवाड़ भोजन ले तहां।
फुनि गृंथनि मैं जो विपरीति, भाषी सो सुनिऐं करि प्रीति ॥४५३॥

सोरठा : ऐ चौरासी बोल, नऐ सथापे बहसि करि।
तिनकी कथा कलोल, कछु यक यह वर्नन[1] करूं[2] ॥४५४॥

अथ चौरासी बोल परि हेम कृत छंद छपै[1]।

कवित्त : केवली अहार करै मानें तिन्है लागत है,
दूषन अठारै परमाद महा मोहिऐ।
मोह के विनासकारी वीरज अनंत धारी,
जिन्हैं भूष लागै अैसें कहत न सोहिऐ॥
भुंजत अनंत सुष भोजन तैं कौंन काज,
आदित कै उदै कहौ कहा दीप वोहिऐ।
काहू परकार इनकै न कबैंला अहार,
जे कहै है तिनके जग्यौ है ग्यांन को हिऐ ॥४५५॥
मोहनी करम नांसै वेदनी कौ वल नांसै,
विसकै[1] विनासैं ज्यौं भुजंगम की हींनता।
इंद्रीनि के ग्यांन सौ न सुष दुष वेदै जहां,
वेदनी कौ स्वाद वेदै इंद्रीनि की षीनता॥
आतमीक अंतर अनंत सुष वेदै जहां,
वाहरि निरंतर है साता की अछीनता।

---

४५१ : १ आगम। २ विविरतांत।
४५४ . १ वरनन। २ करौं।
४५५ : १ missing।
४५६ : १ बिसकौं।

तहां भूष आदिक असाता कहां बल करै,
विष करिए कनि करै सागर मलीनता ॥४५६॥
देव मांनसी कही अहार तें अपति[1] होय,
नारकीक जीवनि कौ कर्म कौ अहार है।
नर तिर जंच कै प्रगट कवला अहार,
ऐक इंद्री धारक कै लेप कौ अधार[2] है॥
अड़े की विरिधि ह्वै उजाआहार[3] सेवन तैं,
पंषी उर[4] ऊंषमां तैं ताको वढ वार है।
नौ कर्म वर्गनां कौ केवली कै है अहार,
देह अविकार कहै जो न सविकार है ॥४५७॥

दोहा : और जीव कै लगत नहि, तन पोषक सुषदाय।
समय समय जगदीस कै, लगै वर्ग नां आय ॥४५८॥

छप्पै : षुध्या अषा[1] भय दोष रोग जर मरण जनम मद।
मोह षेद पर स्वेद नींद विसमय चिंतागद॥
रति विषाद ऐ दोष नांहि अष्टादस जाकै।
केवल ग्यांन[2] अनंत दरस सुष वीरज ताकै॥
नहि सप्त धात सब मल रहित परमो दारिक तन सहित।
अंतर अनंत सुष रस सरस सो जिनेस मुनिपति महित ॥४५९॥

दोहा : कलप[1] विकलपी कहत हैं, और दोष विकराल।
निरमल केवल नाथ कै, है निहार मल जाल[2] ॥४६०॥
जाहि अहार बनै नही, तँह क्यौं होय निहार।
परगट दूषन देषिऐ, इसमैं कौन विचार ॥४६१॥

चौपई : जे मुनि तपति रिद्धि के धारी, गहत अहार हियें न निहारी।
कहि क्यौं सकल जगत कौ स्वांमी, करै निहार अमल पद गांमी ॥४६२॥

---

४५७ : १ त्रिपति। २ प्रकार। ३ उजाहार। ४ बर।
४५९ : १ त्रिषा। २ ग्यांन।
४६० : १ कलपि। २ लाज।

दोहा : जाकौं देखि मिटै बिकट, घोर उपद्रव वर्ग[1]।
दोष दोय ताकै कहै, रोग और उपसर्ग ॥४६३॥

कवित्त : कहै कोऊ क्रोधसाला[1] हुवौ है गोसाला मुनि,
तिन तैं ज्वाला-माला छूटी परजलती।
वीर के समोसरन वहि मुनि दोय तिन,
ताकी झल स्वामी हूं कौ पहुंची उछलती॥
तहां भयौ उपसर्ग ताही ऊषमां तैं फिरि,
उदर की व्याधि भई ग्रांम लोहू चलती।
परगट दोष जानि तजैं ग्रैसो सरधांन,
ग्यानवांन जिनकै सु जोति जगी बलती ॥४६४॥

दोहा : जनमत ही मति श्रुति ग्रवधि, तीन ग्यांन घट जास।
कहै पढ्यौ चट साल स्यौं, वर्द्धमान गुनवास ॥४६५॥
कहैं ग्रौर सितवास मत, जव जिन होय विराग।
एक वरस लौं दान दे, ग्रंत करै घर त्याग ॥४६६॥
जिन वैराग्य दसा धरत, त्यागे सब परभाव।
कहा जानि ग्रपनौं करै, पाछैं दान वताव ॥४६७॥
धरी दिगंबर जिन दसा, पाछे ग्रंबर ग्रानि।
ईंद्र धरै जिन कंध पर[1], यह संसय मति मांनि ॥४६८॥

चौपई छंद नेमरि[1] : गराधर विनां वीर की वांनी, निफल खिरी नही[2] काहू मांनी।
समकित वृत का भया न धारी, कोऊ तहां कहै सविकारी ॥४६९॥

दोहा : वांनी खिरयन[1] खिर यतौ, होय सफल तैहकीक[2]।
खिरै फल विनां जे कहैं, तिनकी वात ग्रलीक ॥४७०॥

ग्ररिल : लोकनाथ सो जिनवर जाकौ पूत है,
तिस माता कौ कहैं ग्रौर परसूत है।

---

४६३ : १ वर्ग।
४६४ : १ क्रोधसला।
४६८ : १ परि।
४६९ : १ Missing। २ नहि।
४७० : १ विरंन। २ तहकीक।

आदिनाथ कौं प्रगट कहत हैं जुगलिया,
तिनकौं ही फिरि कहैं भये ते पति तिया ॥४७१॥

चौपई : कहै जुगलिया कोऊ मूवो, ताकी तिय हि रड़ापो हूवो।
सोही रिषभदेव घरि आनी, भई सुनंदा दूजी रांनी ॥४७२॥

सोरठा : कराहिन[1] निदंक[2] काजु,जो सांमीनि[3] के होय जन।
क्यौंकरि श्री जिनराज, करं अकारिज विधि करम ॥४७३॥

छप्पै : कोऊ कोऊ कहै रिषभ थौ विप्र तास तिय।
देवा नंदा तासु गर्भ जिनवीर अवतरिय ॥
दिन अस्सी अरु तीन लयो प्रभू वास तहां हीं।
तबै ईंद्र यह बात विचारी है मन मांही ॥
हीन जाति द्विज कुल बिषै, महा पुरष अवतार।
जोग्य नहीं तातै करौं, और गर्भ संचार ॥४७४॥

सोरठा : दियो[1] ईंद्र आदेस, हिरन गवेषी देव कौं।
करवायो परवेस प्रभु, त्रिसला के गर्भ मैं ॥४७५॥

चौपई : पहिलै गर्भ क्यौ न हरि लीनौं, गएं तियासी दिन क्यौं कीनौं।
पहिलै का जानत हो नांहीं, कहौ विचारि धारि मन मांही ॥४७६॥

अरिल : दुज घरिवा सिद्धारथ घरि प्रभु संचरयौ,
गर्भ कल्यांनक कहौ कहां जिन कौ करयौ।
जो द्विज घरि भौ होय हीनता ईस की,
सिद्धारथ घरि न बनै क्रिया जगीस की ॥४७७॥
द्वै दोन्यो घरि तौ कल्यान कछुह गनौं,
जो दोन्यौं कं न हितौ च्यारयौं ही भनौं।
सील भंग तौ होय जिनेश्वर मात का,
यातै वीरज नांहि सिधारथ तात का ॥४७८॥

---

४७३ : १ करहिन। २ निंदिक। ३ सामानि।
४७५ : १ दयो।

चौपई : जहां बात का मांहि नबेरा, तिह[1] कलपित करि कहैं ग्रछेरा।
ग्रैसी बांनी मूढ़ बषानें, दरसन मोह लीन सरधानें ॥४७९॥

दोहा : पंच कुमार जिनेस हैं, सत्यारथ मत मांहि।
मल्लि नेमि एई कुमर, कहैं द्वै ग्रवर नांहि ॥४८०॥
तीर्थंकर जिन कौ नमैं, सांमांनिक जिनिराय।
कहैं बाहुबलि केवली, नमो वृषभ[1] के पाय ॥४८१॥

कवित्त[1] *:* ग्ररिहंत पद वंद्य[2] वंदक सरूप मेरो,
ग्रैसे भाव परमाद गुनताई वहै हैं।
सातमी धरातैं ग्रागैं ग्रातमी[3] करस जागै,
तहां वंद्य वंदक विभाव नाहि रहै हैं॥
साधक दसा मैं जहां बाधक है ग्रैसा भाव,
तहां जिन जिन वंदै मंद वुधी[3] कहै हैं।
परवा सरूप धारी वीतराग ग्रविकारी,
वंदनीक एकै मानी ग्यांनीसर वहै हैं ॥४८२॥

सवैया[1] *:* केवल ग्यांन विषै ज्यन वीर कहैं ग्रनजांनें ग्रचांनक छींक्यौ।
सो न बनैं जब छींक उठै जब वात कफा मय व्यापत जो कौं॥
धातु विवर्जित निर्मल ईस सरीर विषै नही रोग रती को।
छींक कलंक ग्रटंकित ग्रंकित शुद्ध दसा तहां दोष नहीं को ॥४८३॥

ग्ररिल : तिरदंडी तापसी कुलिंगी भेष सौं,
ग्रावत सुनि जिन वीरनाथ उपदेस सौं।
गोतम स्वांमी गणधर वृतधर जैन कौ,
ताकै सनमुषि[1] गयो भगति सौं लेन कौं ॥४८४॥

दोहा : धारक संम्यक दरसनी, करै न कुमती मांन।
क्यों करि गणधर पूज्य पद, करै सुभक्ति विधांन ॥४८५॥

---

४७९ : १ तंह।
४८१ : १ रिषभ।
४८२ : १ सबैया। २ म्रातमीं। ३ बुद्धी।
४८३ : १ सवैया २३ सा।
४८४ : १ सनमुष।

जाकी सोलह स्वर्ग तें, आगैं नांहीं गंम्य।
तिस नारी कौं यौं कहैं, रमैं मोष्य पद रंम्य ॥४८६॥

कवित : जाके सब मलद्वार धारें है निगोदि भार,
कबहू न अबिकार हिंसा तें रहत हैं।
सिथल सुभाव लियें परपंच संच कियें,
लाज कौ समाज धरें अंबर चहत हैं॥
छठे गुण थांन मांहि थिरता न ध्यांन मांहि,
मांस मांस रितु ताहि संकता लहतु[1] हैं।
जगत बिलबिनी कौं हीन दसालंबिनी कौं,
यातें ही नितबिनी कौ मोषि न चहत हैं ॥४८७॥

दोहा : मुक्ति कांमिनी कौं रमैं, एकै पुरिष बिसेष।
रमै न कांमिनि कांमिनी, यह परगट ही देष ॥४८८॥

अरिल दोहा[1] *:* समय विरोधी देषिऐ, परगट बितथ बिचार[2]।
मल्लिनाथ जिनकौं कहैं, मली कुमारी नारि ॥४८९॥

अरिल : सुरग भूंमि पाताल लोक मैं देषिये,
नारी नाथ सुनी कबहू न बिसेषिये।
जगत बंद्य अरहंत[1] देव पद क्यौं धरै,
नर अधीन जो हीन निंदि पद आचरै ॥४९०॥

चौपई : जो नारी कौं नर पद मांनौ, तो ताकी प्रतिमा किन ठांनौं।
पुरिष अकार एक ही बंदौ, नारी रूप क्यौं न अभिनदो ॥४९१॥
जो नितंबिनी बिंब न सोहै, कुच रूपादिक मंडित होहै।
तौ लज्जा करि कामनि रूपी, क्यौं करि जिनवर होय अरूपी ॥४९२॥

दोहा : जाके दरसण[1] परस तैं, रागादिक मिटि जाय।
तिस नर रूपी ईस कौं, बंदौ सीस नवाय ॥४९३॥

---

४८७ : १ लहत।
४८९ : १ missing। २ बिचारि।
४९० : १ अरिहंत।
४९३ : १ दरसन।

चोपई : कहै जुगल हरिखेत्र निवासी, काहू देव हरयौ सविलासी।
पूरव बैर बधि बुध कीनौं, अवगाहन करि छोटो[1] कीनौं ॥४६४॥
सोही[1] भरथखंड फिरि आन्यो, मुथरा नगरी राज दिवान्यो।
पापी करि तिन मांस चवायो, नरक नगर कै पंथ चलायो ॥४६५॥
तिसके कुल हरिवंस बषांनै, सत्यारथ उपदेस न मांनै।
जुगल सर्व ही स्वरगति[1] गांमी, नरक न सेवहि रिजु परणांमी ॥४६६॥
तीन कोस की तिनकी काया, स्वर क्यों करि लघु रूप बनाया।
जो तुम इसहि अछेरा मांनौं, तौ भी नांहि बनें मनि आंनौ ॥४६७॥
काल अनंतानंत भये तै, एक एक ही जुगल गये तै।
सब हरिखेत्र भूमि का षाली, ह्वै कौं[1] मिटै जुगल परनाली ॥४६८॥

दोहा : सब गिणती के जुगल है, घटै बढै नहि कोय।
मरण काल ही जुगल कै, आय जुगलिया होय ॥४६६॥
राषतु[1] चौंदह उपकरण, मुनि कौं नांहि नु दोष।
परिग्रह त्याग दसा विषै, करै परिग्रह पोष ॥५००॥
जहां प्रमांणू सम नहो, परिग्रह ग्रह कौं रंच।
तहां कहौं क्यौं करि बनै, वस्त्रादिक परपंच ॥५०१॥

कवित्त : काल पाय मैले होय आसा होय धोवन की,
धोयें नसै संजम आरंभ बिसतारै[1] है।
नास भये मांगन की त्रास होय नासन के,
डरतै सु ध्यान बिषै[2] थिरता बिडारै[3] है॥
देहु द्युति मंडन है ब्रह्मचर्य छंडन है,
जिन लिंग षंडन है तातै पट डारै है।
संबर धरनहार अंबर सौं अविकार,
होय कै निरंबर दिगंबरहि धारै है ॥५०२॥

---

४६४ : १ छोटौ।
४६५ : १ सोई।
४६६ : १ स्वर्गति।
४६८ : १ कैं।
५०० : १ राखत।
५०२ : १ बिस्तारै। २ विषैं। ३ बिसारै।

दोहा : समयादिक परजाय कौं, काल इर बस मुझांहि।
काल अणु जाणें नहीं, जैं असंख्य जग मांहि ॥५०३॥

छपै : काल अणु जो नांहि समय तो होय कहां तैं।
सुथिर वस्तु विन नांहि नास उतपति तहां तैं ॥
असत्त जनम जै होय होय खर श्रृंग जगत मैं।
बुद्धि होय परमांन और छिनभंगुर मत मैं ॥
नहिं सधै वस्तु सीमां विमल जनम नास थिर भाव विन।
थिरत[1] निमत्त समयादिकी काल अणु जगि कहहि जिन ॥५०४॥

कवित : मांनै मनसू वृत कै अंतर घोरो भयो,
काहू काज कै निमत मांस मुनि गहै हैं।
घरि २ विहरि २ अंन्न मांगि ल्यावैं,
कहैं मुनि थांन आनि भोजन कौं लहै हैं ॥
निज मत निंदक कौ ठौर मारें पाप नांही,
निर्दय सुभाव धरि काहू की न सहै हैं।
सांची बात झूठी कहै भेद वस्त्र कौं न लहैं,
हठ रीति गहिर हैं मिथ्या वात कहै हैं ॥५०५॥
भरथ नें ब्रांह्मी वहन[1] कहैं नारी कीनी,
महासती दोष लाइ भववास चहै हैं।
ग्रहवास वसत ही केवली भरथ भयो,
आरसी के मंदिर मैं मांनि निरवहै हैं ॥
द्रोपदी सती कौं कहैं भई पंच भरतारी[2],
अघ वंध भारी करि संकट मैं फहै हैं।
सांची वात झूठी कहैं वस्त्र[3] कौ न भेद लहैं,
हठ रीति गहि रहैं मिथ्या वात कहै हैं ॥५०६॥
कोऊ मुनि कंध परि पंथ मैं गुरू कौं लियें,
चल्यौ जात केवली भयो है सरदहै हैं।

---

५०४ : १ थिरता।
५०५ : १ missing।
५०६ : १ वहैं। २ भई not in A। ३ वस्तु।

कहैं है जवाई वीर नाथ कौ जमाली नामां,
वीर है कुमारो मुनि लरनै कौं चहै हैं॥
ध्रुवकि-ध्रुवकि[1] करि केवली कपिल नाच्यो,
मूरिख रिझावन कौं अंसी मांनि रहै है।
सांची वात झूठो कहैं वस्तु कौ न भेद लहैं,
हठरीति गहि रहौं[2] मिथ्या वात कहै हैं॥५०७॥

छप्पै : कहहि वहुत्तरि सहस भई वसुदेव-वधूगन।
धनुष[1] पंच से उच्च वाहुवलि कहैं धरयौ तन॥
सूद्र-जाति-घरि असन करत मुनि दोष न पावै।
देव मनुषिणी भोग-भोग वहि सुरत वढावै॥
इक गर्भ मांहि सुलसा धरे, सुत बत्रीस जनै भनहि।
पहिले त्रपष्टि[2] हरिदेव[3] की, नांनां तें उतपति गनहि[4]॥५०८॥
मांनहि वीर विहार अनारिज देस भूमि पर।
कहहि मलेछ चतुर्थ काल सारै हूऐ भर॥
देव-कोस सें च्यारि-कोस कौ तन अव धारय।
प्रांणघात वृत-भंग करत नहि पाप विचारय॥
उपवास मांहि वोषदि[1] भषत, वृती न धारहि दोष मल।
चौसठि-हजार नारी गिनै, चक्रवर्त्ति धरि तनु नवल॥५०६॥
समोसरन जिन नगन नांहि दीसै परवांनहि।
अविक्रत तन मै वस्त्र राग-कारण सरधानहि॥
लाठी राषै जती कहै अस कर्म[1] वधांवहि।
गज ऊपरि ही मुक्ति[2] गई मरुदेवि वतांवहि॥
नारी अगम्य[3] दुरधर कठनि पच महाव्रत-पद धरहि।
नहि लहहि दोष वलहीन मुनि वार वार भोजन करहि॥५१०॥

छंद गीता : दरवित क्रिया विन भावलिंग गृहस्थ किवल[1] पद धरै।
चिंडाल-आदिक जाति निंदित मुक्ति तदभव वसि करै॥

---

५०७ : १ ध्रुवक-ध्रुवक। २ रहैं।
५०८ : १ धनष। २ त्रिपिष्ट। ३ हरदेव। ४ मनहि।
५०९ : १ वोषधि।
५१० : १ कर्ण। २ मुकति। ३ A अगाम्य।
५११ : १ केवल।

आभर्ण[2] सहित जिनेस-प्रतिमां राग-कारण मांनते।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५११॥
साभरणं[1] सब सनमुक्ति[2] जे हैं मोनि परिगृह हठ गहैं।
रवि-चंद-मंडल-मूल आया वीर वंदन कौ कहैं॥
सानुती गति मरजाद मेटहि सूर-ससि की जानते।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१२॥
दूषन अठारह मांहि बदलै कहहि और सवारिकें।
चौतीस अतिसय बदलि केई गहहि और विचारिकें॥
जिनमत-निवासी सौं लरहि मुनि दोष रचनां ठांनते।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१३॥
सौधर्म स्वरपति जीतिवे कौ चमर वितरपति[1] गयो।
तसु वज्रदंड विलास-षंडित कहहि[2] वीर-सरनि भयो॥
कर पूरवत मरि गऐं न षिरै जुगल-तनु-परवांनते।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१४॥
निर्वान[1] होत जिनेस-काया षिरै दांमिनिवत नही।
वर नारि दे थिर करै श्रावक देषि कांमी मुनि कही॥
केवली तनतें जीवबध ह्वै कहैं मत मद-पांनते।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१५॥
सुरगि लै जिनदाढ पूजहि ईंद्र जिन जब सिव गमैं।
जिन वीर मेर-अचल लायो जनम कल्यांनक समैं॥
जिन-जनम-सूचक स्वपन[1] चौदह और नहि मन आंनते।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१६॥

दोहा : गंगादेवी सौं कहै, पचमन वरष हजार।
चक्रवर्त्ति भरतेस नै, कियो भोग-विवहार ॥५१७॥

---

५११ : २ आमरण।
५१२ : १ साभरण। २ मुकति।
५१४ : १ व्यंतरपति। २ कहँहि।
५१५ : १ निरवांन।
५१६ : १ सुपन।

अरिल : भोग भूमि छयांनवैं नगनहि उछेदि कैं,
धर्म नीर नै दोस न लावहि वेदिकैं।
घृत करि साधित बासी भोजन लेत[1] हैं,
सारे फल कौं भुंजत दोष न देत[2] है ॥५१८॥

कवित : रिषभ विरागत निमति नीलंजसा नृति[1],
मांनै नांहि देव देवि कीनी[2] जो विधांन को।
मात-पिता जीवते विराग ताकौं नांहि धरै,
वीर वर्द्धमान जिन गर्भवास आंन को॥
बाहुबलि कौं कहै कि युगल[3]स्वरूपधारी,
हाड पूजैं कौडे थापि कहै परठांन को।
नाभि मरुदेवी कौं जुगलधर्म मानतु हैं,
तिन ही तें जिन-उतपति सरधांन को ॥५१९॥

चौपई : होंहि जुगलिया सब मलधारी, कहै सिलाका-पुरिष निहारी।
चौसठि इंद्र न अधिके जांनें, बारह देवलोक ही मानें ॥५२०॥
जे जादौं जिन मारिग पक्षी, तिनकौं कहे मांस के भक्षी।
मनुज मांनषोतर कैं आगें, जेहें कहै न दूषन लागें ॥५२१॥

छंद रोडक : नांही हैं नांही हैं काम चौबीस ॥
अरु नव-नवोत्तरे लघु समुद्र मांनत नांही।
अैरापति भरत तजि षेत्र ऐकसौ साठि माही ॥
चौरासी लष जौंनि हैं, ऐ चौरासी बोल।
जे मांनैं ते मांनि हैं, भवसागर-कल्लोल ॥५२२॥

दोहा[1] तिनहूं तें लौंका ढूंढिया, निकसि जुदे मत कौं थापिया।
प्रतिमां तिनु पूजन तजि दई, दोष कहे यामैं अधिकई ॥५२३॥
तिनमैं लौंका सुचि तौ रहैं, ढूढया महा असुचि[1] कौं गहैं।
नहि आचार विचार न कोय, जातें धर्म[2] सधै सुभ होय ॥५२४॥

---

५१८ : १ लेतु। २ देतु।
५१९ : १ नृत्य। २ कीनौं। ३ युगल।
५२३ : १ चौपई।
५२४ : १ असुचि। २ धरम।

इनकौ चलन जगत सब जानें, गृंथ माझि अब कहा बषांनें।
परगट दीसत छांनों नांहीं, तातें बरनन कहा करांहीं ॥५२५॥

दोहा : मत स्वेतांबर[1] मैं बहुरि, लषियत[2] अत्रै प्रतछ्छ[3]।
फाटे मन मव ठांनि सो, हैं चौरासी गछ्छ[4] ॥

कवि वचन

दोषभाव धरि नहि कियो, कियो न निज-मत-पोष।
सत्यारथ उपदेस यह, करैं सुजन संतोष ॥५२६॥
सत्यारथ वांनी प्रगट, घट-घट करैं उदोत।
ससय-तिमर मिटैं पटल, बढ़ै ग्यान सुष होत ॥५२७॥

॥ इति बोल संपूर्ण ॥

अथ द्रावड़-संघ-उतपति-वर्नन

दोहा : द्रावड़संघ उत्तपति[1] भई, जिम भाषी मुनि ईस।
संवत बीतें पांच से, ऊपरि और छतीस ॥५२८॥

चौपई : मुनि श्रीपूज्यपाद गुनषांनि, वज्रनंदि तसु चेला जांनि।
पाहुडोनि वेता तन षीरण[2], सर्वसास्त्र मै महाप्रवीरण ॥५२९॥
इक दिनि[1] चेलै क्रोध उपाय, दक्षिरण मथुरा कै मधि आय।
द्रावडसंघ नयो ठैंहराय[2], नये नये सिद्धांत वरणाय ॥५३०॥

चौपई[1] : भाषी बीज मद्धि नाहि[2] जीव, है प्रासुक नहि दोष सदीव।
षेती विरणज आदि बहु कर्म, करि जीवो यामैं न अधर्म ॥५३१॥
सीतल जल कै करैं सनांन, तिन कै अघ अति होत[1] सुजांन।
इन्हैं आदि विपरीति जु वात, करि द्रविड[2]-संघ कियो[3] विष्यात ॥५३२॥

---

५२६ : १ स्वेतांवर। २ लषिमत। ३ प्रतछ। ४ गछ।
५२८ : १ उतपति।
५२९ . १ पाहुडांनि। २ षीन।
५३० . १ दिन। २ ठहराय।
५३१ : १ A missing। २ नहि।
५३२ : १ होय। २ द्रावड। ३ कीयौ।

अथ ज्यापनीय-संघ-उतपति[1]†-वर्नन

दोहा : साल सात से पांच के, संघ चल्यौ अघ-धांम।
पुर कल्यांनवर के विषे, ज्यापनीय यह नांम ॥५३३॥
तहां ऐक श्रीकलस मुनि, तिनहूं नये सिधंत।
करि वाते जु धरि सु अव, कछुयक सुनौं अतंत ॥५३४॥
कलपसूत्र स्वेतांवरनु, नयो वणायो ताहि।
मांनौं[1] फुनि पूजा करो, रतन-त्रय की चाहि ॥५३५॥

सोरठा : मांने दुहुंके वैन, दिग्गंवर फुनि स्वेतपट।
लहैं कौंन विधि चैंन, जमीकौ न असमांन कौ ॥५३६॥
फुनि यह कही असार, स्त्री जाय पहुचै मुकति।
ले केवली अहार, मोषि लहै सर गृंयहू ॥५३७॥
वाते धरि विपरीत, और कितेक सिधांत मैं।
संघ त्यागि निज रीति, ज्यापनीय परगट कियो ॥५३८॥

अथ काष्टा-संघ-उतपति वर्नन

दोहा : संघ कासटा की भई, उतपति मनो उपंग।
साल सात-सै-ज्याणवै, कौ निकस्यो यह संघ ॥५३९॥

चौपई : ग्रांम नंदियड़ इक अति वसै, विनयसेनि यक मुनि ते लसै।
ताकै चेलो कुमारसैन, भयो मुनी धारक मत्त जैन ॥५४०॥
तिंय यक समये धरयो सन्यास, ज्यावत जीव सु ठांनि हुलास।
वैठौ एक ठौर मुनिराय, सर्व वस्त को त्याग कराय ॥५४१॥
दिन कितेक मैं उपजी ताकौं, पुध्यादिक बाधा अति वाकौं।
तव वन[1] नहि निज धर्म विचारयो, करि अहार सन्यास विगारयो ॥५४२॥

---

५३३ : १ उत्पत्ति।
५३५ : १ मानहु।
५४२ : १ उन।

---

†The less popular sect of the Jains, besides the well known Digambara and Svetambara Sanghas Little research has so far been made on the Yapaniya literature. Dearth of material coupled with its close affinity with the Digambara sect makes it still more difficult to differentiate between the two. However, Kanarese Jain works would come to our aid, when they have been discovered and a proper assessment of the same has been made.

फुनि वह वड़े मुनिनु पे गयो, सब विरतांत आपनौं कह्यो।
मुनिनु कही फिरि दीक्ष्या लेहु, करि छेदोपसथापन ऐहु ॥५४३॥
वानें विद्या कौ मद ठांनि, दीक्ष्या फिरि नहि लीनी जांनि।
नए सास्त्र तिन लये बनाय, प्रतिमां काठ-तणी बणवाय ॥५४४॥
भाषी पूजौ सब मिलि याहि, वहु मिलि पूजन लागे ताहि।
सुरही गाय पूंछ के वाल, तिनकी पीछी रची विसाल ॥५४५॥
पूजा पाठ नए वणवाये, आगे पीछे द्रव्य चढाए।
मुनि-तिय कौं दीक्ष्या दे भाषी, देसवृत करिकै अभिलाषी ॥५४६॥
चर्या वीर करो[1] सहु कोय, अैसे बेहकाये वहु लोय।
प्राछत[2] कहे और के और, इन दे आदि कुवुधि कै जोर ॥५४७॥
करि कितेक वातै विपरीति, मूरिख मत आने करि प्रीति।
अैसे नंदिसंघ मैं चाहो, काष्टृ संघ उपज्यौ विधि याही ॥५४८॥
जब वाकौ गुर हो मुनि महा, आय कही यह कीन्हों कहा[1]।
तब वन[2] कितियक मेटी चाल, कितियक चली जात हैं हाल ॥५४९॥

दोहा : तबही तैं कहने लगे, मूलसघ तौ वाहि।
कहैं नवीन प्रवीन जन, संघ कासटा[1] याहि ॥५५०॥

अथ निपिछ्छ-संघ-उतपत्ति-वर्नन

दोहा : संवत नौसै श्यांणवै, संघ निपिछ्छ उठांन।
मुथरा नगरी मैं हुवो, सो विधि सुनहु सुजांन ॥५५१॥

चौपई : मुनि यक रांमसेन वरनयो, समकित प्रक्रति मिथ्याती भयो।
गुरु अर प्रतिमां जिन-वर तणी, तिन मैं विंगि निकासी घणी ॥५५२॥
यह प्रतिमां मेरी है भाई[1], सो हो पूजौगो मन लाई।
यह गुर मेरो ताही मांनौं, और मुनिनु कौं नांहि पिछांनौ ॥५५३॥

---

५४७ : १ करहु। २ प्राछित।
५४९ : १ A missing। २ उन।
५५० : १ काष्टा।
५५३ : १ भई।

सोरठा : अैसें बात कितेक, कहि कहि मांथुर श्रावकनि।
पकराई अति टेक, संघ निपछ परगट कियो ॥५५४॥

॥ इती संघ उतपति 'संपूर्ण'[1] ॥

सोरठा : कुंदकुंद मुनिराज, श्रीमंदिर[2] जिनके वचन।
सुनि हुव धर्म-जिहाज, अधिक समोधे मुनिनु कों ॥५५५॥
चलते बहुत कुमार्ग, जो ए मुनि न समोधते।
तब ही तें सुभ मार्ग, गहि केते लागे चलन ॥५५६॥

अथ कुंदकुंदाचार्य-वर्नन

दोहा : संवत गुणचासा तणें, कुंदकुंद मुनिराय।
भये भटारक अवनि पैं, तिनकी है अमनाय ॥५५७॥
इनके कारण पाय कें, नाम भये जिम पांच।
सुनें सु अब विधिवत कहे, भविजन मांनौ[1] सांच ॥५५८॥
पदमनंदि मुनिवर हुतौ, पैहलें[1] तौ निज नांम।
मुनिस्वर[2] के परसंग तें, लहे नांम अभिराम ॥५५९॥
देव मिल्यौ यक आयकें, करी वीनती येहु।
कहि ऐसो अबहूं करूं, आग्या मोकौं देहु ॥५६०॥
तब[1] मुनिवर अैसें कही, विदिह षेत्र ले जाय।
श्रीमंदिर[2] स्वांमी तणौं, दरसण मोहि कराय ॥५६१॥
तब स्वरधारि विमांन मुनि, चालयो मद्धि अकास।
राह मांहि पीछी गिरी, ठीक पड्यो नहि तास ॥५६२॥
मुनि बोले पींछी विनां, हम नहि मग चालंत।
देव विचारी सो करूं, जिहि विधि चालें संत ॥५६३॥
गृधिपछि[1] के परन[2] की, पींछी दई बनाय।
गृधपछाचारिज यहै, तब तें नांम कहाय ॥५६४॥

---

५५५ : १ 'संपूर्ण' not in A। २ सीमंधर।
५५८ : १ मांनें।
५५९ : १ पहलें। २ फुनि सुर।
५६१ : १ जब। २ सीमंधर।
५६४ : १ गृद्ध। २ परनि।

स्वरमुनि गये विदेह मैं, दरसरण किय जिनराय।
ऊंचो सब ही की लषी, धनुष पांच सै काय ॥५६५॥
चक्रवर्त्ति आयो तहां, दरस करण जगदीस।
लषि वन मुनि कौ हाथ मैं, लऐ उठाय महीस ॥५६६॥
भाषी यह को जीव है, कमंडल पीछी धार।
जिन भाषी मुनि है महै, भरथषंड कौ सार ॥५६७॥
तब चक्रीयन कौ धरयौ, एलाचारिज नांम।
फुनि आये निज षेत्र मैं, करि मनवंछित कांम ॥५६८॥

सोरठा : कबहू विनां प्रभात, सामायक लागे करन।
समयैं हुतौं न भ्रात, तातैं वांकी[1] ग्रींव हुव ॥५६९॥
तब तै नांम कहात, वक्रग्रींव आचार्य यह।
फुनि सुनिऐं यह वात, कुंदकुंद मुनि जिम भये ॥५७०॥

अरिल : कबहू वाद करत हे अांन[1]-मतीन तें,
कमडल भरयौं लख्यौ जल वुष्ण[2] नवीन तें।
वादी जलकौं मंत्रनि तैं मदिरा करी,
पूछी या कमडल मै मद तुम क्यौं भरी ॥५७१॥
तब मुनिवर चक्रेस्वरि[1] कौ सुमरन कियो,
देवि कुंद पुसपनि तैं कमडल भरि दियो।
तब तै लागे कहन मुनी कुंदकुंद है,
महिमां तिनकी जग मै अधिक अमंद है ॥५७२॥
आंमनाय इनकी मत मैं ऐसे भई,
सुनी वात कहियतु है मति जांनहु नई।
काहू समये संघ चल्यौ गिरनारि कौं,
कुंदकुंदमुनि बहुरि स्वेतपट लारकौं ॥५७३॥
साथि दुहूं मत के ही पंच भये घनें,
पहुचे गिर तरि जाय सबै ऐसें भनें।

५६९ : १ A वोकी।
५७१ : १ अन्य। २ उष्ण।
५७२ : १ चक्रेश्वरी।

पहलें दरसन करन तनौं झगरो परचौ,
आपस मांझि दुहुंन ही कै प्रति रिस भरचौ ॥५७४॥
वैतौ कहै हमारो ही मत आदि है,
दूजे कहै अनादी हम वं[1] वादि हैं।
तव अकास तें भई देववांनी यहो,
झगरत काहे आदि दिगंबर है सही ॥५७५॥
पहिलें[1] वंदन करी नेम जिनचंद की,
जवतें आंमनाय ठेहरी मुनि कुंद की।
तवतें रचे कितेक ग्रंथ भवि तारनें,
विसंघीन को मत षंडन कै कारनें ॥५७६

दोहा : इनहीं की अमनाय मैं, भये और मुनिराय।
नांमी तिनकी अलप-सी, कीरति कहौ वनाय ॥५७७

छंद मोतीदाम : धरा प्रमचद[1] वड़ौ विड़दाल।
थप्पौ पट वारह-सै-अठताल ॥
तिके रणथंभ प्रतिष्टहि काजि।
बुलाय लये मुनि धर्म-जिहाज ॥५७८॥
हुते गुर दक्षिण देस विसाल।
पुन्या धरमैं सुष सो गुनपाल ॥
दयो तिनु कागद आवन काज।
सिताव पधारहु हे मुनिराज ॥५७९॥
महूरत वांचि दियो यह जाव।
गिणं मति ढील चलें'व सिताव ॥
हुवो रवि अस्त भई अव राति।
गये रणथभ मुनो परभाति ॥५८०॥
मिले तंह राव हमीर निरिंद[1]।
मही धनि धनि हुवो सु मुनिंद ॥

---

५७५ : १ वह।
५७६ : १ पहलें।
५७८ : १ A प्रमचद।
५८१ : १ नरिंद।

भये बहु पम जे जति राव।
भयो सु भलो जस पुंन्य प्रभाव ॥५८१॥

पुनः अन्योक्त[1] कुंदकुंद अमनांय मैं, भट्टारक जिणचंद।
दोहा : कछुयक तिनहू कौ सुजस, सुनिऐ भवि गुण वृंद ॥५८२॥

चौपई : यनपे[1] सबै महाजन आय, गढ चीतोड[2] सु गये लिवाय।
जहां धर्म धर फुनि बुधिवंत, सांगो रांणौं राज करंत ॥५८३॥
तहां चौधरी हो जिणदास, सांगो तेजो द्वै सुत जास।
साह गोत फुनि वोह[1] धनवांन, तिन कौ राषत हे सब मांन ॥५८४॥
सांगे इक दिन विनती करी, करहुं प्रतिष्टा मुनि गुन-भरी।
मुनि आग्या माफिक धन लाय, सब सामिग्री[1] दई मगाय ॥५८५॥
तब अति हरष मांनि मुनिराज, करने लगे प्रतिष्टा काज।
दिवस किलेक करत जब भये, मुनि तौ तन तजि स्वर्गनि गये ॥५८६॥
तिनकै सिश्य पाट कै जोग्य, हुतो न कोई महा मनोग्य।
आयो हुतो प्रतिष्ठा जांनि, इक सुरजन पांड्यो[1] गुनषांनि ॥५८७॥
ताकै संगि तिया हू हुती, गुन लांवन्य[1] करि अति सोभती।
तिनतै सबै महाजन आय, विनती करी होहु मुनिराय ॥५८८॥

दोहा : सु ईह स्वरजन श्रावक तनै, हुतो देवि कौ इष्ट।
तातै याकौं मांनते, पंडितजन हूं सिष्ट ॥५८९॥

चौपई : सब मिलि ताहि भटारक करयो, प्रभाचंद्र नाम यह धरयौ।
अघ-तम-हरन उयो मनु सूर, बढ्यौ प्रताप सबै भरपूर ॥५९०॥
तिया हुती तिह अजिकाकरी, 'करी प्रतिष्टा तिनु गुन भरी[1]'।
प्रभाचंद्र मुनि कहौं प्रकार, काहू विसि कौं कियो विहार ॥५९१॥

छंद पद्धरी : दिल्ली के पति पेरोजसाहि,
चांदा गूजर परधांन ताहि।

---

५८२ : १ अन्योक्ति।
५८३ : १ इनपे। २ चीतौड।
५८४ : १ बहु।
५८५ : १ सामग्री।
५८७ : १ सुरजन पांडे।
५८८ : १ A लांवनि।
५९१ : १ 'सोभित धर्म ध्यांन गुन भरी।'

दोऊ भइया पापड़ीवाल,
तिनके चित इक उपजी रसाल ॥५६२॥
कीजे इक[1] सुभ कारिज जु कोय,
वें आदि प्रतिष्टा सुजस होय।
यह करि विचार[2] इक नर बुलाय,
मुहुरत[3] इक सुद्ध भलौ कढाय ॥५६३॥
भट्टारक श्रीमत प्रभाचंद्र,
पठयो बसीठ तिन पैं अमंद।
मुनि पासि जाय विनती करीस,
चलि करहु प्रतिष्ठा हे मुनीस ॥५६४॥
दिनकौ बताय दीन्हौं प्रमांण,
सबही सुनि लीनो मुनि सुजांण।
दिन बीते बहु फुनि रह्यौ एक,
मुनि तें नर विनति करी प्रतेक ॥५६५॥
मुनिराज अबें मुहि सीष देहु,
दिन रह्यौ ऐक नांही संदेहु।
कब चलि पहुचें वह ठांम हांन,
तातें दीजे मुहि सीष दांन ॥५६६॥
मुनि कही अहो नर रहहु सोय,
देषहु परभाति सु कहां होय।
सोवत नर जब वह वठ्यौ प्रात,
लषि दिल्ली अचिरज भयो गात ॥५६७॥
मुनि कही जाहु दिल्ली मझार,
सांम्हें प्रधांन ल्यावे अवार।
नर आयहुं हूं भायन निकट्ट,
सब कही भयो अचिरज प्रगट्ट ॥५६८॥
गज हय रथ[1] फुनि[2] सुषपाल साजि,
सब आये सांम्हें लेन काजि।

---

५६३ : १ यक। २ उपाय। ३ महूरत।
५६६ : १ फुनि। २ रथ।

बाजे बजाय नौबति निसांन,
विधि भली मिले मुनि सौं सुजांन ॥५९९॥
मुनि नगन पयादे चलन लाग,
सब करी अरज मिलि हे सभाग।
चढि लेहु[1] पालिकी मुनि महांन,
यामैं हमरो अति बढ़ै मांन ॥६००॥
कहि मुनि हठतैं चढि अहो साहु,
या विधि कौ तुम कीज्यो निवाहु।
चढि चले पालिकी[1] साथि सर्व,
जैनी फुनि[2] पुरजन त्यागि गर्व ॥६०१॥
आवत पुर मैं मनिधरि विषाद,
राघो चेतन अति किय ववाद।
पालिकी बंद करि दी लवार,
दीन्ही चलाय मुनि विन कहार ॥६०२॥
इन आदि वाद कीन्हे अनेक,
मुनि जीति सर्व राषी सु टेक।
इक दिनि राघो चेतन सु चाहि,
नर पठ्यो बूझन मुनिनु पाहि ॥६०३॥
मावस दिनि मुनि तिंह ठान देषि,
सिष्यनु तैं बूझी तिथि विसेषि।
सिष्यनु मिलि पूरनया कहीस,
यह अरज दिलीपति पै दईस ॥६०४॥
है आजु अमावस अहो साहि,
वुनु पून्यौं झूठी कही काहि।
पतिसाहि षिनाई† बूझि तिथ्थि[1],
मुनि भाषी पून्यौं आजि सत्ति ॥६०५॥

६०० : १ A चढ़ि वेहु।
६०१ : १ पालकी। २ फिरि।
६०५ : १ तिथि।

†A popular Jharasahi word—To call for—e.g. "दीवाणी ने पौर खिनाई"।

देवी पद्मावति[१] कों अराधि,
विनती करि संध्या समै साधि।
दीन्हों उगाय नभ मांझि चंद,
प्रगट्यौ पुर मैं जस अति अमंद ॥६०६॥
वा दिनु मिलि भाखी अहो साहि,
द्वादस कोसनि परकास याहि।
तब सांड[१]† दौड़ाये[२] अनेक,
सुनि मुनि दिय बांधि सु जाल ऐक ॥६०७॥
वे दौड़े कोस बहौत राति,
बारह ही मैं ऊग्यौ प्रभाति।
या विधि लषि साहि मुनिवं पासि,
आये नमि कीन्ही अरज दासि ॥६०८॥
यह कारण अब कहिये मुनीस,
मुनि कही बाद जांनहु महीस।
ताहू समये बादीनु आय,
मंत्रनि तै कमडल मद भराय ॥६०९॥
दै कही अहो पतिसाहि ऐहु,
कमडल मद भरयौ विना संदेहु।
मुनि लषि वामैं किय पुष्प आंनि,
दीन्हौ उघाड़ि कमडल महांनि ॥६१०॥
अति प्रस्न[१] भयो पेरोजसाहि,
मुषतै मुनि धनि-धनि कही चाहि।
यह कथा सुनो सब राजलोक,
कीन्हीं निदांन सब ही सु थोक ॥६११॥
दरसन विनि भोजन हम करें न,
या विधि भाषे बेगमनु बेन।

६०६ : १ पदमावति।
६०७ : १ सांडे।

†Messenger on the Camel's back.

तब साहि बुलाये बै प्रधांन,
भाषी ले श्राद्ध मुनी महांन ॥६१२॥
दरसन बेगम जब करें आय,
तब ही तुमको मिटिहै[1] प्रताप।
मिलि भाषी मुनि तैं सबनि साह,
तुम दरस बेगमनि कै सु चाह ॥६१३॥
तातैं हमरी बिनती सु ऐहु,
करि कै लँगोट दरसन सु देहु।
मुनि कहो सुनो तुम सकल साह,
चलिजै यह जग मांझि [राह ॥६१४॥
साहन मिलि सब सौगंब करीस,
जुत बस्त्र मानिहैं हम मुनीस।
तब तें यह राह चली बिसेस,
कछु बल वीरज प्राक्रम घटेस ॥६१५॥

छप्पै : दिल्ली के पतिसाहि भये, पेरोजसाहि जब।
बांवौसाह[1] प्रधांन भटारक प्रभाचंद्र तब ॥
आए दिल्ली मांझि बाद जीते बिद्यावर[2]।
साहि रीझि कै कहो करै दरसन अंतहपुर ॥
तिह समै लँगोट लिवाय फुनि बांवे बिनती उच्चरी।
मांनि हैं जती जुत बस्त्र हम सब श्रावग सौगंद करी ॥६१६॥

अरिल : याही गच्छमैं भट्टारक जब बहु भये,
बरष कितेक बितीतें गच्छ निकसे नये।
तिनमैं चलन बचन को भेद न जानियौं,
निकसन की बिधि लषी लिषी सो मांनियौं ॥६१७॥
संवत तेरह सै पिचिहतरयौ आंनिवै,
भये भटारक प्रभाचंद्र गुनषांनि वै।

---

६१३ : १ मिटहैं।
६१६ : १ बांवोसाह। २ A बिद्याबर।

तिनकौ आचारिज ईक हौ गुजरात मैं,
तहां सबै पंचनि मिलि ठांनी बात मैं ॥६१८॥
कीजे ऐक प्रतिष्ठा सौ सुभ काज हूं,
करन लगे बिधिवत सब ताकौ साज बै।
भट्टारक बुलवाये सो पहुचे नहीं,
तबें सबै पंचनि मिलि यह ठांनी सही ॥६१९॥
सूरि मंत्र बाही आचारिज कौं दियो,
पदमनंदि भट्टारक नांम सु यह[1] कियौ।
ताकें पाटि सकलकीरति मुनिवर भये,
तिन समोधि गुजरात देस अपनें किये ॥६२०॥

चौपई : ग्यांनभूषण ताकौ सिषि[1] ऐक, दूजौ ग्यांनकीर्त्ति सु विवेक।
दोऊ मिलि कें आधौं आधि, गछ मैं लिये महाजन साधि ॥६२१॥
सब गुजरात वहुरि मालवें, फुनि मेवाड़ मांहि तिनुनवें।
दिगंबरी इनकी अमनाय, सो विधि अवलौं चाली जाय ॥६२२॥

दोहा : पंद्रह सै इकहैतरे, निकस्यौ गछ ग्वालेर।
सिध्यि मुनी जिणचंद कौ, सिंघकीर्त्ति गुरमेर ॥६२३॥

अथ मंडलाचार्य उतपति वर्नन

पंद्रहसें सु वहैतरे, गछ थाप्यौ नागोर।
रत्नकीर्त्ति यह नांम भनि, निज बलवुधि कै जोर ॥६२४॥
भट्टारक न कहावई, मंडलाचार्य कहाय।
तिनकी वा दिसि मांहि वहु, फैलि गई अमनाय ॥६२५॥
फुनि सतरासें सत्तरे, थप्पौ पाट अजमेर[1]।
मंडलाचारिज दूसरो, तामैं नांही फेर ॥६२६॥
इनहीं गछ मैं नीकस्यो, नूतन तेरह पंथ।
सोलह-सै-तीयासिये, सो सब जग जानंत ॥६२७॥

---

६२० : १ यहै।
६२१ : १ सिष्य।
६२६ : १ अजमेरि।

ऐसी विधि इनहूं तजी, गुर नमिवो जग सार।
केसरि जिन-पद चरचिवो, पुष्प चढ़ांवन चार ॥६२८॥
भोजन तनक चढ़ात नहि, सखरो[†] कहि त्यागंत।
दीपग की ठौहर सवै, रंगि कै गिरी धरंत ॥६२९॥
न्हांवन करत न विंव कौ, इन है आदि कितेक।
भली तजी षोटी गही, तेको कहै प्रतेक ॥६३०॥
तिनकै गुर नाहीं कहूं, जती न पंडित कोय।
वही प्रतिष्ठा आदि की, प्रतिमां पूजत लोय ॥६३१॥
वेही प्रतिमां ग्रंथ वै, तिन मैं वचन फिराय।
ठांनि और की और ही, दीनौं पंथ चलाय ॥६३२॥
फिरि[1] यक निकस्यो पंथ अव, है सिरौंज की वोर।
तारण पंडित नै कियो, आप अकलि कै जोर ॥६३३॥
देस मालवा मद्धि तिन[1], नयो देहुरो ठांनि।
प्रतिमां पधरावत नंही, पुस्तग पूजत जांनि ॥६३४॥
अैसे निकसे मत वहुत, मन-मद धरि विपरीति।
यह पंचम कलि काल की, फैलि गई जग रीति ॥६३५॥
परि जे अव संसार मैं, जपत मंत्र नौंकार।
तिनतै वहसि न ठांनि हैं, रे भवि सो मतसार ॥६३६॥

अथ परिपाटी भट्टारकांनि की वर्नन

दोहा[1] : अव परिपाटी हू कछुक, मुनि जु भये जगचंद।
महावीर प्रभु आदि मुनि, भट्टारक गुणवृंद ॥६३७॥

चौपई : श्री प्रभु वर्धमांन जिनराय, ते तौ मुक्ति पहुंचे जाय।
तिनकै पीछें केवल-ग्यांन, वासठि वरष रह्यौ परमांन ॥६३८॥
तामैं गोतम गणधर भये, वहुरि हु धरमांचारिज ठये।
तीजे जंवू वणिक-कुमार, ऐ तवभव पहुचे सिव द्वार ॥६३९॥

६३३ : १ फुनि।
६३४ : १ तिनु।
६३७ : A missing।

[†]सखार or saltish food as different from पक्वान्न।

वर्ष[1] ऐक-सौ ग्यारह अंग, चौदह पूरव जुत सु अभंग।
तिनमैं विष्णु मुनी नंदि मित्र, अपराजित मुनि भये पवित्र ॥६४०॥
गोवरधन अर भद्र सुवाहु, ऐही पांच भये मुनिनाहु।
वर्ष ऐक-सौ असी[1] जांनि, ताकै ऊपरि तीन वषांनि ॥६४१॥
ग्यारह अंग दस पूरवधारी, भये मुनी ग्यारह अविकारी।
प्रथम विसाषाचारिज जानौं, वहुरि पोष्टिलाचारिज मांनौ ॥६४२॥
भये षित्रियाचारिज मुनी, जय फुनि नागसेनि मुनि गुनी।
सिद्धारथ ध्रितषेनि मुनिंद, विजय वुद्धि मांन गुनवृंद ॥६४३॥
गंगधर्म-सेनि मुनिराय, ऐ सव ग्यारह भये सुभाय।
वर्ष दोयसै ऊपरि वीस, ग्यारह अंग धरें मुनि ईस ॥६४४॥
नक्षित्राचारिज जयपाल, पांडु वहुरि ध्रुवसेन विसाल।
कंसाचारिज हैं गुनषांनि, ए पांचो ही जग सुषदांनि ॥६४५॥
वर्ष एक सौ वहुरि अठारा, एक अंग इनहूं नैं धारा।
सुभद्र यसोभद्र मुनिराज, भद्रवाहु जग के सिरताज ॥६४६॥
लोहाचारिज लौ अंग जानैं, छसै-तियासी वर्ष वषानैं।
वहुरि अंग जव विछुति जांनी, तव उपजे मुनिवर श्रुत-ग्यानी ॥६४७॥

अथ पट्टावली वर्नन

दोहा : दिगंवर पट्टावली, अव सव सुनि हित ठांनि।
भद्रवाहु यक अंगधर, तिनंही तें लैं जांनि ॥६४८॥

चौपई : श्री गुरु भद्रवाहु मुनि भयो, संवत च्यारि तणें पट लयो।
तिनकै पट्टि भये गुनषांनि, संवत छव्वीसा कै आंनि ॥६४९॥
गुप्तगुप्त आचारिज एक, नांम तीन तिन लहे प्रतेक।
दुतिय नांम अर्हदवलि लह्यौ, त्रतिय विसाषाचारिज कह्यौ ॥६५०॥
तिनकै पटि[1] भटारक भये, जहां-जहां जे-जे निरमये।
माघनंदि छव्वीसं[2] साल, भये वहुरि जिणचंद विसाल ॥६५१॥

---

६४० : १ वरष।
६४१ : १ अस्सी।
६५१ : १ पाटि। २ छत्रीसं।

कवित्त : गुणचासै भये कुंदकुंद फुनि उमा-स्वामि,
लोहाचार्य जसकीत्ति यसोनंदि[1] जये हैं।
देवनंदि पूज्यपाद गुणनंदि वज्रनंदि,
है कुमारनंदि लोकचंद जग छये हैं॥
प्रभाचंद्र नेमिचंद्र भांनुनंदि हरिनंदि,
वसुनंदि वीरनंदि तिन्हैं हम नये हैं।
रतनकीरति मांणिनंदि मेघचंद्र फुनि,
सांतिकीत्ति मेरकीत्ति[2] ए छवीस भये हैं॥६५२॥

दोहा : भदिलापुर दक्षिण दिसा, पट्ट भये छव्वीस।
बहुरि सुनहु[1] जे जे भये, जिहठां मुनि-गन ईस॥६५३॥
छसै-तियासी साल तैं, पट बैठे मुनिराज।
भट्टारक-पद पाय करि, भये सुधर्म जिहाज॥६५४॥

कवित्त : महीकीत्ति विष्णुनंदि भूषण श्रौ सिरीचंद,
नंदिकीत्ति फुनि देस भूषण से मांनिऐ।
अनतकीरति धर्मनंदि वीरचंद भये,
रांमचंद्र रांमकीत्ति अभैचंद जानिऐं॥
नरचंद्र नागचंद्र बहुरि नयणनंदि,
हरिचंद्र महीचंद्र माधचद्र बांनिऐ।
ए अठारा पट[1] भये नगरी उजेनि मांहि,
नमत वषतरांम तिन्हैं उर आंनिऐ॥६५५॥

चौपई : संवत इक सहस्र तेईस, लक्ष्मी ससि गुणनंदि मुनीस।
गुणचंद लोकचंद मुनि[1] वऐ, ऐ पट च्यारि चंदेरी भये॥६५६॥
सवत ऐक हजार गुण्यासी, कं श्रुतकीरति हैं गुणरासी।
भावचंद्र महिचंद्र वषांनो, ऐ पट तीन मेलसै जांनो॥६५७॥

---

६५२ : १ यसोनंद। २ मेरुकीत्ति।
६५३ : १ सुनौं।
६५५ . १ पाट।
६५६ : १ मुनु।

दोहा : ग्यारह सै चालीस कै, साल[1] भये अभिराम।
कुंडलपुर मै ऐक पट, माघचंद्र तसु नांम ॥६५८॥
ग्यारह सै चालीस परि, च्यारि साल लै जांनि।
तव तै भये मुनीस जे, तिनकौं सुनि दै कांनि ॥६५६॥

कवित्त : वृषभनंदि सिवनंदि विश्वचंद्र सिंहनंदि,
भावनंदि देवनंदि महा मुनिराज है।
विद्याचंद्र सूरचंद्र माघनंदि ग्यांनकीर्त्ति
गंगकीर्त्ति सिंघकीर्त्ति धर्म [के] जिहाज हैं॥
हाडोती के देस मांहि वार नगरी है तामै,
वारापट भये ये सकल सिरताज है।
कर जोरि तिनकौं नमत है वषतरांम,
गुरनि कौ मेरी भव-भव तनी लाज है ॥६६०॥
ग्यारहसे नव-निवै तणे सालि हेमकीर्त्ति,
सुन्दरकीरति नेमिचंद्र अभिरांम है।
नाभिकीर्त्ति वहुरि नरिंद्रकीर्त्ति सिरोचंद,
पद्मनंदि वर्द्धमांन भले गुन धांम हैं॥
अकलंकचंद्र औ ललितकीर्त्ति केसोचंद्र,
चारु अभै वसंतकीरति तीनौं नांम हैं।
दुरग चीतोड[1] मांहि पट भए चौदह ऐ,
तिनकौं वषतरांम करत प्रनांम है ॥६६१॥

छंद : वारह सै-छपासठे साल पट प्रप्याति कीरति पायी।
सांतिकीर्त्ति फुनि धर्मचंद्र मुनि रत्नकीर्त्ति जस छायो॥
प्रभाचंद्र लौं भये पांच पट ए अजमेरि वताये।
पद्मनंदि सुभचंद्र दोय मुनि दिल्ली मै पट पाये ॥६६२॥

दोहा : पट्ट एक ग्वालेर मैं, भऐ मुनी जिणचंद।
पंद्रह-सै-सतवोत्तरै, मनहु उये निसि चंद ॥६६३॥

---

६५८ : १ सालि।
६६१ : १ चीतौड।

पंद्रह-से-इकहैतरे, प्रभाचंद्र यह नांम।
बहुरि भये चीतोड[1] मैं, सकल गुननि के धांम ॥६६४॥

अरिल : पंद्रह-से-इकग्रस्सी धर्म सु चंद है,
ललितकीर्त्ति फुनि चंद्रकीर्त्ति सु ग्रमंद है।
भट्टारक देवेंद्रकीर्त्ति मुनि च्यारि ऐ,
भए चाटसू में भविजन उर धारिऐ ॥६६५॥

सोरठा : नरेंद्रकीरति नांम, पट इक सांगानेरि मैं।
भये महागुन-धांम, सोलह सै इक्याणवें ॥६६६॥

अरिल : सत्रह-सै-बाईस तणें जो साल है,
सुरेंद्रकीरति भये सु तिन कै पटि लहै[1]।
जगतकीर्त्ति देवेंद्रकीर्त्ति गुनलीन है,
ग्रंबावति मैं भये भटारक तीन है ॥६६७॥

दोहा : इक पट दिल्ली फुनि हुवो, महेंद्रकीरति नांम।
सत्रह-सै परि-बांणवें, लह्यौ पाट गुनधांम(ग्रभिरांम[1])॥६६८॥

चौपई : पट्ट दोय पाये मुनिराय, नगर सवाइ जैपुर ग्राय।
इक खेमेंद्रकीर्त्ति गुनपाल, ग्रठारह-से-पंद्रह[1] कै साल ॥६६९॥
तिनकै पटि राजै बुधिवांन, सुरेंद्रकीरति तम हर भांन।
साल ग्रठारह-सै-तेईस, भये भटारक महा मुनीस ॥६७०॥

दोहा : भद्रबाहु मुनि ग्रादि है[1], भट्टारक गुन षांनि।
सुरेंद्रकीरति लौं भये, पट ग्रठ्याणवें जांनि ॥६७१॥
ग्रैसे यह पट्टावली, ग्रंथनि कै ग्रनुसारि।
कछु पोथिनु कौं देखि करि[1], वरनन कियो विचारि ॥६७२॥

---

६६४ : १ चीतोड।
६६७ : १ पटि हा लहैं।
६६८ : १ ग्रभिराम missing।
६६९ : १ ठारह-सै-पंद्रह।
६७१ : १ वें।
६७२ : १ कै।

गादि श्री महावीर की, बैठत आये संत।
तिनकौं वन[1] सम मांनिकै, पूजहू सकल महंत ॥६७३॥

इति पट्टावली पूर्ण ॥ अथ आगम कथन वर्नन[1] ॥

अरिल : फुनि यह आगम कह्यौं सु भवि सुनियौं सबै,
संवत अठ्ठारहसैं बीतैंगे जबै[2]।
तापैं बरष कितेक गये इम भास ही,
दखिण दिसि मैं वंध्याचल मैं[3] गिर पास ही ॥६७४॥

दोहा : पुस्कल नगर विषैंसु ह्वै, वीरचंद मुनिनाथ।
गछ पडिकमणं अर क्रिया, न्यारी करिहै गाथ ॥६७५॥
भील संघ उतपति करै, नये ठांनि बहु वाक्य।
ग्याना[1]वरनी कर्म कौ, लहि करि कै परिपाक[2] ॥६७६॥
बहु विधि करि जिन मत जु है, अब तिह तरणौं[1] निपात।
करिसी फुनि मुनि कोन ह्वै, जो मेटै मिथ्यात ॥६७७॥
कहु जिन मग विधि श्रौर ही, चल्यौं जाय इम धर्म।
ज्यौं त्यौं सुख दुख भुंजि कौ, करि करि कै बहु कर्म ॥६७८॥
आवै पंचम काल कौ, अंत जबै इक कोय।
मूल गुरानि कौं धारि कै, वीरांगज मुनि होय ॥६७९॥
अलप पढ्यौ है सासतर, तौहू जैनि प्रकास।
करिहै बहुरि मिथ्यात कौ, करिसी वहै विनास ॥६८०॥
भद्रबाहु कौ चरित लषि, बरन्यौ है या मांहि।
भविजन लषि मोकौं कछू, दोस दीजियो नांहि ॥६८१॥

अथ श्रावक की उतपति वर्नन

दोहा : अब उतपति श्रावकनु के, षांप गोत की जेम।
भई सु पोथिनु देषि करि, वरनत है कवि तेम ॥६८२॥

---

६७३ : १ उन।
६७४ : १ from इति to वर्नन not in A। २ सबैं। ३ not in A।
६७६ : १ ज्ञाना। २ परपाक।
६७७ : १ तरणं।
६८२ : १ अथ उतपति श्रावग की बर्नन।

आगें तौ श्रावक सबै, ऐकमेक ही होत।
लगे चलन विपरीति तब, थरपे थांप रु गोत ॥६८३॥
थपी बहैतरि थांप ऐ, गांम नगर कै नांम।
जैसें पोथिनु मैं लखी, सो वरनी अभिरांम ॥६८४॥

थांप वर्नन

चौपई : गोला पूरब गोला राड़ा, कहैं लवेचू गोल सिघाड़ा।
षंडेलवाल महाजन सोहै, जैसवाल जग मैं अव जोहै ॥६८५॥
ववेरवाल सु अग्गरवाला, सहिलवाल जिन धर्म सम्हाला।
सात थांप पुरवार कहाये, तिनके तुमको नांम सुनावे ॥६८६॥
अठसख्वा फुनि है चौसख्वा, सेंहसरड़ा फुनि हे दोसख्वा।
सोरठिया अर गांगड़ जांनौं, पद्मावत्या[1] सप्तमां मांनौं ॥६८७॥
फुनि ढूसर अरु वरहासेणी, षंथड़वाल गहोई लेणी।
इकईसवा जु जांणि सचाणा, वहुरि अजोध्यापुरी वषाणां ॥६८८॥
गोरावाड़ वहुरि कठनेरा, वीडलसानी मसरा हेरा।
धकड़ा गूजरवाली वाल, माणडा[2] सब मांहि विसाल ॥६८९॥
वेरवड़ा फुनि पल्लीवाल, गंगरिक ए वत्तीस सम्हाल।
तीन थांप के हैं द्वै नांम, तेहू तू सुनि लै अभिरांम ॥६९०॥
सेहुरिया निगमां गुजराती, मेवाड़ा रा-सूयचा-भाती[1]।
थरवा चंडावता हू वाजै, ऐ तीनौं षटनांम विराजै ॥६९१॥
नागद्रहा अर नरस्यंघ घोड़ा, वयानआ फुनि है चीतोडा।
है हरथरा और सोवरा, कुलथा श्रावक अरहूं नरा ॥६९२॥
वहवड़ राय कड़ावण धोरा, चतुरथ श्रावक है अति भोरा।
पंचम श्रावक है सुभकारी, ऐ अठतालीसौं अविकारी ॥६९३॥
चंचल वल गोरा गुणवांन, करमणोत श्रीमाल सुजांन।
फुनि ऐ श्रावक पांच कहावे, है चिडुकरा विवोरा भावै ॥६९४॥
मव बेवावली गुरा जांनौं, कमटी आगें श्रावक आंनौं।
नुतपा श्रावक सब मन भाये, तुला सिरी श्रीमाल कहाऐ ॥६९५॥

---

६८७ : १ पदमावत्या।

६९१ : १ मेवाड़ा रा सा सूचा भाती।

इक कचनार दुतिय हय गार, त्रतिय ब्रांह्मण फुनि लौ गार।
ब्रावड़ नल या पन सिघवाल, काकलवाड़ जैन सगवाल ॥६९६॥
श्रवण पगाहूं मड़षित्रिया, वोसवाल ग्रर वुद्‌ढोलिया[1]।
ऐ सब षांप वहैतरि भई, वारह ग्रौर सुनौ यन मई ॥६९७॥
कंधड़ जनड़ा कोरड़वाल, षडहूता ग्ररु मेड़तवाल[1]।
है ग्रहिछत्र बहुरि वोहला, हरसूरा मुड़ीड़हा भला ॥६९८॥
गोतवंसी वल री गुल कहे, पौहकरवाल सु वारा भये।
षांप वहैतरि तौ वै कही, ऐ मिलि सब चौरासी भई ॥६९९॥
पोथी पांच सात कौं देष[1], करि विचार यह कीनौं लेष[2]।
यामै भूल्यौ चूकयौ होय, ताहि सुधारि लेहु भवि लोय ॥७००॥
इनंही मैं जो षंडेलवाल, तिनमैं निकसे गोत रसाल।
चौरासी है तिनके नांम, सो विधिवत कहियत सुषधांम ॥७०१॥

ग्रथ षंडेलवाल उतपति वर्नन

चौपई : श्री प्रभु महावीर जिनराय, तिनहि नमौं भवि मन वच काय।
पीछे भये कितेक मुनिंद, तिनमैं यसोभद्र गुणवृंद ॥७०२॥
एक अंग धारक यह मुनी, यनकहुं वातें ग्रैसें सुनी।
नगर षंडेला यक ग्रभिरांम, भूपति तसु षंडेल गिर नांम ॥७०३॥
वंस सोम कुल है चौहांन, सोभित तासु त्तेज जिम[1] भांन।
तहां मुनीस्वर गये कित्तेक, विप्रनु तें किय वाद ग्रनेक ॥७०४॥
जीते वाद रहे मुनि जहां, विप्रनु कोप कियो तव तहां।
पुरमैं मलवाई कौ रोग, उपज्यौ काहू पाप संजोग ॥७०५॥
छीजन लगे वहुत नर नारि, प्रोहित विप्रनु तवं विचारि।
जग्य सथाप्यौ जव नरमेव, तामैं होमें मुनि पढि वेव ॥७०६॥
तवतै विथा ग्रधिक ऊपनी, मरन लगी पिरजा पुर तनी।
फुनि सब देस मांहि बिन नीति, प्रगटयौ रोग महा विपरीत ॥७०७॥

---

६९७ : १ वुद्देलिया।
६९८ : १ मेरुतवाल।
७०० : १ देवि। २ लेवि।
७०४ : १ जिमि।

तबै उपद्रव लखि पुर मांहि, नर नारी सबही निकसांहि।
नगरि नजीक गुढे करवाय, बसे तहां सब पुर के आय ॥७०८॥
अैसैं होमें सुनि मुनिराय, यसोभद्र तब कियो उपाय।
सिष्य[1] जिनसेनि हुतौ मुनि साहु, ताकौं कही षंडेलै जाहु ॥७०९॥
थापो श्री जिन-धर्म प्रवीन, जैसैं चलि आयो प्राचीन।
काहू भाति संक मति करो, प्रभु को नांम हिये मधि[1] धरौ ॥७१०॥
तब जिनसेन[1] षंडेलै आय, श्रावक श्रेष्ठी लये बुलाय।
तिनकौ जुदौ बसायो गुढौ, सब कौं कही नांम जिन पढौ ॥७११॥
देव्य आराधी चक्रेस्वरी, ताकौं मुनि यह आग्या करी।
सब जैनिनु की रक्षा[1] करो, रोग व्याधि इनकौ सब हरो ॥७१२॥
देवी मुनि की आग्या पाय, जैनिनु कौ दुष दयो मिटाय।
तबै सुषी सब श्रावक भये, समाचार नृपहू पै गये ॥७१३॥
सुनि आयो षंडेल-गिर भूप, वंदे मुनि के चरन अनूप।
विनती करी अहो मुनिराज, तुम हौ नर भव जलधि जिहाज ॥७१४॥
कौंन पाप पिरजा छीजंत, सो मोकौं कहिए विरत्तत।
छीजत भये बरष दस दोय, काहू भांति सांति नहि होय ॥७१५॥
तब मुनि भाषी अहो महीस, जिनमत धारी महा मुनीस।
तप करते या नगर छिगारि, विप्रनु होमे जग्य मभारि ॥७१६॥
घोर पाप उपज्यौ पुर मांहि, तातैं सब नर नारि छिजांहि।
यह विरतांत सुण्यौ नृप सबै, दुखी भयो मन मैं अति तबै[1] ॥७१७॥
विप्रनु तैं भूपति अनषांहि, क्रोध करन लागे मन मांहि।
तब मुनि कही अहो नर ईस, सोच फिकर मति करहु नरीस ॥७१८॥
विप्र प्रोहितनु सांमिल होय, तुम तैं तौ यह राषी गोय।
कियो जग्य होमैं मुनि घने, तातैं तुम्हैं दोष नहि बनै ॥७१९॥
तब नृप कही अहो रिषराय, दोष मिटै सौ कहौ उपाय।
औरनि तैं यह मिटै न पाप, तुमही मेटौ जग संताप ॥७२०॥

---

७०९ : १ सिषि।
७१० : १ मध्य।
७११ : १ जिनसेनि।
७१२ : १ A रख्या।
७१७ : १ अबै।

आचारिज बोले नृप अहो, श्री जिनधर्म मर्म तुम गहो।
और सर्व त्यागौ मत जाल, तौ बचाव ह्वं है ततकाल ॥७२१॥
भूपति हाथ जोरि सिर नाय, सर्व कबूली मन वच काय।
तबतैं चौकी दे ईश्वरी, व्याधि सबै पुरजन की हरी ॥७२२॥
पिरजा सुखी भई सब जांनि, भूपति हरष अधिक मन मांनि।
बोले तुमहि धन्य मुनि नाथ, जग बूड़त राख्यौ गहि हाथ ॥७२३॥
अबजो आग्या ह्वं सो करं, तुम प्रसाद हम भव दधि तरं।
मुनि भाषी करिऐ नृप सार, श्रावग के व्रत अंगीकार ॥७२४॥
जगत मांहि हैं जन बहु रूप, तिनमैं होहु महाजन भूप।
और ग्रांम हूं तैं नर-नारि, आऐ तिन्हैं बुलाय विचारि ॥७२५॥
सबकी थांप सु षंडेलवाल, ठैहराई समेति भूपाल।
ऐसैं मुनि इष्ट कैं जोरि, सबकौं श्रावग किये बहोरि ॥७२६॥

दोहा : जे आऐ जिह गांम तैं, ताही नांम सुगोत।
ठैहराऐ फुनि वंस कुल, पूरब किए उदोत ॥७२७॥
नांम वंस के जो हुते, आगैं ही प्राचीन।
सोम-हरी इक्ष्वाक कुरु, फुनि सो रई प्रवीन ॥७२८॥
तामैं सोम सु वंस मै, गोत तीन चालीस।
भये रहे कुल आदिके, देवी नई थपीस ॥७२९॥
प्रथमहि भाई भूप जुत, चौदह जांनि सुबुद्ध।
ते जिनसेनि समोधि कैं, कीन्हें श्रावग सुद्ध ॥७३०॥
वंस सोम चौहांन कुल, गोत गांम कैं नांम।
जहां जहां जो बसत हौ, सो दीन्हौ अभिराम ॥७३१॥
कुलदेवी चक्रेस्वरी, तिनकी दई सथापि।
सो पूरैं मन कांमनां, विघन न होय कदापि ॥७३२॥

छंद छप्पै¹ : गोतसाह किय भूप षंडेला के जो नायक।
गांव भावसा तणें भावसा गोत सु लायक॥
जल बांणी मूलणां पापड़ीवाल बताये।
बरड़ौघ्या अरडक्या गांम कैं नाम कहाऐ॥

---

७३३ : १ A छप्पै only।

पीतल्या पहाड्या सांभरया नरपति हेला पांड्या।
इम राजभद्र अरु छावड़ा चौवह गोत सुमांडिया ॥७३३॥

सोरठा : तिनमैं बारह मांहि, बंसदेव्य कुल ऐक ही।
भेद भाव कछु नांहि, कहि आयो सो जानियौं ॥७३४॥

अरिल : गोत दोय की बात भई असैं नई,
देव्य सावड़ां तणं बहुरि औरिल भई।
कुल देवी संभराय सांभरया पूजंही।
बरष कितेक बदी तें इम पूजै सही ॥७३५॥

दोहा : या विधि तीयालीस मैं, चौदह कुल चौहांन।
भये सु भाई भूप जुत, फुनि यह सुनौ सुजांन ॥७३६॥
थापे हैं जिनसैनि तौ, चौंवह ही कुल गोत।
बहुरि और मुनिवर नु मिलि, थापे गोत सुपोत ॥७ ७॥
षट कुल पांमेचा किये, देवी औरिल मांनि।
रारा रावत रांउंका, मोघघा मौंठया जांनि ॥७३८॥
गोत विलाला दोय बिधि, इक कहि आयो सोय।
दूजे सोनिल कौन मैं, कुल नंदिचा होय ॥७३९॥

सोरठा : कुल जादव मैं पांच, गोत नीकसे हैं ललित।
तामैं मांनहुं सांच, झुंखल पूजें दैव तौ ॥७४०॥
वनमाला फुनि बंव, भडसाली अरु नरपत्या।
करत न तनक विलंव, पूजत देवी रोहणी ॥७४१॥

अरिल : कुल मोहिल मैं गोत च्यारि ही जांनिके[1],
टौंग्या पूजत देवी चांवंड आनिकैं।
बहुरि वाकलीवाल कासिलीवाल हैं,
हलद्या पूजैं देवी जीरिण विसाल हैं ॥७४२॥

दोहा : कुल गैहलौत[1] सुगोत त्रय, पूजत गणपति चौथि।
है विनायक्या विवला, वहुरि पोटल्या कोथि ॥७४३॥

---

७४२ : १ जांनकं।
७४३ : १ गैहलोत।

अरिल : पंच जु कुल पडिहार गोत देवी सुनै,
वेत्र मालिया वोसी चांवड कौं मनै।
पीगोल्या कडवा गिर नांदिल मांनिऐं,
बड़साली पांडचा सरसलि के जानिऐं ॥७४४॥
कुलहु जील तूवर फुनि सोढा सांखला,
इन च्यारचौं कुल मांहि गोत कहिऐ भला।
वगड़ा ग्रर पाटणी गिनोड़चा सांधुर[ए]या,
याही क्रम तै देव्य नांम लषिऐ भएया ॥७४५॥
सरसलि ग्रांमणि सकरणि ग्ररु संभराय कै,
पूजन जात सु च्याह्यौं गोत सुभाय कै।
राजहंस ग्रहंकारचा गोत सु दोय है,
सरसलि सरस्वतिन मैं सुकुल नहि होय है ॥७४६॥

दोहा : कुल इन दोन्यौं गोत कै, लिष्यौ न देख्यौ कोय।
तातै वरनन नहि कयौ, दोस ना दीज्यौ लोय ॥७४७॥
सोमवंस के वरनिऐं, गोत तीन चालीस।
ग्रव कुरुवंसी जे भये, तिनकी सुनहु कहीस ॥७४८॥

चौपई : कुर-वंस मै ग्रठारा गोत, तिनके कुल फुनि देवी होत।
नांम गांम कै गोत प्रमांन, सो सुनि लीजे सकल सुजान ॥७४९॥
कुल नांदेचा गोत सु तीन, देवी सोनिल पूजहि दीन।
छाहड़ कोकराज जुग-राज, ऐ तीनौं तिनमैं ग्रति लाज ॥७५०॥
कुल मोहिल ह्वं गोत बिसाल, सिरी मूलराज लटिवाल।
इक कुन्न के जानौं गैहलोत[1], तिनकौ वीरषंडिया गोत ॥७५१॥
ऐ तीनौं श्री देव्य पुजांहि, पुनि कुलदेवड़ानि ह्वं मांहि।
कुल भाएयांरु निगोत्या जेह, देवी हेमां पूजत तेह ॥७५२॥

दोहा : फुनि को कारण पाय कै, गोत निगोत्या जांनि।
कुलदेवी चांवड की, तिनकै है ग्रति मांनि ॥७५३॥

चौपई : कुल चंदेल गोत द्वै सार, मूलसरचा फुनि चांदूवार।
देवी मातणि पूजत गुणी, तामै भेद कहूं सो सुणी ॥७५४॥

---
७५१ : १ गहलोत।

चांदूवाड़ भेद द्वै मेल, इक कुरुवंसी कुल चंदेल।
इक सोमवंस कुल चावड़ा, दोऊ मातरिण पूजैं बड़ा ॥७५५॥
तीन गोत कुल गौड़ उजेरा, गोधा सरवाड़्या अजमेरा।
देवी नांदरिण पूज करांही, फुनि गोधा जिन सांति पुजांहीं ॥७५६॥

दोहा :
देवी तजि जिन सांति कौ, पूजन लागे जेम।
बीतें बरष कितेक सो, भवि सुरिण कारण तेम ॥७५७॥
नांदरिण की मूरति हुति, रूपा तरणी मनोग्य।
ताहि भांजि सुवरण तरणी, करि पूजी-श्रति जोग्य ॥७५८॥
जब नांदरिण करि क्रोध कछु, कीन्हो तिनकौ दोस।
तवतैं पूजे सांति जिन, हरघो देवी कौ रोस ॥७५९॥
बारहसैं अठताल कै, सालि भई यह रीति।
तवतैं गोधा सांति जिन, पूजत है करि प्रीति ॥७६०॥

चौपई :
तीन जांनियौं कुल गेहलोत, पूजैं पद्मावति ऐ गोत।
पाटोधी चौधरी सु सार, सेठी जांनि दोय परकार[1] ॥७६१॥
इकतौ कहि आयो सु सहीजे, दुतिय वंस इत्वाक कहीजे।
सेठी गोत लोह-सिल देवी, पूजत है इह भांति सुरणेवी ॥७६२॥
इक कुल कोटेचा सुरिण-वांरिण, कांन्हड देवी गोत सौगांरणी[1]।
इक कुल ठीमर देवी लांहरिग, कालागोत न हांकै बांहरिण ॥७६३॥
कुरवंसी ऐ गोत अठारा, अव इछ्वाक बंस मैं ग्यारा।
गोत भऐ कुल देव्य सुरणीजे, भेदभाव तामे न करीजे ॥७६४॥
है कुल मेरठि लुह-सिल पूजं, गोत लुहाड्या लावट गूजं।
त्रय कुल कूरम गोत कटारचा, औ गंगवाल भांभरी भ.रचा ॥७६५॥
ऐ तीनों पूजत जमवाय[1], इक कुल नांदेचा सुभ पाय।
गोत नौपडा कहे अनूप, पूजत नरला देव्य स्वरूप ॥७६६॥
कुल वडगूजर गोत सु तीन, विरत्या अर वाकला कुलीन।
ए हूं मांनत देवी सिरी, नमै बीहरा सौ तिल सुरी ॥७६७॥

---

७६१ : १ प्रकार।
७६३ : १ सोगांरणी।
७६६ : १ जमवाइ।

दुतिय वौहरा कुल गेहलोत, और सकल जांनौ वह पोत।
कुल भाला सु गोत चरकनां, नांदिल पूजत हैं सुभ मनां ॥७६८॥
ए सब ग्यारह गोत सुभये, वंस इक्ष्वाक मांहि वरनये।
अब सुनि कुल सो रई प्रसिद्ध, गोत नौसरे दस ता-मद्धि ॥७६९॥
कुल सोलंषी आंमिणि देव्य, गोत आठ मैं है अति सेव्य।
सोनी लौंहग्या फुनि सोहनी, मूंछ पांपल्या गदहृया भनी ॥७७०॥
सूपत्या सहित भये हैं सात, वहुरि पावड़्या है द्वै भांत[1]।
इक पांवड़्या नमैं मोहनी, दुतिय नमैं आंमिणि[2] कौं गुनी ॥७७१॥
कुल सुनार द्वै आंमिणि नमैं, वज्रहथा फुनि वज-गोत मैं।
ए दस वंस सोरई कहे, द्वै हरि-वंस माझि हू गहे ॥७७२॥
नरपौंल्या[1] निरगंधा गोत, कुल है दहरद्या और नहि होत।
देवी नांदवि[2] नमरण करांहि, सुषी होत तव या जग मांहि ॥७७३॥
ऐ सब भये गोत चौरासी, देवी यनकी सकल प्रकासी।
तव तैं पूजन लगे विहारी, सब श्रावगनि प्रतंग्या धारी ॥७७४॥

चौपई[1] : लिषी सुणी जैसी प्रति भासी, लषि विधिवत मति कीज्यौ हांसी।
इन श्रावग कै आपस मांहि, सगपरण है फुनि पांति जिमांही ॥७७५॥

दोहा : या विधि मुनि सबकौ हरयौ, रोग दोष दुष कष्ट।
श्रावग ठेहराये[1] विमल, सबै महाजन सिष्ट ॥७७६॥
तब श्रावकनि करी अरज, अहो महा मुनिराय।
क्रिया धर्म श्रावग तरणौं, मग हम देहु वताय ॥७७७॥
वोले मुनि वूभी भलै, सब सुनिए मन लाय।
जिनमत कै अनुसारि सब, दैहौं तुम्हैं सुनाय ॥७७८॥
प्रथम कहौ किरिया कछू, जो सधि आवै सार।
तामै कभी न कीजियो[1], करिकै परम विचार ॥७७९॥
दोय घड़ी कै प्रात उठि, मन मै जपि नवकार।
वहुरि करौ[1] किरिया सकल, जिह प्रकार आचार ॥७८०॥

७७१ : १ भाति। २ आमणि।
७७३ : १ नरपोल्या। २ नांदलि।
७७५ : १ चौपई।
७७६ : १ ठहराए।
७७९ : १ कीजिगै।
७८० : १ कहौं।

क्रिया वर्नन

निसि ऊन्हौं अथवा छएयौ, जलतै पात्र भराय।
बहर[1] भूमि के फिरन कौं, प्रासुक भुव मैं जाय ॥७८१॥
तामैं अैसी[1] जायगा, बरजी सुनिऐं साहु।
बहर भूमि कौं भूलिहू, एती ठौर न आहु ॥७८२॥

चौपई : जहां जु[1] कोई देवत जांणौं, फुनि ह्वं प्रेतनि[2] तणौं ठिकांणौं।
परवत मस्तगि अरु जल मांहि, लषि के कबहू फिरिये नांही ॥७८३॥
फुनि बंबई देवल परहरिये, हलकी लोक मांहि नहि फिरिऐ।
फूलनि के वृषिनु कै नीचे, डाभ वगन[1] की ठौहर बीचे ॥७८४॥
हरी भूमि फुनि भूमि चिता की, गाय आदि पसु बैठक ताकी।
अगनि तणौं ह्वं कहूं[1] ठिकांणो, इन ठौहर मल मूत्र न ठांणौं ॥७८५॥
तलाव तै दस हाथ परै ही, करै मूत्र यह बात वतै ही।
इक सत हाथ परै मल मोचै, नंदी तै चौगुणौं न सोचै ॥७८६॥
जलत अगनिस्वर सूरिज चंदा, होय मुनिस्वर ग्यान अमंदा।
कबहू इनकौं देवत जाई, मल फुनि मूत्र न मोचौ भाई ॥७८७॥
बांवैं हाथि[1] सऊच करीजे, जल कौ पात्र दांहिनै लीजे।
जौ लगि हाथनि धोवै नांहीं, तौ लगि वस्त्रनि नांहि छुवांहीं ॥७८८॥

दोहा : अथवा बाहरि फिरन के, वस्त्र जिते जो होय।
तिन्हैं जुदे ही राषिए, छींवो करै न कोय ॥७८९॥
नंदी और तलाब मैं, सौचौ लेहु न मित।
प्रथम निवांण मलीन ह्वं, अण छांणेयौं जल हुंत ॥७९०॥
छांणे जलतै धोइए, मांटी ले निज हाथ।
तामैं अैसी होय सी, मांटी तजौ अकाथ ॥७९१॥

---

७८१ : १ बहरि।
७८२ : १ एति।
७८३ : १ ज। २ प्रेतन।
७८४ : १ उगन।
७८५ : १ कहौं।
७८८ : १ हस्त।

सोरठा : भूमि तलें की होय, फुनि ह्वै नदी कूप की।
ह्वै तलाव की कोय, ह्वै मल-मूत्र समीपि[1] की ॥७९२॥
सो मांटी मति लेहु, धोवन कौं निज हाथ तुम।
हिंसा होत अछेहु[1], यातै वरजी है तुम्हैं ॥७९३॥
वांम हाथ वर तीन, प्रासुक मांटी तै धुपै।
फुनि मांटी जल लीन, दोऊ धोवै तीन वर ॥७९४॥

दोहा : दांतिण सूको कीजिये, जो सूको न मिलाय।
तौ पांचा परवी विनां, और कीजिये चाय ॥७९५॥
जो कदाचि दांतिण तणौं, मिलै नहीं संजोग।
तौ द्वादस कुरला करै, मुख सुध होय मनोग ॥७९६॥
अब सनांन के करण की, विधि भाषत हौं तोहि।
जीवजंत लखि दूरि करि, फुनि प्रासुक भुव जोहि ॥७९७॥
प्रथम लगावो[1] तेल कौं, फुनि जल गरम मंगाय।
पहलें पग कटि धोय फुनि, मस्तगि जल नखवाय ॥७९८॥
करै मूत्र धोवै करनि, मइथुन अंति[1] संनान।
फिरि मल मोचै तौ करै, अर्ध सनांन प्रमांन ॥७९९॥
करि सनांन ते अंग सुचि, फिरि सामायक ठांनि।
नांम प्रभू को लेहु भवि, विरियांतनें निदांनि ॥८००॥
वहुरि प्रभू की कीजिऐ, पूजा अष्ट प्रकारि।
घरि प्रतिमां ह्वै तौ घरां, कै देहुरा मझारि ॥८०१॥
प्रभु कै सनमुखि[1] प्रथम ही, ठाढ़ो ह्वं कर जोरि[2]।
दरसन करि विनती करहु, बिधिवत सीस निहोरि ॥८०२॥

'विनती'[1]

छप्पै : तुम दरसन तैं देव सफल मो मनिष जनम-हुव।
तुम दरसन तैं देव सकल अघ कष्ट टरि-गयव ॥

---

७९२ : १ समीप।
७९३ : १ अछेव।
७९८ : १ लगावै।
७९९ : १ अंत।
८०२ : १ सनमुख। २ करि जोरि।
८०३ : १ B missing ।

तुम दरसन तैं देव दोष दुष वालिद टलिहैं।
तुम दरसन तैं देव अमित मनवंछित फलिहै॥
करुनांनिधांन तारनतरन अव मैं तुम दरसन करिव।
वर तीन प्रथम जय निरसही कहि-कहि कर्मनकौं हरिव॥८०३॥

दोहा : नमसकार अष्टांग करि, दे प्रदक्षिणां[1] तीन।
जिन गुन पढि दरसन करह, ह्वै प्रभु ध्व तल्लीन॥८०४॥

अरिल : प्रतिमा[1] ग्यारह अांगुल लौं ह्वै धात की,
ताहि[2] पूजि डावैं धरि यह सुभ वात की।
होय जुदी जायगा तहां डव्वा रहै,
घर मैं कवहु न राषिवि राजी गुर कहै॥८०५॥

दोहा : अव पूजा की विधि सुनहु[1], भविजन अति मन लाय।
जैसें भाषी है गुरनि, तैसें[2] कहौं वनाय॥८०६॥

चौपई : वेदी[1] तैं[2] लषि दिसि ईसांन, मेर[3] काठकी[4] थापि सुजांन।
तापरि[5] जल वटि धारिए चाहि, पांडुसिला की नकल सुताहि॥८०७॥
वेदी तें जिन प्रतिमां लेय, ता जलवटि परि आय धरेय।
वहुरि दसौं दिगपालनि जांन[1], जिनकौं विधिवत करि आह्वांन॥८०८॥
पूजि करो तिनकौ सनमांन, जथा जोग्य गुर-वचन प्रमांन।
फुनि ह्वै अर्घ प्रभू मुष पासि, विधि भिषेक प्रभु[1] करहु हुलासि॥८०९॥
कलस पंच भरि के सुनि सीष, क्रमतें जल फुनि रस लै ईष।
घ्रत अरु दूध-दही सुभल्पाय, वहुरो सर्व वोषधी[1] वनाय॥८१०॥
जुदे-जुदे सनांन करवाय, अधिक-अधिक वाजित्र वजाय।
फुनि अंगोछि प्रतिमां सुभ काय, थापि ठौर निज श्री जिनराय॥८११॥

---

८०४ : १ प्रदक्षण।
८०५ : १ प्रतमां। २ ताही।
८०६ : १ सुनौं। २ सो कछु।
८०७ : १ एक। २ वोर। ३ मेरु। ४ काष्ट। ५ तिनपरि।
८०८ : १ जांनि।
८०९ : १ जिन।
८१० : १ वोषधी।

प्रथम हि षेत्रपाल कौं पूजौ, तेल सिंदूर धूप लै दूजौ।
बटुक दीप फल गुड लै भूरि[1], पढ़िकै मंत्र पूजि भरपूरि[2] ॥८१२॥
फुनि प्रभु कौ करिकै आह्वांन, पुस्पनितै पढि मंत्र सुजांन।
आहवांन के पुस्प[1] जु होय, प्रभु के चरननि परि[2] मेल्हौ लोय ॥८१३॥

मंत्र. आ. स्वामिन संवौ, इत्यादिकां त्रिपदि मंत्र पढे।
ऊं ह्रीं अर्हं श्री पर्म व्रंह्म अतरो वुतरावुतर संवौ षट् आह्वाननं॥
अत्र तिष्ट तिष्ट ठः ठः स्थापना अत्र मम सनेहतौ भव भव वषट् सन्निधापनं॥†

दोहा : मन वच तन करि सुद्ध सव, मुषतै मंत्र उचारि।
दर्व्य चढावो आठ भवि, प्रभु की ओर निहारि ॥८१४॥
जल गंगादि सुगंध करि, धार चरन प्रभु देहु।
सो [त्रुटि] के तीनौं जगत, करत पवित्र सु ऐहु ॥८१५॥[1]

ऊं ह्रीं अर्हं श्री परम व्रंह्मणे अनंतानत ज्ञांन सक्तये॥इदं मंत्र॥

दोहा : दर्व्य दर्व्य परि मंत्र यह, पढौ भवि सु मन लाय।
और पढत सो जोग्य नहि, नूंतन धरे वनाय ॥८१६॥[1]
गरभ[1] जनम[2] तप ग्यांन अरु, पंचम पद निरवांन।
यह मुषतै उच्चारिकै, दर्व्य चढाय महांन ॥८१७॥
चंदन अरु कपूर लै, केसरि मद्धि घसाय।
चरचहु श्री प्रभु के चरन, भव आताप मिटि जाय॥
अषित सुगंधित ऊजले, कुंद पुस्प सम आंनि।
पांच पुज प्रभु अग्र धरि, मनु पुनि पुंज समान[1] ॥८१८॥
कुंद कंज मंदार[1] अरु, पहुप मालती जाय।
भ्रमर गुंज तिन परि करत, सो जिन चरन चढाय ॥८१९॥

---

८१२ : १ A भूरी। २ A पूरी।
८१३ : १ पहुप। २ missing।
८१५ : १ गगादिक जल ल्याय कै, सउगंधित करि लेहु।
अंध्रि पीठ जिन विंब कै, जल धारा कौं देहु॥८१६॥
८१६ : १ Not at all in B.
८१७ : १ गर्भ। २ जन्म।
८१८ : १ समांनि।
८१९ : १ संदारु।

---

†The entire mantra not given in B.

नांना विंजन दधि घिरत, दूग्ध[1] भात पकवांन।
प्रभु के मुष आगै धरौ, कनक थाल भरि आंनि ॥८२०॥
पंच-दीव की आरती, जोय फेरि प्रभु पास।
जीति मोहवा जे भयो, पंचम ज्ञान[1] प्रकास ॥८२१॥
अगुर सांम[1] अंवर अधर, बावन चंदन लेय।
फुनि करि धूप दसांग भवि[2], प्रभु मुष आगै खेय ॥८२२॥
श्रीफलाम्र दाड़िम कपिथ, नारिंग पुंग बिजोर।
इन वैं आदि चढाय प्रभु, पद ढिगि सरस किसोर ॥८२३॥
करहु अष्ट द्रव्य ऐकठे, अरु नंद्यावत ठांनि।
दोव साथिया सहित भवि, धरो अर्घ सुषदांनि ॥८२४॥
अैसे पूजा अष्ट विधि, करहु भाव करि सुद्ध।
वहुरचौं पढि जयमाल कौं, अर्घ चढाय सुवुद्ध ॥८२५॥
फुनि पढि सांति जु सुमन तै, पढौं विसर्जन-मंत्र।
ता पीछें वै आसिषा, विघन-हरन जग जंत्र ॥८२६॥

आह्वान[1] (नैव जानामि इत्यादि मंत्र)[2]

अह्वांन के पुष्प[3] की, देहु आसिषा लोय।
और ठौर के पुष्प तौ, विघन हरन नहि होय ॥८२७॥
वहुरि सावनि श्रवण करि, करै गुरनि की भक्ति।
दया भाव राषै सदा, दांन देय विधि जुक्ति ॥८२८॥
अव क्रिया[1] सुनि श्राविका, तरणी[2] कछुक हित ठांनि।
उठि प्रभाति नवकार भनि, जपै दया उर आंनि ॥८२९॥
वहर भूमि वांतिरण तरणी, किरिया जिसै प्रकारि।
कहि आयो जो पुरिष कौं, सोही करै विचारि ॥८३०॥

चौपई : पं निति तिरिया अर्ध सनांन, करै[1] सुभाषी यहै प्रमांन।
प्रासुक भुव लषिकै जिय जंत, मस्तगि परि जल नहि नावंत ॥८३१॥

---

८२० : १ दुगध।
८२१ : १ A ग्यांन।
८२२ : १ स्याम। २ दशांग।
८२७ : १ आहवान। २ not in B। ३ पुष्प।
८२९ : १ A किरिया। २ तनी।
८३१ : १ करहु।

दोहा : सूरज[1] कौ परकास ह्वैं, तबै वुहारी देहु।
कै तौ कूटी मूज की, कै अति कोमल लेहु ॥८३२॥
जीव जंत कौं वस्त्र तै, पहलें दीजे टालि।
बहुरि वुहारी दीजिये, निज नेत्रनितै निहालि ॥८३३॥
चूल्हा की थांनी सबै, काढै लषि कै जीव।
फुनि पांडू पीली तणी[1], चौको देत सदीव ॥८३४॥
चौका यातैं दीजिये, मृतक जीव जो कोय।
लेय[1] विलाई आदि जिय, वामग निकसे होय ॥८३५॥
नई भूमि जो होय तौ, जलतैं छिड़का देहु।
जो चूनां की होय तौ, धोय सुद्ध करि नेहु ॥८३६॥
लकड़ी अथवा ऊपले, सूके चूल्है वालि।
वीधे ह्वै जालनि सहित, तिनकौं दीजे[1] टालि ॥८३७॥
निज वा उत्तिम[1] जाति तै, जल मंगाइऐ सुद्ध।
नीच जाति कौं भूलिहूं, छुवन न देहु सुवुद्ध ॥८३८॥
पांणी छांणौं जुगति सौं, कपड़ा[1] गाढो[2] ल्याय।
हाथ अढाई दोवरा, इक नांतिणौं कराय ॥८३९॥
ले करवा तल ढांकणौं, टपका परन न देय।
करै जिवांण्यां[3] जुगति सौं, फुनि वा जलकौं लेय[2] ॥८४०॥
होय जहां कौ जल जहां, भेजि देहु भविराय।
वामैं आछी जुगति सौं, दीजे ताहि मिलाय ॥८४१॥
चंदवा चूल्है परहडै, ऊपरि इक-इक राषि।
जाले जिय षोटी वसत, पड़ै नही यह साषि ॥८४२॥
नाज मंगावो देषि कै, वीध्यौ घुण्यौं न होय।
ताहू कौं अति सोधिकै, षोटै पीसै जोय ॥८४३॥

---

८३२ : १ A सूरिज।
८३४ : १ A तणौं।
८३५ : १ A लेई।
८३७ : १ दीज्ये।
८३८ : १ उत्तम।
८३९ : १ कपरा। २ गाढौं।
८४० : १ तलि। २ वेहु। ३ जिवाण्यौं।

चाकी ऊंखल पोति कै, पीसैं षोटैं नाज।
नीच जाति के हाथ तैं, ऐ न करावै काज ॥८४४॥
वहुरि चालणी छाजले, चमड़ा विन[1] जे[2] होय।
तिनतैं छांणैं फटकिये, नाज सु दोष न कोय ॥८४५॥

सोरठा : विन सोध्यौ ह्वै नाज, तरकारी धोयें बिनां।
रसोईन[1] मै साज, ए श्रावा दीजे नहीं ॥८४६॥
ऊन हाड़ चमड़ा ज, फुनि षोटी जो वस्त ह्वै।
रसोईन मैं साज, कवहु न श्रावा दीजिये ॥८४७॥
जे घर मांहि होय, तौला हांडी फुनि चरी।
तिन्हैं उघाड़ी कोय, राषि न कवहूं रांधतां ॥८४८॥
घिरत तेल जल कोय, चमड़ै परस्यौ हू जु ह्वै।
ताहि न षावो कोय, वहुरि हींग कौ आदि दै ॥८४९॥
या विधि तिय सुचि ठांनि, पहरै उत्तम[1] वस्त्र कौं।
दया भाव उर श्रांनि, करै रसोई जुक्ति सौं ॥८५०॥

दोहा : वहुरि पुरिष जीमरण करै, रसोईन[1] मैं पैठि।
तौ सनांन करि कै करै, ऊजल धोवति वेठि ॥८५१॥
जो सनांन परभाति कौ, करि फिरि फिरवा[1] जाय।
तौ कटि[2] तक न्हाऐं विनां, सुद्ध न ह्वै निज काय ॥८५२॥
प्रभू पूजि श्रावै घरां, जवै तयारी होय।
सवैं रसोई की सुचित, तव यम[1] करिये लोय ॥८५३॥
करै ग्रहस्थी षट करम, जिन विन[1] सरै न कोय।
तिनकौ दोष जु श्रावसिक, जतन कियें हूं होय ॥८५४॥
ताकौ दोष मिटै सु यम, सिघ्र सवकी कढवाय।
चढ़वावै भगवंत कौं, जिन-देवल मैं जाय ॥८५५॥

---

८४५ : १ विनि। २ जो।
८४६ : १ रसोईनि।
८५० : १ A उत्तिम।
८५१ : १ रसोइन।
८५२ : १ A फिरिवा। २ तकि।
८५३ : १ इम।
८५४ : १ विनि।

फुनि द्वारा पेषरण करै, जो मुनि आवै कोय।
ताकौं लै पडगाहि वै, सुद्ध अहार जु सोय ॥८५६॥
पैऐ कबहु न दीजिये, मुनि कौं भोजन दांन।
बिन जल दधि घ्रत और जो, वास्यौ भोजन जांन ॥८५७॥
वांदे वांदी पांहुने[1], मंत्र जंत्र अरु देव।
इनकै निमित कियो जु ह्वै, सो मुनि दे न तजेव ॥८५८॥
वीध्यौ भूंठो[1] वरण-च्युत, रोग वधांवन वार।
सूको जीरण[2] चलित रस, रिति विरुद्ध दुषकार ॥८५९॥
आयो ह्वै परगांव सौं, चमड़ै दुरजन कोय।
परस्यौ विल्ली तुरक कौ, निंदनीक जो होय ॥८६०॥
फुनि परस्यौ ह्वै रजसुला, तिय घर की का आंन।
ए सब दूषण टालिकै, दै मुनि भोजन दांन ॥८६१॥

रजस्वला[1] वर्नन

रजसुलानि तिय कौ वरन, कछु यक कहौं सुभाय।
ग्रंथनि कौ मत पाय कै, सो सुनिऐं चित लाय ॥८६२॥
होत रितवती जो त्रिया[1], जाके हैं द्वै भेद।
ऐक प्रक्रत इक विक्रत है, विधि सुनि बहुरि निवेद ॥८६३॥
ह्वै जोवन मद रोग तैं, विक्रत सु होय अकाल।
सो सुध ऐक सनांन तैं, त्रय दिन गनै न लाल ॥८६४॥
होत मास कै मास जो, ताहि प्रक्रत[1] तू जांनि।
निसि आधी वीतैं जु ह्वै, तवतैं त्रय दिन मांनि ॥८६५॥

छंद पद्धरी : इन तीनौं दिन कै मांझि जोय,
एकांत विषै तौ रहै सोय।

---

८५८ : १ पांहुनें। २ A निमति।
८५९ : १ भूठ्यो। २ जीरन।
८६२ : १ A रजसुला।
८६३ : १ तिया।
८६४ : १ गिनै।
८६५ : १ A विक्रत।

चित राखै सुस्थ[1] जु धारि मौंन,
परसै न काहि नहि करै गौंन ॥८६६॥
चरचा न करै गुर देव धर्म,
घसवोई सूंघत नांहि पर्म।
दिन तीन जु नीकैं सील पालि,
भोजन इक वेर करै सम्हालि ॥८६७॥
गोरस न षाय काजल करै न,
गंध लेप न माला उर[1] धरै न।
मुष निज गुर नृप कुल देव--देव,
नहि लखै आरसी नहि लखेव ॥८६८॥
फुनि अपनौं भी जो पीव होय,
तिह साथि वोलिऐ हू न कोय।
वृष[1] तलि फुनि सोवत षाट नांहि,
जप मंत्र हुवै हू नहि करांहि ॥८६९॥
जीमै विन कांसी और पात्र,
पातलि अंजुली मधि षुध्या[1] मात्र।
तीनौं दिन तौ करिकैं सनांन,
घर काज करै कोउ न आंन ॥८७०॥
चौथै दिन घटिका छह प्रमांन,
दिन चढै तवै करिकै[1] सनांन।
भीटै सव कौं भोजन करेय,
पंचम दिन गुर फुनि देव सेव[2] ॥८७१॥
निज मंदिर मै करिये सनांन,
नदी तलाव मति जाहु आंन।
वहुरयौं अव सुनिये और वैन,
नर नारि वहुरि ऐती करै न ॥८७२॥

---

८६६ : १ सुमद्।
८६८ : १ उ।
८६९ : १ व्रिष।
८७० : १ क्षुधा।
८७१ : १ करि सुच। २ सेय।

दोहा : तिय रतिवती जु जांनि कैं, वतलावो मति कोय।
ऐक वास तै सुच ह्वै, वतलायें तै लोय ॥८७३॥
सपरस कीतौ कांचली, वस्त्रनि तै इक[1] हाथ।
रहिये दूरि सु तीन दिन, अवर सुनौं इक गाथ ॥८७४॥
वैठी सूती ह्वै जहां, फुनि भोजन जहां[1] कीन।
सो भुव लीपैं सुद्ध ह्वै, नाही रहै मलीन ॥८७५॥
वालक पीवैं जो सतन, छांटे तै सुध होय।
बड़े[1] वाल परसैं जु को, न्हायें सुचि ह्वै सोय ॥८७६॥
रितिवती[1] जु जिह पात्र मैं, भोजन कीन्हौं[2] चाहि।
तामैं भोजन जो करै, दोष लगै अति ताहि ॥८७७॥
वस्त्र-जुक्त न्हावै वहुरि, दोय करै उपवास[1]।
तव ताको दूषन मिटै[2], इम गुर करै प्रकास ॥८७८॥
पात्र वस्त्र रहवा[1] तणी, ठौहर परसै कोय।
न्हावै अपराजित जपै, सतव सु तव सुध होय ॥८७९॥
सुकवि कहांलौं वरनवै, रतिवति दोष निहारि।
लोक-विरुध जो औरहू, टरै सु दीजे[1] टारि ॥८८०॥
अैसी रितिवति जांनियें, जो नारी घर मांहि।
तौ मुनि भोजन देहु मति, अति ही दोष लगांहि ॥८८१॥
वरनन ताके दोष कौ, करै[1] सुकवि अस कौंन।
द्वारा पेषण हूं न करि, ता दिनि[2] रहु[3] गहि मौंन ॥८८२॥
जो घर मैं ह्वै सुद्धता, तौ मुनि कौ पडगाहि।
विधिवत नवधा भक्ति करि, भोजन दीजे ताहि ॥८८३॥
जव अहार कौं ले चुकें, तव वन[1] मुनि कौं जाय।
निज श्रावक निज द्वारलौं, आवहु भवि पहुचाय[2] ॥८८४॥

---

८७४ : १ A यक।
८७५ : १ जहं।
८७६ : १ वडो।
८७७ : १ रतिवती। १ कीनौं।
८७८ : १ A व पवास। २ टरै।
८७९ : १ A रंहवा।
८८० : १ दीज्यें।
८८२ : १ A missing। २ दिन। ३ रहि।
८८४ : १ उन। २ A पौंहचाय।

जो मुनि हूं नांहीं मिलै, श्रावक हू नहि होय।
तौ भूषे कौं दीजिऐ, दया भाव करि लोय ॥८८५॥

दांन वर्नन

जिनमत मांहीं दांन ऐ, गुरनि बताये च्यारि।
सो सबही कौ देहु भवि, मनमैं हरष विचारि ॥८८६॥
लषिकैं जांनि सुपात्र कौं, दीजे दांन अहार।
औरनि कौं क्षुध्या निमति, देहु दया उर धारि ॥८८७॥
वोषदि[1] जोग्य वणाय करि, जथा-जोग्य तुम देहु।
रोग मिटैं रोगीनु कौ, तुम भव भव सुष लेहु ॥८८८॥
ग्रंथ जिते जिनमत तणें, तिन्हैं लिषाय स्वरूप।
कमंडल पीछी वस्तिका, दीजे गुरनि अनूप ॥८८९॥
जीव जंत प्रांणी सकल, ताकौं मारत कोय।
ताहि बचाय उपाय करि, अभय दांन यह जोय ॥८९०॥
ऐही च्यारचौ दांन हैं, महा जगत मै सार।
या भव वारापार तैं, ले पौंहचावैं पार ॥८९१॥
बहुरि श्रावकनि कौं कहे, दत्ति करन ए च्यारि।
पात्र सकल अरु सम दया, तेहू देहु विचारि ॥८९२॥
पात्र मुनिश्वर फुनि कहे, श्रावक समकितवान।
भोजन दे फुनि वस्तिका, कमडल पीछी दांन ॥८९३॥
सकल दत्ति यह जांनि तू, परिग्रह कौ करि त्याग।
धांम कुटंब धन आदिसौं, तजै सर्व अनुराग ॥८९४॥
सुत दै आदि बुलाय सब, सौंपे घर कौ भार।
आप निरापेषी रहै, पालै तप-व्रत सार ॥८९५॥
समदति याकौं कहत हैं, साध धर्मी ह्वै कोय।
अथवा बहण सु भांणिजी, होत जवांई सोय ॥८९६॥
हय गय रथ धन धांन्य धर, वस्त्र आभरण कोय।
इन दै आदि जु दीजिए, जथा-जोग्य जिह होय ॥८९७॥

---

८८८ : १ औषधि।

दया दखि प्रांणी सकल, भूखे रोगी जांनि।
बालक बूढा तरुण कौं, जथा-जोग्य[1] दै दांन ॥८९८॥
ए च्यारचौं ही दखि है, कहे जिनागम मांहि।
करि बिचार अरु दीजिए, यामैं दूषन नाहि ॥८९९॥
दत्ति समै लषि दीजिए, दांन सु निति प्रति देहु।
यथा-सक्ति तव आप निज, भोजन सुद्ध करिहु ॥९००॥
जिनमत के अनुसार तैं, कहें दांन अरु दत्ति।
भाव सुद्ध करि दीजिऐ, सुभ फल पंहै[1] सत्ति ॥९०१॥
यथा-सक्ति दै दांन फुनि, निज जीमत ह्वं सुद्ध।
ऊजल धोवति वेठि करि, साध मौंन[1] सुवुद्ध ॥९०२॥

मौंनि वर्नन

भौंहा रेवे[1] पै नहो, अंगुरी तै न वतांहि।
नांहि हलै न षंषारिये, सोही मौंन कहांहि ॥९०३॥
वहुरि जीमतां पालि भवि, अंतराय ये सात।
मांस मृतक मद रुधिर फुनि, हाड़ चाम छह वात ॥९०४॥
ए तौ नांहीं देषिऐ, फुनि जाको ह्वं नेम।
थाली मैं आवै तऊ, मुष मैं देहु न केम ॥९०५॥
जिनमत मैं तजिवो कहे, ऐ वाईस अभष्य।
तिनकौं लेहु विचारि भवि, षावो तजौ प्रतष्य[1] ॥९०६॥

कवित कंद मूल वोला निसी भोजन तुषार विस,
मि. उ.: संघांण सु-घोल[1] वडा कवहू न षाइऐ।
मधुमद मांषन चलितरस मांटी मांस,
वहु-वीजा वेंगण अजांण फल गाइऐ॥

---

८९८ : १ A जोगि।
९०१ : १ ह्वं है।
९०२ : १ मौंनि।
९०३ : १ A राषे।
९०६ : १ A षतक्ष।
९०७ : १ औघोल।

तुछ फल पीलू घणां ऊंबरा कठूंवरा[२],
　　सु वड़वाला पीपला ऐ तनक न ल्याइऐ[३]।
श्रावग कौं यनकौ सरव त्याग कह्यौ,
　　ऐही वाईस अभक्ष्य जिनमत मैं वताइऐ ॥६०७॥

दोहा :　जो सधि आवै तौ भलै, मौनि और अंतराय।
पै औ सकल हरीनु की, मरजादा करि षाय ॥६०८॥
धात-पात्र मैं जीमिवो, भाष्यौ[१] है उत्तकिष्ट।
जो न मिलै तौ जीमणौं, पातलि हू मैं सिष्ट ॥६०६॥
ता पातलि के भेद ह्वैं, सूकी दीजे[१] त्यागि।
तामैं जीव पड़ै घनें, जाला रहै जु लागि ॥६१०॥
व्यौपारी जो होय सो, करै भलौ व्यौपार।
चाकर करि सुभ चाकरी, दर्व्य उपावो चार[१] ॥६११॥
पैसा घरे पसेव कौं, लाय रसोई मांहि।
और तरह कौ होय सो, यामैं खरचौ नांहि ॥६१२॥
तजहु अथांणौ तेल कौ, फुनि वजार कौ चून।
छाछि पहर सोला पछै, षांण तणी करि मूंन ॥६१३॥
भुरडी कहै जवारि की, छोला देहगी होय।
आदि वाजरे के सिरा, होला करहु न कोय ॥६१४॥
दोय दालि ह्वैं नाज की, ता संगि दही न षाय।
यातें वरजी है गुरनि, गलै जीव पड़ि जाय ॥६१५॥
होय चलित-रस जो वसत, फल दे आदि अहार।
वहुरि मिठाई हूं चलित, षावो तजौ प्रकार ॥६१६॥
तजौ ऊंट का दूध की, षीर षांण भविराय।
यामैं दोष लगै अधिक, हिंसादिक कौ आय ॥६१७॥

---

६०७ : २ कठुवरा। ३ लाइए।
६०६ : १ A लाष्यौ।
६१० : १ वीज्ये।
६११ : १ A चार्द।

दोय पहर दिन जब चढ़ै, मद्धि घड़ी घटि होय।
तब तें सांमायक करें, च्यारि घड़ी लौ सोय ॥६१८॥[1]
बहुरि उतावलि होय कौ, तौ लखि व्यौंत विचारि।
नाम लेहु प्रभु कौ भले, घड़ी ऐक ह्वं च्यारि ॥६१६॥
या विधि ही संध्या तणीं, सांमायक तू ठांनि।
घड़ी दोय दिन बहुरि निसि, घड़ी दोय लै मांनि ॥६२०॥
निसि बीतैं यक पहर जब, तब गृहस्थ जो होय।
निज तिय रिति सेवन करें, पहलें करहु न कोय ॥६२१॥
तामैं तें परवी दिवस, चौदसि आठें जांनि।
त्यागें निज पर सब तिया, ते जग मैं गुनखानि ॥६२२॥
पर-तिय कौ तौ जांनि कें, करें सर्वथा त्याग।
परवी दिन फुनि दिवस कौं, निज तिय तजि बड-भाग ॥६२३॥
यह तौ विधि तुमकौं कही, फुनि सुनिऐं भविराय।
घर मैं धन बहु होय तौ, जिन-मंदिर चुनवाय ॥६२४॥
फुनि पूजा के उपकरण, नऐ नऐ करवाय।
झारी प्याला आरती, कलस जलौटि बनाय ॥६२५॥
ठौणां अर धूपायणां, झांझि झालरी थार।
चंदवा आदि बनाय करि, धरि देहुरा मझार ॥६२६॥

---

६१८ : १ A includes the following additional lines between (917-918) without disturbing the verse order.

तापरि साखि धर्मोमृत कृतेन छप्पै

विरल मूंग उड़दादि धान्य दो दालि तणे जे।
काचे दधि तक्र मैं मेलि नहि षांण भणे जे॥
प्रात गले कै मद्धि जीव बहु उपजि मरें हैं।
धर्म्मामृत श्रावकाचार मैं बरन करें हैं॥
मेवादि तणी दो दालि ह्वं तिनकौ विदल नहीं धरचौ।
भनि बषतराम असें सुगुर ग्रंथनि मैं वरनन करचौ ॥१॥

दोय दालि कौ धांन्य फुनि, दुग्ध मिलाय न षाहु।
पत्र जाति जे हरित हैं, चत्रमांस तजि साहु ॥२॥

नए बनाओ बिंब प्रभु, फुनि प्रतिष्टा कराय।
चव विधि संघ जिमाय भवि, तीर्थनि संग चलाय ॥६२७॥
धन पाये कौ फल यहैं, दांन पुन्य जिन-धर्म।
इनमैं धन बहु वरचि हौं, तौ पैहौ सुष मर्म ॥६२८॥

अथ सूवा सूतिग वर्नन

दोहा[1] : सूवा सूतिग हू तणी, कछु यक सुणियें वात।
मरजादा माफिक करै, मिटै तास उतपात ॥६२९॥
सूवा की यह विधि तिया, करै चतुर्थ सनांन।
तव तै मांस जु तीसरै, जात जु गर्भाधांन ॥६३०॥
श्राव नाम ताकौ कहै, इक सनांन ह्वं सुद्ध।
मांस पंच[1] मैं षष्ट मैं, जात सु सुनहु सुवुद्ध ॥६३१॥
नांम पात ताकौ कहै, सूवो दिन छह पांच।
गिनिऐ न्हांऐ सुद्ध[2] ह्वं, यहै मांनि तुव सांच ॥६३२॥
होय सातवें आठवें, नवें सु कहि परसूति।
ताकौ सूवो दस दिनां, फुनि न्हाऐं सुध सूति ॥६३३॥

सूतिग वर्नन

दोहा[1] : वालक मूवो होय तौ, सूतिग गिणि दिन एक।
जौ बालक पौढो षिरै, तौ त्रय दिनां गिणेक ॥६३४॥
वड़ो पुरिष[1] कोई षिरै, तै ताकौ सूतिग ऐहु।
दिन द्वादस औरै क्रिया, लोक प्रसिद्ध करेहु ॥६३५॥
यातै यह वरनन कियौ, मुनि कौं भोजन दांन।
सूवा सूतिग मांहि तुम, भूलि न देहु सुजांन ॥६३६॥
ऐ तौ श्रावग के कहे, किरिया फुनि आचार।
तामैं तै आवे जु सधि, सो सव साधहु सार ॥६३७॥
अव सुनिऐ श्रावग-धरम, कछु यक कहौं वनाय।
तातै अघ नसि स्वर्ग लहि, फुनि सिवगति कौं जाय ॥६३८॥

---

६२९ : १ missing।
६३१ : १ पौंच।
६३२ : १ शुद्ध।
६३४ : १ A missing.
६३५ : १ पुरष।

अथ श्रावग-धर्म वर्नन

दोहा : अनहिंसा रु अचौर्य फुनि, (अ)सति[1] अंह्मचर्य पालि।
परिगृह करि परमांण ऐ[2], अणुव्रत पंच सम्हालि ॥६३६॥
हिंसादिक कौं त्यागि हौ, सप्त विसन कै साथ।
पलिहै जिनमत तोहि तव, जपिहै जिन-गुन-गाथ ॥६४०॥
सुनहु अहिंसा कौ कथन, भविजन प्रति मन लाय।
जीव जंत प्रांणी सकल, तिनतें रहु समभाय ॥६४१॥
जीव-वध[1] मति कीजियो, कबहू मन वच काय।
दुष-हू काहू जीव कौं, वस लागत मति ध्याय[2] ॥६४२॥
पुंन्य न पर-उपगार सम, जो ह्वै करवा जोग्य।
पर-पीड़न सम पाप नहि, है यह धर्म मनोग्य ॥६४३॥
भोजन निसि कौं करन तजि, रांधै भी मति कोय।
जीव पड़ै जामैं अधिक, मरैं सु हिंसा होय ॥६४४॥
फुनि हिंसा के करन के, तजिए सकल उपाय।
निज मन वच तन तें वहुरि, ग्रौर सुनौ भविराय ॥६४५॥
हिंसा करवो त्यागि फुनि, त्यागि देन उपदेस।
वृथा लगै उपदेस तें, अनरथ दंड विसेस ॥६४६॥
सो यह अनरथ दंड कौ, वरनन कहौं वनाय।
ग्रंथनि के अनुसार तें, सोहू तजौ सुभाय ॥६४७॥

छंद भुजंग प्रयात : कहै एक आछी हवेली वनावो,
कुवा वाग बाड़ी तलाई षुदावो[1]।
परचौ मेह कीजे अबै क्यौ न षेती,
पलैगो कडूवा सबै नाज सेती ॥६४८॥
भए कापड़ा मैल मैं सो धुपावो,
अबै कातरचा क्यौं न वेगे करावो।
पड़े षाट मैं जीव वूपे नषावो,
परी सीस औ वस्त्र मैं जूं कढावो ॥६४६॥

---

६३६ : १ (अ) injured. २ यह।
६४२ : १ बढ। २ खाय।
६४८ : १ A षनावो।

कहै व्याह बेटा[1] तणौ वेगि कीजे,
सुता के अबै हाथ पीला करीजे।
तिहारो जु वैरी अबै पासि आयो,
लड़ौ याहि मारो चहौ चैन पायो ॥६५०॥
बड़ो वृछ[1] है याहि वेगे कटावो,
भले षाट चौकी किवाड़ै बनावो।
पड़यौ[2] है कजोड़ा[3] वुहारी न दीजे,
भली वावड़ी ऐक आछी न कीजे[4] ॥६५१॥
तिया कौं कहै सीस गुंथाय लीजे,
इन्है[1] आदि ए सीष काहू न दीजे।
कहौ तौ कहौ दांत पूजा करावो,
करौ वास औ देहुरा कौं बनावो ॥६५२॥

दोहा : मांषे हू दीजे नही, जाते हिंसा होय।
तिनहूं के कछु नांम ये, सुनियें लज्जा षोय ॥६५३॥

छंद भुजंग प्रयात : मगे दैन कौं राछ आछे बनावै,
करावै प्रसंसा भलै चैन पावै।
हला मूसला ऊंषला देत मांगै,
कटारी छुरी षेट वंदूक सागै ॥६५४॥
कमांणौं क्रपांणौं कडाही[1] गंडासी,
कुसी चावका जेवड़ा मूंज फासी।
भले अकुसा नांथ आछी नकेलै,
नई पोटली चांम की ले सकेलै ॥६५५॥
षुरल्ला[1] षुरप्पा विसोले सु नाड़ी,
तई सांकलै डांग घोटा कुहाड़ी।
चकी फाहुड़ा आर औ दांतला जे,
वली आगि औ लाकड़ी ऊपला दे ॥६५६॥

---

६५० : १ वेटी।
६५१ : १ वृछि। २ परयौ। ३ कजोरा। ४ करीजे।
६५२ : १ इन।
६५५ : १ कढाई।
६५६ : १ षरल्ला।

खिलावै जुंवा भांगि आफू तमाषू,
मगी बे मुकररै तियाके भिलाषू।
इनें आदि संसार मैं वस्त हिंसा,
विऐं दोष लागै कहो का प्रसंसा ॥६५७॥

दोहा : कहियतु ए षोटे विणज, जिनतैं उपजै पाप।
तो काहे कौं कीजिये, गहि श्रावग की छाप ॥६५८॥

छंद पद्धरी : दारु सावण मद लोह जाति,
तिल लूंण सिंघाड़ा चलित कांति।
वीधो अन्न सहत[1] सु कंद मूल,
गुड़ तेल नीलि आफू समूल ॥६५९॥
इन आदि सवै हिंसा प्रकार,
व्यौपार तजौ भवि करि विचार।
लूण्यो घटिका द्वै राषि मीत,
पीछैं तवाय[1] लीजे नचीत ॥६६०॥
निज कारिज रौंष हरयौ न काटि,
षेती मति करि मति तोलि घाटि।
उच्चाटन औ वसिकरन मंत्र,
इन आदि और औषधि[1] रु तंत्र ॥६६१॥
जिनमैं हिंसा कौ लगै दोष,
सो न करि रहौ[1] गहि[2] कै संतोष।
पर जीवन कौं दुष कष्ट जांनि,
दे मति तजि आरति रौद्र ध्यांनि ॥६६२॥
हिंसक जीवनि पालिऐ नांहि,
कुत्ता बिल्ली बुगवो सतांहि।
तूती मैंनां सिकरा[1] सिचांण,
जलकुही वाज चंडूल वांण ॥६६३॥

---

६५९ : १ सहैत।
६६० : १ तवाइ।
६६१ : १ A वोषधि।
६६२ : १ गहौ। २ रहि।
६६३ : १ सिकरे।

इन आदि जु हिंसक जाति जीव,
तिनकौ पालरण तजिये सदीव।
मैंना सूवादिक जीव कोय,
मति राषहु पिंजरा मांहि गोय ॥६६४॥
बांध्यौ न राखि जिय करौ पोष,
वंदीषांनें कौ लगै दोष।
पसु और पषेरु नर सम्हालि,
वेचे मति कवहू पालि-पालि ॥६६५॥
पसु आदि सवारी कौं रहै सु,
तिनतैं हिंसा हो वो तजैं सु।
गाड़ी षर ऊंट सु वैल आदि,
मरजाद सिवाय न वोझ लादि ॥६६६॥
मूषे गरमी तैं थकैं कोय,
मारिए नहीं चिडाल होय।
धरती न षोदिये विनां कांम,
जल नाहक नांवहु मति भिरांम ॥६६७॥
विन काजि आगि वालिये नांहि,
विन गरम वीजनां क्यौं हलांहि।
जे वनसपती है दोव आदि,
विन काजि चूंटवो[1] करि न वादि ॥६६८॥
तरकारी फल अरु पत्र जाति,
विन सोधी षाहु न निसि प्रभाति।
फूलन की तरकारी जु होय,
मति षाहु[1] हरी कवहू न कोय ॥६६९॥
डोडा रु सुपारीफल[1] सु आदि,
सारे न षाइऐ कवहु वादि।

---

६६८ : १ चूंटिबो।
६६९ : १ षाय।
६७० : १ सुपरीफल।

फिरवो फिरवावो विनां काजि,
करिये न, लगत है दोष साजि ॥६७०॥
जल माड गरम भुव मति न्षाय,
सीतल[1] तै अगनि न वै वुझाय।
ऊन्हौ सीलौ जल मति मिलाहु,
सारे सांठे कौं मति चषाहु[2] ॥६७१॥
वहु जीव गांठिया को मझारि,
करि चूंषि गंडेरी वहु प्रकारि।
वदरीफल कवहू षाय मत्ति,
वंदारै[1] तौ लट कटै सत्ति ॥६७२॥
सारो मुष मैं दे लट सु जाय,
षिचि जैहै लट जो षेचि षाय।
यातै याकौं तजि देहु जांन,
फुनि और सर्व करिये प्रमांन ॥६७३॥

सोरठा : जीमिन कवहू पांति, तू विन जाणयां नर तणी[1]।
मांस दोष इह भांति, लागत है सव नरनि कौं ॥६७४॥
घिरत निमत्ति हू कोय, गाय[1] भेसि नहि राषिये।
हिंसा अति ही होय, अलप नफौ टोटौ अधिक ॥६७५॥
षेती निज घरि संत, करिये नांहीं सर्वथा।
लागै दोष अनंत, ताकौं कवि वरणि न सकै ॥६७६॥

दोहा : जीव जाति के भेव द्वै, इक थावर त्रस ऐक।
तामैं हिंसा त्रसनु[1] की, करहु न गहिकैं टेक ॥६७७॥
थावर कौ तौ आवसिक, लागत है निति पाप।
सोहू हिंसा-भाव तजि, टलै सु टालि अताप ॥६७८॥

---

६७१ : १ सीला। २ A चुषाहु।
६७२ : १ A वंदारय।
६७४ : १ A निर तणी।
६७५ : १ गाइ।
६७७ : १ त्रिसन।

अथ तियनु कौं उपदेस वर्नन†

दोहा : श्रावग-कुल मैं श्राय कं, मारि लीख हु न जोय ।
अस्ति ऊंन भोजन तणी, ठौर न ल्यावो कोय ॥६७६॥
लीख अस्ति अरु ऊंनकी, जो न मांनिहौ सीष ।
तौ भव-भव मैं बोझ ह्वै, भलै मागिहौ भीष ॥६८०॥
श्रावग के घर मैं बहुरि, घर चिंडाल के मांहि ।
यन वातनि कौ भेद है, सो सठ मांनत नांहि ॥६८१॥
अस्ति रसोई ल्यांन कौ, तजिवो मांनै षेद ।
श्रावग अरु चिडाल घर, तौ कछु रह्यौ न भेद ॥६८२॥
वरत करै त्यागं अधिक, हरित काय दै आदि ।
लीषहू तन जो नां तजै, तौ सब किरिया वादि ॥६८३॥

अथ असत्ति वर्नन

असत्ति वृति[१] है दूसरो, झूठ न बोलहु मित ।
बचै जीव झूठी कहें, तौ बोलिये[२] निचित[३] ॥६८४॥

अचोर्य व्रत वर्नन[१]

तीजौ व्रत चोरी तजण, चोरी करहु न कोय ।
भोलौ लेषा मैं न करि, पड़ी वस्त्र तजि लोय ॥६८५॥
धरोहरि धरि मरि गयो, तिंह धन घरहि न राषि ।
अनाचार लागै सु अव, तिनकी है वहु साषि ॥६८६॥
चोरी की ल्याई वसत, लेहू न थौडं मोलि ।
राज मनाई सौं तजौ, घाटि न कवहू तोलि ॥६८७॥
भांति अधिक चोरी तणी, कौ लौ कहिये वात ।
हक्क हिसावी वाजिवी, लीजे दीजे[१] भ्रात[२] ॥६८८॥

---

६८४ : १ A विरति । २ तू बोलि । ३ A नचित ।
६८५ : १ अचोरी बर्नन ।
६८८ : १ ● दीज्ये । २ A भात ।

---

†(976-983) does not occur in B.

ब्रह्मचर्य वर्नन

ब्रह्मचर्य पर्वी विनां, निज तिय करि अनुराग।
पर[1] तिय कौ सब भांत्ति तुम, करहु सर्वथा त्याग ॥६८६॥
परणी तिय पर-कंन्यका, विधवा सधवा जांनि।
तिनतैं षोटी चेसटा, कबहु न करि मन आंनि ॥६६०॥
हस्तकर्म[1] बहुरचौ पसू, दासी[2] आदि तजेहु।
तीव्र[3] भाव अति कांम के, कबहू[4] नांहि करेहु ॥६६१॥

परिगृह वर्नन

परिगृह कौ परमांण यह, षेत्र जु भूंमि कहाय।
मंदिर सुवरण धन अधिक, धांन्य नाज कहवाय ॥६६२॥
दासी दास रु अस्व गज, लोह किरांणौं कोय।
सेज साज-जुत ढोलनी, चौकी पाटा होय ॥६६३॥
इन दस विधि कौ कीजिये, यथासक्ति परमांण।
ताहि उलंघि[1]न सोचिये[2], निज घर मांहि सुजांण ॥६६४॥
पंच अणुवृत य कहो, तिनकौं निजहू पालि।
औरनि कौ उपदेस हू, दीजे[1] सुभ जिय न्हालि ॥६६५॥
बहुरि कहे हैं वर्त सुभ, सोलह कारण मांनि।
दस लक्षण रतन त्रये, कहो करन असटांनि[1] ॥६६१॥†
इन दै आदि कहे गुरनि, ग्रंथनि[1] मांझि अनेक।
तिनकौं करिये सक्ति जुत, विधिवत धारि विवेक ॥६६२॥†

अथ[1] सप्त विसन वर्नन

सप्त विसन ये जांनियौं, जूंवां अर परनारि।
चोरी मांस सिकार मद, वेस्यां लेहु विचारि ॥६६३॥†

---

६८६ : १ परि।
६६० : १ A मांनि।
६६१ : १ हस्तकरम। २ इन दें। ३ A तीव्र। ४ सोभी।
६६४ : वलंघि। २ सांचिए।
६६५ : १ दीज्ये।
६६१† : अष्टन्हि।
६६२† : १ ग्रंथन।
६६३† : १ missing।

---

†Obviously wrong numbering.

जूवां कवहू न वेलिऐ, चौपरि आदि अनेक।
ज्वाष्यौ होड़[1] हजारड़ा, ऐहू तजौ कितेक ॥९९४॥†
वेस्यां चोरी नारि पर, ए अणुवृत कै मांहि।
तजवी भाषी सो तजौ, सीषहू दीजे नांहि ॥९९५॥†
मद दारू मन वचन तन, याकौं तजि तंहू तीक।
मादिक वस्त न षाइऐ, निज पर परै न ठीक ॥९९६॥
